www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 20 मई 2024, वर्ष-10 अंक- 40 पृष्ठ-12+4 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इस बार के लोकसभा चुनाव में खटाखट को लेकर मजेदार खटपट हो रही है। पहले पहल राहुल गांधी ने महिलाओं के खाते में हर साल 1 लाख रुपए खटाखट देने की बात की थी। इस खटाखट को भाजपा ने फटाफट लपक लिया। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस के ऊपर तीर पर तीर चलाना शुरू कर दिया खटाखट। पीएम मोदी भी खटाखट का उपयोग करते हुए दावा कर रहे हैं कि कांग्रेस के सपने टूटेंगे खटाखट। एनडीए और आईएनडीआईए के बीच जुबानी जंग में खटाखट शब्द दोनों का तकिया कलाम बन गया है। दोनों एक दूसरे पर कोड़े बरसा रहे हैं सटासट।

प्रियंका गांधी के झूठ पर सीएम साय ने दिखाया आईना, दी नसीहत

■ **मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, 70 वर्षों से झूठ बोलने की बीमारी आसानी से नहीं जाएगी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पीडीएस सिस्टम में चावल वितरण पर झूठ बोलने को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी को जमकर धोया है। प्रियंका गांधी ने अपने एक इंटरव्यू में कहा है कि छत्तीसगढ़ में जब कांग्रेस की सरकार थी तो 35 किलो राशन दिया जाता था और अब केवल पांच किलो दिया जाता है।

सीएम ने अपने सोशल मीडिया हैंडल 𝕏 पर लिखा है कि- कांग्रेस की 70 सालों से झूठ बोलने की बीमारी है, इतनी आसानी से तो जाएगी नहीं। प्रियंका जी, झूठ फैलाने से फुरसत मिल जाए तो आपकी कांग्रेस सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में किए गए 5000 करोड़ के चावल घोटाले पर भी दो शब्द कह दें।

आपकी अज्ञानता का फ़ायदा उठाकर हर बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस के नेता आप लोगों को बुद्धू बना देते हैं। पिछली बार कांग्रेसियों ने राहुल जी को कह दिया था कि कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ के हर जिले में फूड पार्क बना दिया है, उस झूठ का जवाब छत्तीसगढ़ की जनता ने आपकी पार्टी को रसातल में पहुंचा कर दे दिया।

...तो फिर आपकी फजीहत नहीं होगी

सीएम साय ने कहा और इस बार राशन के मामले में फिर आपकी पार्टी ने आपको बेवकूफबना दिया। थोड़ा पढ़-लिख लिया कीजिए कोई बयान देने से पहले। थोड़ा होमवर्क कर बयान देंगी तो बार-बार फजीहत नहीं होगी। याद रखिए, कांग्रेस की तरह हमारी सरकार गरीबों के राशन पर डाका नहीं डाल रही है बल्कि और भी अधिक सुगमता से राशन का वितरण यथावत जारी है।

हम ..ऐसे दे रहे गरीब जनता को राहत

यहां उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में पीडीएस के अंतर्गत केंद्र सरकार से मिलने वाले पांच किलो चावल के अतिरिक्त एक सदस्य वाले कार्डधारी को दस किलो, दो सदस्य वाले कार्डधारी को बीस किलो, तीन से पांच सदस्य वाले कार्डधारी को पैतीस किलो और पांच से अधिक सदस्य वाले कार्डधारी को सात किलो प्रति सदस्य निशुल्क चावल विष्णु सरकार दे रही है।

तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, तीन की गई जान

रायगढ़/नवप्रदेश। लैलूंगा थाना क्षेत्र में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। अनियंत्रित बाइक सवारों के पेड़ से टकराने पर तीन की मौके पर मौत हुई। घटना शनिवार 18 मई की देर रात की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम सुबरा निवासी खुलेश्वर पैंकरा , विजय भोय , लक्ष्मण चौहान बीती रात बाइक से शादी में शामिल होने गेरुपानी जाने के लिए निकले थे। तीनों तेज रफ्तार बाइक में खर्राटे भर रहे थे। तभी रास्ते मे ग्राम कर्राहन के पास पुलिया के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। गाड़ी की गति अधिक होने के कारण पेड़ और बाइक के बीच टक्कर जबरदस्त हुई। तीनों बाइक के अगल-बगल फेंका गए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कुएं से जहरीली गैस के रिसाव से एक की मौत, एक गंभीर

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बुंदेली गांव में एक कुएं में जहरीली गैस के रिसाव से एक सफाईकर्मी की मौत हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रूप से बीमार है। कुएं में सफाई के दौरान बेहोशी की हालत में पानी में डूबने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे युवक को कुएं से निकालकर अस्पताल ले जाया गया। मामला रजगामार पुलिस चौकी क्षेत्र के बुंदेली गांव की है। घटना की सूचना पर डायल 112 और संजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। नगर सेना की रेस्क्यू टीम ने दोनों युवकों को बाहर निकाला।

शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस पर गिरा पोल, 6 यात्री घायल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में रविवार सुबह मुंबई-हावड़ा मार्ग पर रायपुर-उकुरा के बीच उस वक्त बड़ा हादसा टल गया जब शालीमार कुर्ला एक्सप्रेस पर ट्रैक किनारे मौजूद एक पोल जा गिरा जिससे कम से कम छह यात्री घायल हो गये। जब यह हादसा हुआ उस दौरान ट्रेन चल रही थी। सभी घायलों का इलाज किया जा रहा हैं। रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने इस पूरे घटना के जांच के निर्देश दे दिए हैं। घटना में घायल हुए लोगों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही हैं। घायलों में दो लोग पश्चिम बंगाल के, एक छत्तीसगढ़ और एक रेलवे का स्टाफ शामिल हैं। इनमें सोमिल मंडल, पश्चिम बंगाल (30), नारायण बाग, पश्चिम बंगाल, रेलवे सफाईकर्मी (30) और देवारी धीवर, जैजैपुर (30) को हॉस्पिटलाइज किया गया है।

गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने दंपति को रौंदा

हरदोई, (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मौलागंज बस अड्डे के पास रविवार दोपहर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दंपत्ति की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज दोपहर करीब दो बजे गैस सिलेंडर लदे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को रौंद दिया जिससे पत्नी की मौके पर मौत हो गई जबकि पति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ट्रक में फंसकर बाइक करीब 25 मीटर तक घिसटती चली गई। मृतक लखीमपुर जनपद के थाना मोहम्मदी क्षेत्र के बताए गए हैं। उन्होने बताया कि लखीमपुर जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के रंदौली निवासी राजेंद्र प्रसाद (40) अपनी पत्नी रामवती (35) को लेकर बाइक से अपने रिश्तेदारी में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोकसभा चुनाव : पांचवे चरण का रण आज, मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक

राजनाथ, राहुल, स्मृति, उमर, चिराग, पीयूष, निरंजन, कौशल, डॉ. प्रवीण, रोहिणी की प्रतिष्ठा दांव पर



■ **8 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का होगा फैसला**

■ **ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिए 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवार**

नई दिल्ली, (वार्ता)। लोक सभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को 8 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 49 संसदीय सीटों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर सोमवार को सुचारु रूप से मतदान कराने के लिये आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

चुनाव आयोग ने रविवार को एक विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जायेगा और कुछ मतदान केन्द्रों में मतदान समाप्त होने की समय सीमा में परिवर्तन हो सकता है।

इस चरण में 49 लोकसभा सीटों पर 695 उम्मीदवारों और ओडिशा विधानसभा के दूसरे चरण के लिये 35 सीटों पर उतरे 265 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में से पहले चरण में 13 मई को 28 सीटों पर मतदान हो चुका है।

गड़बड़ियां रोकने ..ऐसी है व्यवस्था

आयोग ने कहा है कि मतदान और सुरक्षा अधिकारियों को पहुंचाने के लिये 17 विशेष रेलगाड़ियां और 508 हेलीकॉप्टर उड़ानें संचालित की गयी हैं। मतदाताओं को किसी भी प्रकार के प्रलोभन देने से सख्ती से और तेजी से निपटने के लिये कुल 2000 उड़न दस्ते, 2105 स्टेटिक निगरानी टीमें, 881 वीडियो निगरानी टीमें और 502 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार पांचवें चरण के लिये 85 वर्ष से अधिक उम्र के 7.81 लाख से अधिक पंजीकृत और 7.03 लाख दिव्यांग और सौ साल से अधिक उम्र के 24,792 मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से आराम से मतदान करने का विकल्प प्रदान किया गया है।

इन सीटों पर होने हैं चुनाव

पांचवें चरण में जिन 8 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के संसदीय सीटों के लिये मतदान होगा, उनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा और बिहार की पांच-पांच, झारखंड की तीन और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की एक-एक सीट है।

8.95 करोड़ मतदाताओं के लिए 94732 मतदान केंद्र

आयोग की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार आठ राज्य/केंद्र-शासित प्रदेशों की कुल 49 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 8.95 करोड़ मतदाता 94,732 मतदान केंद्रों पर वोट डाल कर 695 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला तय कर सकेंगे। इनमें 4.69 करोड़ पुरुष तथा 4.26 करोड़ महिला और 5409 उभयलिंगी मतदाता अपने मताधिकार शामिल हैं। इस चरण की 49 संसदीय सीटों में सामान्य श्रेणी की 39, अनुसूचित जनजाति तीन और अनुसूचित जाति की सात सीटें हैं। ओडिशा विधानसभा की 35 सीटों में सामान्य श्रेणी की 21, अनुसूचित जनजाति के लिये आठ और अनुसूचित जाति की छह सीटें हैं।

चुनाव आयोग ने मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिये मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हवा में विमान और इंजन में लग गई आग

इमरजेंसी लैंडिंग में 179 पैसेंजर्स की बची जान

बेंगलुरु (ए.)। बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार को बेंगलुरु से कोच्चि के लिए उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान के इंजन में आग लग गई। इसके बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसमें सवार 179 यात्रियों को सकुशल बाहर निकाला गया।

देर रात हुई इस दुर्घटना पर बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने बयान जारी कर कहा कि फ्लाइट IX 1132 के एक इंजन में आग की खबर के बाद रात 11.12 बजे इसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एक फुल स्केल इमरजेंसी घोषित कर दिया गया। लैंडिंग के बाद आग को तुरंत बुझा लिया गया। सभी 179 पैसेंजर्स और 6 क्रू मेम्बर्स को सफलतापूर्वक प्लेन से बाहर निकाल लिया गया। बता दें कि BIAL बेंगलुरु केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को मैनेज करता है।

इलाज के दौरान पुलिस हिरासत से नक्सली फरार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में रविवार को यहां एक नक्सली पुलिस की हिरासत से फरार हो गया। आज उसे इलाज के लिए दंतेवाड़ा अस्पताल लाया गया था। इसके बाद प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार दंतेवाड़ा पुलिस ने चार दिन पहले नक्सली को गिरफ्तार किया था। रविवार को तबीयत बिगड़ने के बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। इसी दौरान उसने प्रहरी को कहा कि उसे बाथरूम जाना है। गिरफ्तार नक्सली ने पुलिस को चकमा दे अस्पताल से फरार हो गया। नक्सली के फरार होने के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई है। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक ने नक्सली के फरार होने की पुष्टि की है।

सेवा संस्थाओं को धमकी.. पीएम मोदी ने कहा ममता को माफ नहीं करेंगे देशवासी

पुरुलिया, (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ को धमकी देने के लिए रविवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर हमला करते हुए कहा कि देशवासी तृणमूल कांग्रेस (एमए) नेता को उनकी खुली चेतावनी के लिए माफ नहीं करेंगे क्योंकि ये संस्थाएं मानवता के प्रति अपनी सेवाओं के लिए दुनिया भर में जानी जाती हैं।

पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी नेता को क्या हुआ? उनकी तुष्टिकरण की नीति इतनी निचले स्तर पर आ गई है कि गुरु प्रभुपाद द्वारा स्थापित इस्कॉन, स्वामी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सेवाओं और नैतिकता के लिए जानी जाती हैं ये संस्थाएं

उन्होंने कहा, आज इस्कॉन, राम कृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ देश और दुनिया में अपनी सेवाओं और नैतिकता के लिए जाने जाते हैं। लेकिन आज बंगाल की मुख्यमंत्री उन्हें खुलेआम धमकी दे रही हैं... खुले मंच से चेतावनी दे रही हैं। इन मिशनों से दुनिया भर में लाखों अनुयायी जुड़े हुए हैं और इनका उद्देश्य सिर्फ और सिर्फ लोगों की सेवा करना है। लेकिन बंगाल सरकार ने उन पर उंगली उठायी है, उनका नाम लेकर धमकी दी है। इतना साहस, सिर्फ अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए। उन्हें खुश करने के लिए टीएमसी इतने निचले स्तर तक गिर गयी है।

कांग्रेस की गारंटी है हर व्यक्ति की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा का कवच : खड़गे

■ **कांग्रेस के घोषणा पत्र में है 5 न्याय और 25 गारंटी**

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में जो पांच न्याय और 25 गारंटी देश के नागरिकों को देने की बात कही है उसमें सबके लिए सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा का मजबूत कवच मौजूद है। खड़गे ने एक बयान में आज कहा कि कांग्रेस के 5 न्याय और 25 गारंटी का एजेंडा भारत के प्रत्येक नागरिक को आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा का मजबूत कवच प्रदान करता है।

उन्होंने कहा कांग्रेस का प्रण है कि आने वाली सरकार 30 लाख सरकारी पद भरकर न सिर्फ युवाओं का भविष्य सुरक्षित करेगी बल्कि एक दशक से लंबित एससी, एसटी, ओबीसी, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अब महिला को गहने गिरवी रखने नहीं पड़ेंगे

खड़गे ने कहा महालक्ष्मी गारंटी के तहत गरीब महिलाओं को प्रति माह 8500 उनके खाते में सीधा ट्रांसफर किया जाएगा जिससे वो बढ़ती महँगाई का मुक़ाबला कर सकें और कुछ पैसे जुटा कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें। अब 25 लाख रुपए का मुफ़्त इलाज किसी भी महिला को अपने गहने गिरवी रखने पर मजबूर नहीं करेगा।

केवल 'आप' देगी भाजपा को चुनौती इसलिए हमें खत्म करना चाहते हैं मोदी : केजरीवाल

नई दिल्ली, (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनकी पार्टी चुनौती बन सकती है इसलिए वह 'आप' को ख़त्म करना चहते हैं। केजरीवाल ने पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय तक मार्च निकालने की कोशिश की, लेकिन पुलिस के भारी सुरक्षा बंदोबस्त की वजह से वह 'आप' मुख्यालय से आगे नहीं बढ़ पाए।

उन्होंने मार्च निकालने से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री मोदी और भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कुचलने के लिए 'ऑपरेशन झाड़ू' शुरू किया है। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी बहुत तेज़ी से बढ़ रही है।

...यही बात पीएम और भाजपा से देखी नहीं गई

उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी केवल एक पार्टी नहीं, बल्कि एक विचारधारा है। हमने दिल्ली और पंजाब में ऐसे काम किए हैं, जो 75 वर्षों में नहीं हुए थे। आम आदमी के सपने हमने पूरे किए हैं। सरकारी स्कूल और अस्पतालों को अच्छा कर दिया। हमने बिजली-पानी मुफ़्त कर दिया और अब महिलाओं को प्रत्येक महीने 1000 रुपए देने जा रहे हैं।

गरमा-गरम

सियासी आपा-धापी... कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैली में समर्थकों में इतना उत्साह कि भगदड़ की स्थिति बनी

राहुल-अखिलेश की सभा में हंगामा, दोनों छोड़ गए मंच

प्रयागराज, (वार्ता) फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव हंगामा के चलते मंच छोड़ कर चले गये।

दरअसल, फूलपुर में रविवार को कांग्रेस और सपा की संयुक्त रैली थी जिसे दोनो ही दलों के शीर्ष नेताओं को संबोधित करना था, मगर कार्यकर्ताओं का उत्साह इस कदर परवान चढ़ा कि भीड़ बेकाबू हो गयी। अखिलेश ने अपने समर्थकों को शांत रहने की अपील की जिसे नजरअंदाज कर दिया गया और नाराज राहुल गांधी और अखिलेश यादव मंच छोड़कर चले गए।

सपा और कांग्रेस गठबंधन में फूलपुर की सीट सपा के खाते में है जबकि प्रयागराज की सीट कांग्रेस के पास है।रविवार को सपा प्रत्याशी अमरनाथ यादव के लिए प्रचार करने के लिए फूलपुर संसदीय क्षेत्र के पडिला में संयुक्त सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। मंच पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव के पहुंचने के साथ भीड़ बेकाबू हो गयी। दोनो नेताओं ने समर्थकों से शांत रहने की अपील की, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी।

दोनों नेताओं की समर्थकों ने नहीं सुनी तो यह देखकर अखिलेश नाराज हो गए। अखिलेश उठे और मंच से जाने लगे। मंच पर मौजूद नेताओं ने अखिलेश को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह इतना नाराज हो गए कि मंच के पीछे बने हैलिपेड की तरफचल पड़े। अखिलेश के साथ राहुल भी मंच से उतर आए। दोनों नेता रैली को संबोधित किए बिना ही मंच छोड़कर हेलिकॉप्टर से रवाना हो गए।

भीड़ हुई बेकाबू

करीब 15 मिनट तक भीड़ बेकाबू रही। उन्होंने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया। मंच की तरफबढ़ने लगे। पुलिस ने भीड़ को रोकने की कोशिश की तो उनके साथ धक्का-मुक्की भी गयी। भीड़ मंच पर चढ़ गयी और मंच भी टूट गया। वहां पर रखी चीजें अस्त-व्यस्त हो गयी। भीड़ में कई समर्थक चोटिल हो गए। कई पत्रकारों के केमरे, मोबाइल और अन्य सामान भी भीड में टूट गए।

समाजवादी पार्टी के महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि सपा की भारी भीड़ देखकर भाजपा में खलबली मच गयी। भाजपा के साजिश के कारण प्रशासन ने सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था नहीं किया था। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो धक्का-मुक्की की। कई समर्थक चोटिल हो गए।

लोकसभा चुनाव : 5वें फेज की होगी वोटिंग, रायबरेली और अमेठी पर सबकी नजर

मुंबई/लखनऊ। छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 लोकसभा सीट पर 20 मई को पांचवें चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान शनिवार की शाम समाप्त हो गया. इस चरण में दो 'हाई प्रोफाइल' सीट रायबरेली और अमेठी में भी मतदान होगा, जहां से क्रमशः कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मैदान में हैं.

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में 22 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं. इस सीट से पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी चुनाव लड़ रहे हैं और उन्होंने चुनाव प्रचार के आखिरी दिन मध्य कश्मीर के सोइबग गांव में रोड शो किया. पूरे देश में तापमान बढ़ गया है, लेकिन चुनाव प्रचार की गर्मी में कोई कमी नहीं आई है.

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा था कि उसे उम्मीद है कि स्टार प्रचारक, विशेषकर राष्ट्रीय दलों के, लोकसभा चुनाव के शेष तीन चरणों में एक उदाहरण पेश करेंगे और समाज के ताने-बाने को खराब नहीं करेंगे.

पांचवें चरण में जिन सीट पर मतदान होगा उनमें से 40 से अधिक सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के पास थी. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य नेताओं ने तुष्टीकरण, वंशवादी राजनीति, राम मंदिर, संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए), भ्रष्टाचार और उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के मुद्दों पर जोर दिया.

प्रचार के दौरान मोदी ने दावा किया, यदि समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस सत्ता में आये तो वे रामलला को वापस तंबू में भेज देंगे और मंदिर पर बुलडोजर चला देंगे. उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि विपक्ष निरस्त किये जा चुके अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहता है.

कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों ने भाजपा पर अपनी हिंदू-मुस्लिम राजनीति के जरिये मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने और बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित नहीं करने का आरोप लगाया. वे आरक्षण और संविधान की रक्षा के मुद्दों पर भी आक्रामक रहे.

सोमवार को महाराष्ट्र की 13, उत्तर प्रदेश की 14, पश्चिम बंगाल की सात, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, ओडिशा की पांच और जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख की एक-एक सीट पर मतदान होगा. ओडिशा के 35 विधानसभा क्षेत्रों में भी प्रचार अभियान समाप्त हो गया है, जहां बीजद अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री नवीन पटनायक उम्मीदवारों में शामिल हैं.

केरल के वायनाड से चुनाव लड़ने वाले राहुल गांधी, नेहरू-गांधी परिवार के गढ़ रायबरेली से भी चुनाव लड़ रहे हैं, जिसका प्रतिनिधित्व उनकी मां सोनिया गांधी 2004 से कर रही थीं. भाजपा ने उत्तर प्रदेश के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को इस सीट से मैदान में उतारा है. अमेठी में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी चुनाव मैदान में हैं, जबकि गांधी परिवार के करीबी केएल शर्मा को कांग्रेस ने चुनाव मैदान में उतारा है. वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी में ईरानी ने राहुल गांधी को हराया था.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का रविदास मेहरोत्र से मुकाबला

लखनऊ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चौथे कार्यकाल पर नजर हैं. उनका मुकाबला सपा के मौजूदा विधायक (लखनऊ मध्य से) रविदास मेहरोत्रा से है. उत्तर प्रदेश में इस चरण में 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों मोहनलालगंज (आरक्षित), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (आरक्षित), झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी (आरक्षित), बाराबंकी (आरक्षित), फैजाबाद, कैसरगंज, गोंडा में मतदान होगा.

बिहार की पांच लोकसभा सीट सारण, मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, सीतामढ़ी और मधुबनी में भी सोमवार को मतदान होगा, जिसमें 80 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा. राजग की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाजीपुर, सारण और मुजफ्फरपुर में रैलियां कीं. हाजीपुर से चिराग पासवान चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं बाकी दो सीट पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मैदान में हैं.

सारण में पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी का मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य से है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रूडी के पक्ष में प्रचार किया है.

उत्तरी महाराष्ट्र और मुंबई महानगर क्षेत्र के 13 लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार अभियान शनिवार शाम छह बजे समाप्त हो गया. इस चरण में 2.46 करोड़ नागरिक 264 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला करने के लिए मतदान करने के पात्र हैं।

पांचवें चरण में अन्य प्रमुख उम्मीदवार

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में अन्य प्रमुख उम्मीदवारों में कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं जिनमें राजनाथ सिंह (लखनऊ, उत्तर प्रदेश), पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर, महाराष्ट्र), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर, उप्र) और शांतनु ठाकुर (बनगांव, पश्चिम बंगाल), लोजपा (रामविलास) के नेता चिराग पासवान (हाजीपुर, बिहार), शिवसेना के श्रीकांत शिंदे (कल्याण, महाराष्ट्र) और भाजपा के राजीव प्रताप रूडी तथा राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य (दोनों सारण, बिहार) इसी प्रकार केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर-मोहनलालगंज, केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा-जालौन, केंद्रीय मंत्री साध्?वी निरंजन ज्योति और सांसद लल्लू सिंह-फैजाबाद लोकसभा सीट से चुनावी मुकाबले में हैं।

पीएम मोदी बोले-कांग्रेस ने 2014 में वोट-जिहाद करने वालों से किया था समझौता

कांग्रेस ने 123 बेशकीमती संपत्तियां रातों-रात वक्फ बोर्ड को सौंप दी : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तुष?टीकरण को लेकर कांग्रेस पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा है कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी) लोगों की संपत्ति का आधा हिस्सा छीनकर अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं. उन्होंने कांग्रेस पर पहले भी इस तरह का काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 में लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के समय वोट पाने के लिए मनमोहन सिंह की रिमोट कंट्रोल वाली सरकार, जिसे सोनिया गांधी पीछे से चलाती थीं, ने वोट बैंक के लिए वोट-जिहाद करने वालों से समझौता कर दिल्ली की बेशकीमती 123 संपत्तियों को रातों-रात वक्फ बोर्ड को सौंप दिया था, ताकि इनका वोट बैंक खुश होकर इन्हें वोट दें। पीएम मोदी ने कहा कि ये संपत्तियां प्रमुख स्थानों पर फैली हुई थीं, जहां एक गज जमीन की कीमत कई लाख रुपये है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अवसरवादी विपक्षी गठबंधन अपनी तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हिंसा भड़का सकता है. प्रधानमंत्री मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के बाद 2020 में हुए दिल्ली दंगों के लिए उन्हें (विपक्ष को) दोषी ठहराया और कहा कि पड़ोसी देशों में सताए गए अधिकतर दलितों समेत कई लोगों को हाल ही में सीएए के तहत नागरिकता प्रदान की गई थी. उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन धार्मिक आधार पर आरक्षण, अनुच्छेद 370 की बहाली और भारत के परमाणु बमों के उन्मूलन का समर्थन करता है. मौजूदा लोकसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्वी दिल्ली में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने शहर में कांग्रेस-आप गठबंधन को अवसरवादी बताया और कहा, दुनिया देख रही है कि एक भ्रष्ट पार्टी, दूसरी भ्रष्ट पार्टी को कैसे बचा रही है. पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि अगर उनका कोई वारिस है तो वह 140 करोड़ भारतीय हैं, जिनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्होंने खुद को समर्पित कर दिया है. प्रधानमंत्री ने कहा कि उनका हर पल देश के लिए है और उनका जीवन अपने नागरिकों के सपनों को साकार करने के लिए समर्पित है. पीएम मोदी ने किसी क नाम नहीं लिया, लेकिन उनकी टिप्पणी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बार-बार किए गए उन दावों के बीच आई है कि प्रधानमंत्री अगले साल 75 वर्ष के होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह को पद सौंप देंगे।

ओडिशा में बीजेपी को छठी जीत की आस, भाजपा के डिफेंडर से मुकाबला

■ **दिलीप के लिए सियासी चौसर बड़ी चुनौती**

भुवनेश्वर। ओडिशा की सुंदरगढ़ लोकसभा सीट पर मुकाबला दिलचस्प दिख रहा है। भाजपा ने यहां से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री जुएल उरांव को उतारा है। उनके सामने चार बार ओलंपिक खेलों का प्रतिनिधित्व कर चुके हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप तिर्की दूसरी बार बीजद उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में हैं।

हॉकी के मैदान में देश के लिए गोल बचाने वाले डिफेंडर दिलीप चुनावी मैदान में अटैकर नजर आ रहे हैं। उनके पास हॉकी के मैदान का लंबा अनुभव है, तो उरांव राजनीतिक मैदान के माहिर खिलाड़ी हैं। दिलीप ने 2014 के चुनाव में ओरांव को कड़ी टक्कर दी थी। राज्यसभा पहुंच चुके दिलीप भी अब सियासी दांव-पेच सीखकर आए हैं। सुंदरगढ़ आदिवासियों की घनी आबादी वाला इलाका है। राज्य में भले ही 25 वर्ष से क्षेत्रीय दल बीजद की सरकार रही हो, लेकिन सुंदरगढ़ के मतदाताओं ने हमेशा अपना सांसद राष्ट्रीय पार्टी से ही चुना है। एक समय इस सीट पर लोगों ने सर्वाधिक सात बार कांग्रेस को चुना। भाजपा के जुएल उरांव पांच बार सांसद बने। 2019 में बीजद यहां से विधानसभा चुनाव में दो विधायक जिताकर लाया, लेकिन कभी लोकसभा चुनाव नहीं जीत सका। 1996 तक मौजूदगी दर्ज कराने वाली कांग्रेस 1998, 1999 व 2004 में उरांव से हार गई। 2009 में कांग्रेस उरांव को हराकर लौटी जरूर, लेकिन 2014 व 2019 में फिर जीत उरांव को ही मिली।

पहले कड़ी टक्कर दे चुके दिलीप

10 साल बाद फिर भाजपा के उरांव और बीजद के दिलीप के बीच सीधा मुकाबला दिख रहा है। उरांव के पास आदिवासियों को बताने के लिए केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां हैं, जबकि दिलीप के पास दिखाने के लिए नवीन पटनायक सरकार के काम हैं।

उरांव 2019 का चुनाव करीब दो लाख वोटों से जीते थे, लेकिन 2014 में जब उनके सामने दिलीप थे, तो जीत का अंतर 19 हजार मतों का ही था। उरांव 1998 में पहली बार जब भाजपा से सांसद चुने गए तब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने पहली बार आदिवासी मामलों का मंत्रालय गठित कर उसकी जिम्मेदारी उरांव का सौंपी थी। उरांव को मोदी सरकार में भी मंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।

लोकसभा वॉचिंग टाइम

कोर वोटर को पाले में खींचने के लिए सगी बहनें आमने-सामने...

कौशांबी। कौशाम्बी संसदीय सीट पर अपना दल के कोर वोट को लेकर दो सगी बहनें आमने-सामने आ गई हैं। पीडीए संयोजक व सिराथू विधायक डॉ. पल्लवी पटेल ने तो खुद अपना प्रत्याशी उतारकर जिले में डेरा डाल दिया है। जबकि, उनकी छोटी बहन अपना दल (एस) की नेता व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल एनडीए गठबंधन प्रत्याशी विनोद सोनकर के समर्थन में चुनावी सभा संबोधित करने आईं। अपना दल संस्थापक स्व. सोनेलाल पटेल की बड़ी बेटी पल्लवी पटेल और छोटी अनुप्रिया पटेल के बीच पड़ी दरार जगजाहिर है। पिता की सियासी विरासत को लेकर दोनों बहनों के बीच दूरियां चुनाव-दर-चुनाव बढ़ती ही जा रही हैं।

खास बात ये है कि दोनों बहनों के बीच चल रही सियासी जंग का अखाड़ा कौशाम्बी बना हुआ है। दरअसल, जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर एक लाख से ज्यादा कुर्मी वोटर हैं। यह बिरादरी अपना दल के कोर वोटरों में गिनी जाती है। दोनों बहनों की इस पर निगाह है। इसी के चलते वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में अपना दल (कमेरावादी) की वरिष्ठ नेता पल्लवी ने खुद सपा के टिकट से चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में वह भाजपा-एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी केशव प्रसाद मौर्य को शिकस्त देकर विधायक बनने में कामयाब हुई थीं। जबकि, भाजपा-एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी केशव के समर्थन में अनुप्रिया ने कई जनसभाएं कर बड़ी बहन की मंच से मुखालफत भी की थी। इतना ही नहीं, उनके पति आशीष पटेल ने जिले में डेरा डालकर घर-घर जनसंपर्क किया था। इसके बावजूद बिरादरी के 90 फीसदी लोगों ने अनुप्रिया को दरकिनार कर पल्लवी का साथ दिया था। हालांकि, उस वक्त की परस्थितियां अलग थीं। इससे उत्साहित पल्लवी ने लोकसभा चुनाव में सपा से अलग होकर अपनी राहें जुदा कर लीं। उन्होंने अपनी पार्टी अपना दल (कमेरावादी) व असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम से मिलकर पीडीएम (पिछड़ा-दलित-मुस्लिम) गठबंधन बना लिया है। पीडीएम संयोजक पल्लवी ने कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में पीडीएम गठबंधन से अद (कमेरावादी) का प्रत्याशी उतार दिया। गठबंधन उम्मीदवार नरेंद्र के लिए पीडएम संयोजक ने खुद कई दिन से कौशाम्बी में डेरा डाल रखा है। एआईएमआईएम अध्यक्ष ओवैसी ने भी शुक्रवार को करारी में चुनावी सभा की। वहीं, दूसरी तरफपल्लवी की छोटी बहन अनुप्रिया पटेल भी उनके विस क्षेत्र सिराथू के कल्यानपुर में शनिवार को भाजपा-एनडीए गठबंधन उम्मीदवार विनोद सोनकर के समर्थन में चुनावी सभा संबोधित कर कुर्मी मतों को पक्ष में लाने की कोशिश की।

उत्तर में रहेंगे मजबूत, दक्षिण में दिखाएंगे दमः नड्डा

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच जेपी नड्डा ने कहा है कि भाजपा उत्तर भारत में 2019 के चुनाव की तरह इस बार भी अपनी लोकसभा सीटें बरकरार रखेगी जबकि दक्षिण भारत में कांग्रेस पर बढ़त बनाएगी। दरअसल, नड्डा ने विपक्षी दलों द्वारा भाजपा पर किए गए तंज 'दक्षिण में साफ और उत्तर में हाफ' का जवाब दिया है।

दावा- दक्षिण में जीत का परचम लहराएगी भाजपा

एक साक्षात्कार में नड्डा ने कहा कि भाजपा ओडिशा विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करेगी और आंध्र प्रदेश में अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार बनाएगी। बता दें कि आंध्र प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी) और जन सेना पार्टी (जेएसपी) के साथ गठबंधन किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा उत्तर भारत में 2019 की तरह प्रदर्शन करेगी। भाजपा अध्यक्ष के अनुसार 'हम मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हिमाचल, जम्मू, हरियाणा और दिल्ली में अपनी जीत को बरकरार रखेंगे।' नड्डा ने कहा कि आंध्र प्रदेश में भाजपा और टीडीपी मिलकर सबसे ज्यादा सीटें हासिल करेंगी। इसके अलावा तेलंगाना में पिछली बार से अधिक सीटें हासिल होंगी। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु में भाजपा को अच्छी शुरुआत मिलेगी। भाजपा अध्यक्ष के अनुसार 'हम इस बार केरल में भी अपना खाता खोलेंगे और कर्नाटक में भी अपनी जीत को बरकरार रखेंगे।' बता दें कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कर्नाटक में 25 सीटों पर जीत हासिल की थी। जेपी नड्डा ने इस बात पर भी जोर दिया कि दक्षिण भारत में भाजपा कांग्रेस को पीछे छोड़ देगी।

ममता पर साधा निशाना

भाजपा अध्यक्ष से सवाल पूछा गया कि क्या पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को उनसे और गृहमंत्री अमित शाह से परेशानी है? इसके जवाब में नड्डा ने कहा 'ममता बनर्जी को हर किसी से परेशानी है, इस बार तृणमूल कांग्रेस प्रमुख को एहसास हो गया है कि बंगाल उनके हाथ से निकल रहा है। हम बंगाल में अच्छी संख्या में सीटें जीतेंगे, जबकि टीएमसी को कम सीटें मिलेंगी।' भाजपा अध्यक्ष में संदेशखाली की घटना के बाद ममता बनर्जी की खामोशी पर भी सवाल उठाए। जेपी नड्डा ने कहा 'पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने वोट बैंक के लिए देश के साथ समझौता किया। टीएमसी घुसपैठियों को आश्रय दे रही है। घुसपैठियों को आईडी कार्ड और राशन कार्ड देकर मतदाता बनाया जा रहा है। यह स्पष्ट रूप से राष्ट्र विरोधी गतिविधि है।

मुल्ला बनाने वाली दुकानें करेंगे बंद: सरमा

■ **बोले- चार शादियों का कारोबार...**

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 में चार चरणों की वोटिंग हो चुकी है. पांचवें चरण का मतदान सोमवार को होगा. राजनीतिक पार्टियां अपने प्रचार में जुटी हुई हैं. शनिवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा बिहार के सीवान में थे. इस दौरान उन्होंने यह बताया कि NDA अगर 400 सीटों के साथ सत्ता में आती है तो क्या-क्या होगा।

हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि अगर एनडीए 400 सीटों के साथ सत्ता में लौटता है, तो वह समान नागरिक संहिता लाएगा और चार बार शादी करने के कारोबार÷ को समाप्त कर देगा. उन्होंने मदरसों की ओर इशारा करते हुए यह भी कहा कि 'हम मुल्ला पैदा करने वाली दुकानें बंद कर देंगे' और मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे।

समान नागरिक संहिता आएगी- हिमंत बिस्व सरमा

अपने संबोधन में उन्होंने आगे कहा कि पीएम मोदी को 400 सीटें दीजिए, समान नागरिक संहिता आएगी और हम चार शादी करने का दुकान का यह धंधा बंद कर देंगेज ठीक वैसे ही जैसे हमने खत्म किया था.' हिमंत बिस्व सरमा ने अपने संबोधन में आगे कहा कि 'देश बदल गया हैज जब मैं तीन साल पहले असम में पहली बार मुख्यमंत्री बना, तो एक अधिकारी मेरे पास एक फाइल लेकर मेरे हस्ताक्षर मांगने आये. यह मदरसा शिक्षकों के वेतन के बारे में था. मैंने पूछा, ये मदरसा क्या है? वह जहां मुल्ला बनते हैं? मैंने कहा, हमारा पैसा आप मुल्ला पैदा करने वाली दुकान को देंगे, ये कैसे हो सकता है? आज से यह दुकान बंद करोज आज, असम में, हमने 700 मदरसों को बंद कर दिया है. किसी की आवाज उठाने की हिम्मत नहीं हुई।

चतरा में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला, किसका चलेगा जादू?

रांची। चतरा लोकसभा चुनाव के मैदान में एक बार फिर बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला होने जा रहा है. यहां से भारतीय जनता पार्टी ने कालीचरण सिंह के रूप में नए चेहरे को मौका दिया है, तो कांग्रेस ने पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी पर दांव आजमाया है. 1999 में चतरा से राष्ट्रीय जनता दल- आरजेडी सांसद बने नागमणि इस बार बसपा के टिकट पर किस्मत आजमा रहे हैं. अब फैसला चतरा की जनता के हाथ में है.

झारखंड की सबसे छोटी चतरा लोकसभा सीट में 5 विधानसभा आती हैं. इसमें से सिमरिया और पांकी पर बीजेपी, चतरा पर आरजेडी, मनिका पर कांग्रेस और लातेहार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा- जेएमएम का कब्जा है. यानी 5 विधानसभा सीटों में से 2 पर बीजेपी और 3 सीटों पर महागठबंधन के विधायक हैं. चतरा लोकसभा सीट से सबसे ज्यादा 4 बार बीजेपी, 3 बार कांग्रेस और 2 बार आरजेडी जीती है. 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार सुनील सिंह को 5,28,077 यानी 57 फीसदी वोट मिले थे. उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के मनोज यादव सिर्फ 1,50,206 यानी 16.2 फीसदी वोट ही ला सके थे. इस चुनाव में बीजेपी और कांग्रेस के बीच वोट प्रतिशत का अंतर तीन गुना से ज्यादा रहा था. उस समय फ्रैंडली फाइट करने के लिए आरजेडी उम्मीदवार सुभाष यादव भी मैदान में कूदे थे. पर उन्हें सिर्फ 9 फीसदी वोट मिले. 2019 के चुनाव में चतरा लोकसभा सीट से 26 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे. इनमें से 18 उम्मीदवारों को नोटा से भी कम वोट मिले। इस बार के लोकसभा चुनाव में 22 उम्मीदवार मैदान में हैं. चतरा में बीजेपी को 2014 में 41 और 2019 में 57 फीसदी वोट मिले थे. जो चतरा लोकसभा के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी जीत के तौर पर दर्ज है. चतरा में 28 फीसदी अनुसूचित जाति, 19 फीसदी आदिवासी और 13 फीसदी मुस्लिम वोटर हैं. इसके अलावा कुशवाहा और यादव जाति के वोटर भी बड़ी तादाद में है. कांग्रेस 19 फीसदी आदिवासी, 13 फीसदी मुस्लिम के साथ-साथ यादव और कुशवाहा मतों के जरिए जीत की राह देख रही है. चतरा के मूल निवासी कालीचरण सिंह को टिकट मिलने से बीजेपी कार्यकर्ताओं की नाराजगी तो दूर हुई. पर चतरा से सुनील सिंह के साथ धनबाद से पीएन सिंह जैसे 2 राजपूत नेताओं का टिकट कटने से राजपूत समाज खफा हो गया. क्योंकि इन दोनों सीटों पर उम्मीदवार बदलने के साथ ही झारखंड की 14 सीट पर बीजेपी की ओर से राजपूत समाज का प्रतिनिधित्व शून्य हो गया।

बीजेपी ने क्यों बदला चेहरा?

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 और 2019 में लगातार 2 बार चतरा से पार्टी सांसद रहे सुनील सिंह का टिकट काट कर कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया. सुनील सिंह के रवैये से बीजेपी कार्यकर्ता बेहद नाराज थे. कई चुनावी सभाओं में उनके खिलाफ खुलआम नारेबाजी हुई थी. बीजेपी कार्यकर्ताओं के विरोध और पार्टी के सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर सुनील सिंह का पत्ता कट गया. बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के करीबी और प्रदेश उपाध्यक्ष कालीचरण सिंह को उम्मीदवार बनाया गया. उन्हें पार्टी और संगठन में काम करने का लंबा अनुभव रहा है।

बातों...बातों...में...! साप्ताहिक स्तंभ...सुकांत राजपूत

नौकरशाहों की लालफीताशाही

सत्ता बदल गई लेकिन व्यवस्था अब भी अफसरशाहों के कृपण हाथों में ही है। आलम यह है कि शासन से अनुमति मिलने के बाद भी निगम ने उपयोग किये गए खाद्य तेलों

की खरीदी शुरू नहीं की है। बता दें कि साय सरकार ने बाकायदा आदेश जारी कर दिया था कि होटलों, ठेले और खोमचों में यूज़्ड फूड ऑयल को निगम को खरीदना है। इस दूरदर्शी और जनस्वास्थ्य के हितार्थ होटलों में उपयोग किये जा चुके जले तेलों के लिए सरकारी दरें भी तय की जा चुकी हैं। प्रति लीटर 27 रुपये में निगम को होटल, ठेलों, खोमचों से इसे खरीदकर बायोडीजल का विकल्प बनाने की योजना है। बातों ही बातों में एक अफसर के मुंह से निकल गया कि बार-बार बड़ा, भजिया और नॉन वेज तलने के लिए उपयोग करने वाले जले तेल से कई असाध्य बीमारी का खतरा रहता है। स्वास्थ्यगत कारणों के अलावा इस जले तेल का उपयोग करके गाड़ियां चलाने की महती योजना है, लेकिन आदेश के बाद भी प्रदेश के एक भी नगरीय निकायों ने खरीदी तो दूर इस संबंध में कोई पुख्ता कार्रवाई भी नहीं किये हैं। अब तो लगने लगा है अब भी नया मंत्रालय और विभागों में तत्कालीन मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल-रायपुर के बीच का फासला बरक़रार है।

कोल्डड्रिंक में पेस्ट्रेसाइट्स

दरअसल मामला है देश में खासकर युवाओं में कोल्डड्रिंक की लत का। बदलती लाइफस्टाइल और देश में मधुमेह के रोगियों की संख्या में भी कोल्डड्रिंक फैशन का असर पड़ने

लगा है। बातों ही बातों में एक अदद जानकार कांग्रेसी ने बताया कि तात्कालीन सेंट्रल फूड मिनिस्टर शरद पवार ने एक खबर के खुलासे के बाद कोल्डड्रिंक से खतरे को भांपते हुए बैन का फैसला लिया था। हालांकि खुद को जनसेवक जताने वालों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार के दबाव में इसे देश की गरीब जनता से ज्यादा वीआईपी के लिए घातक मानकर लोकसभा की कैंटीन में प्रतिबंधित कर दिया, लेकिन खुले बाजार में सॉफ्ट ड्रिंक और कोल्डड्रिंक अब भी धड़ल्ले से बिक रही है। बताते हैं कि देश में जितनी भी सॉफ्टड्रिंक-कोल्डड्रिंक बिक रही है उसमें पेस्ट्रेसाइट्स की काफी मात्रा है जो जहर है। खैर चिंता की बात नहीं कम से कम कथित सेवकों ने जनता नहीं देश के नेताओं को तो इस जहर से बचाने का फैसला लिया है। लोकसभा की कैंटीन में वीआईपी अब ताजे फ्लों का जूस मामूली से रेट में छककर पी रहे हैं और युवा पीढ़ियों को कमजोर करने के लिए 27 फीसदी कैफेन परसेंट वाली नई एनर्जी ड्रिंक स्टिंग बेरोकटोक बिक रही है।

फैसले के बाद सिंग इस बैक

आम चुनाव का फैसला आने और आचार संहिता समाप्त होने की सभी बाट जोह रहे हैं। वजह साफ़ है सभी को अपनी फरमाइशी जगह मिलेगी...ज्यादातर को मलाईदार

विभाग, निगम, मंडल और आयोग की चाह है.. तो कुछ खौफजदा किसी कोने-काने में वक्त बिताएंगे। इसमें वो एक पुलिस अफसर भी शामिल है जिसकी नौकरी तो तकरीबन जा ही चुकी थी, लेकिन रब्बा खैर करे वो फिर एसीबी-ईओडब्ल्यू की कमान सम्हालेंगे। फिलहाल रब ने सब्र रखने और ठांड रक्खण वास्ते कित्ता सी... ! वैसे भी डीएम मना कर दिए थे लेकिन जाते-जाते मिश्रा की सिफारिश कर गए थे। वैसे मिश्रा जी की कार्यशैली पर कोई संदेह नहीं, लेकिन सिंग की तुलना में तो...हैं। बातों ही बातों में महकमे के नारद ने फुसफुसाया 'रब के बंदे' की नौकरी पर बन आई थी तब भी वो एसीबी-ईओडब्ल्यू और 21 नख वाले कछुआ की बात करते घिर गए थे अब एक बार फिर महकमे में सिंग इज़ बैक की चर्चा है।

रायपुर में ठाकुर राज

छत्तीसगढ़ की जनता ने 15 साल ठाकुर राज देखी है। चौड़ी और चिकनी सड़कें, चाउंर वाले बाबा की देन थी, लेकिन 5 साल में रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर कोलेप्स हो गया था। अब एक

बार फिर जर्जर सड़कें फिर दुरुस्त की जा रही हैं। बीते पांच सालों में तो राजधानी रायपुर की सड़कें भी किसी गांव की पगडंडी की तरह हो गई थीं। गड्ढों ने लोगों का अस्थि-पंजर हिलाकर रख दिया था। हालांकि प्रदेश में ठाकुर राज तो नहीं आया पर राजधानी रायपुर में क्षत्रपों का वर्चस्व है। कलेक्टर गौरव सिंह और एसएसपी संतोष सिंह के बीच बेहतरीन समन्वय है। एक ठाकुर रायपुर में बेपटरी हो चुकी कानून व्यवस्था को रास्ते में लाने में लगभग कामयाब माने जा रहे हैं तो वहीं जिला प्रशासन की कार्यशैली को ज्यादा यूज़ टू बनाने के लिए दूसरा ठाकुर दिन-रात एक किये हैं। इसमें अतिश्योक्ति नहीं कि लोकसभा चुनाव में जिला निर्वाचन अधिकारी और कलेक्टर के सारे फर्ज़ अदा करने वाले अफसरों में गौरव सिंह का नाम भी शुमार हो गया है। आखिर में यह कहा जा सकता है कि फिल्म वालों ने जिन ठाकुरों की छवि को बुरी तरह ख़राब किया था वो सिर्फगॉसिप था... क्योंकि एससी, एसटी और ओबीसी बहुल राज्य को फिल्मी नहीं अच्छे ठाकुर मिले।

अपने विचार नव प्रदेश की वेबसाइट www.navpradesh.com पर भेजें!

दवाओं के साथ होती थी ड्रग्स की सप्लाई, 4 तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की सेल ने तीन दिन पूर्व नौ लाख रुपये से ज्यादा कीमत के सिंथेटिक ड्रग के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ और मोबाइल की जांच में पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी हाथ लगी है। ड्रग तस्कर और पैडलरों से जो जानकारी मिली है, पुलिस उसकी जांच करने की बात कह रही है। ड्रग तस्करी के इस पूरे खेल में आयुश अग्रवाल और महेश सिंह खडगा मास्टर माइंड हैं।

पुलिस के अनुसार दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से जो ड्रग्स आता था। आयुश उसे मंगाने के लिए रैपिडो बाइक कुरियर की मदद लेता था। इसके लिए कुरियर के पैकेट में मेडिकल उपयोग की दवा का रैपर लगा दिया जाता था। इस तरह से ड्रग का पार्सल आसानी से आयुश तक पहुंच जाता था। इसके लिए उसे लोकल स्तर पर लड़के रखने की जरूरत नहीं पड़ती थी। पुलिस के अनुसार दिल्ली से ड्रग का पार्सल लाने वाला लड़का एसी सेकंड क्लास में सफर कर रायपुर पहुंचता था। पार्सल लाने वाला लड़का एमआर बनकर दवाओं के सैंपल के साथ ड्रग लेकर रायपुर स्टेशन में पहुंचता था। स्टेशन में पहुंचने के बाद वह ड्रग का पार्सल रैपिडो बाइक कुरियर के हवाले कर देता था। पूछताछ और मोबाइल की जांच में पुलिस को महत्वपूर्ण

जानकारी हाथ लगी है। ड्रग तस्कर और पैडलरों से जो जानकारी मिली है, पुलिस उसकी जांच करने की बात कह रही है। ड्रग तस्करी के इस पूरे खेल में आयुश अग्रवाल और महेश सिंह खडगा मास्टर माइंड हैं। पुलिस के अनुसार दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से जो ड्रग्स आता था। आयुश उसे मंगाने के लिए रैपिडो बाइक कुरियर की मदद लेता था। इसके लिए कुरियर के पैकेट में मेडिकल उपयोग की दवा का रैपर लगा दिया जाता था। इस तरह से ड्रग का पार्सल आसानी से आयुश तक पहुंच जाता था। इसके लिए उसे लोकल स्तर पर लड़के रखने की जरूरत नहीं पड़ती थी। पुलिस के अनुसार दिल्ली से ड्रग का पार्सल लाने वाला लड़का एसी सेकंड क्लास में सफर कर रायपुर पहुंचता था। पार्सल लाने वाला लड़का एमआर बनकर दवाओं के सैंपल के साथ ड्रग लेकर रायपुर स्टेशन में पहुंचता था। स्टेशन में पहुंचने के बाद वह ड्रग का पार्सल रैपिडो बाइक कुरियर के हवाले कर देता था। पुलिस के मुताबिक आयुश का संपर्क रईस घरानों के कम एज वर्ग के युवक-युवतियों के साथ रहा है। जिन रईस घरानों के बच्चों के संपर्क में आयुश था, पुलिस को उसके मोबाइल में उन सब की फोटो भी हाथ लगी है। इतना ही नहीं, उसने कई युवतियों को नशे के जाल में फंसा कर रखा था।

सीसीटीवी फुटेज की जांच

पुलिस अफसर के मुताबिक आयुश राजधानी के किन होटलों में रुकता था, इसकी डिटेल निकाली जा रही है। इसके साथ ही आयुश होटल में रुकने के लिए किन लोगों के पहचान का उपयोग करता था। पुलिस अफसर ने इस बात की भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है। आयुश का होटलों में चेक इनसे लेकर चेक आउट करने का पुलिस ने होटल संचालकों से सीसीटीवी फुटेज की मांग की है। इससे यह पता चल जाएगा कि आयुश होटल में रुकने के दौरान किन-किन लोगों से मिला है।

समस्याओं के त्वरित निराकरण से जिले में प्रगति दिखाई देगी : सिद्धार्थ कोमल

रायपुर/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने आज छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी में संभाग और जिले के अधिकारियों के 5 दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सत्र समापन अवसर पर कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में प्रशासनिक कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए संभाग और जिले के अधिकारियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। अब ब्लॉक स्तर के अधिकारियों का भी प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नियम कानून की जानकारी रहने पर ही सही निर्णय लिया जा सकता है। इससे काम तेजी से होगा और प्रगति दिखाई देगी।

परदेशी ने इस बात पर जोर दिया कि अधिकारियों को यह जानना भी आवश्यक है कि कौन किस कार्यों के लिए सक्षम हैं। अपने अधिकार क्षेत्र

के अंतर्गत दी गई शक्तियों के अनुसार हमें निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में पदोन्नति प्रक्रिया का अब अध्ययन करने की आवश्यकता है। स्कूल शिक्षा सचिव ने कहा कि बच्चों को रचनात्मक अवसर देने के लिए ज्यादा से ज्यादा समर कैंप का आयोजन किया जाए। उन्होंने सभी से आशा व्यक्त की कि अब हम बच्चों और शिक्षकों के लिए त्वरित उचित निर्णय लेंगे। परदेशी ने आगे कहा कि 5 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशल प्रशिक्षक बन गए हैं, अब विकासखंड शिक्षा अधिकारियों सहित सभी ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को अपने स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित कर सकते हैं।

संचालक लोक शिक्षण श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का उपयोग बेहतर तरीके से करेंगे। अब शत प्रतिशत योजनाओं को गति देने में आसानी होगी संभाग और जिले के शिक्षा अधिकारियों 5 दिन में रिफ्रेश होकर नई ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। प्रशासन अकादमी के डायरेक्टर टी. सी. महावर ने कहा कि विभाग की आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों से अनुशासन में रहकर नियमों का पालन किए जाने की अपेक्षा करते हुए कार्यालय की प्रबंधन क्षमता और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने का सुझाव दिया। समारोह के प्रारंभ में संकाय सदस्य डॉ अभिषेक दुबे ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण के विषयों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग की उप सचिव श्रीमती इफ्फत आरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे, उप संचालक आशुतोष चावरे, अशोक नारायण बंजारे, प्रशांत पांडेय, अकादमी के कोर्स डायरेक्टर अभिषेक दुबे, डॉ. सीमा सिंह और नोडल प्रभारी डी. दर्शन भी उपस्थित थे। प्रशिक्षण में बिलासपुर के संयुक्त संचालक आर.पी. आदित्य, बलौदा बाजार के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय, बस्तर की सुभारती प्रधान और कोरबा के तामेश्वर उपाध्याय ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण पर अपना अभीमत दिया। आभार प्रदर्शन उप संचालक आशुतोष चावरे ने किया।

आरटीआई से निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए लॉटरी आज

रायपुर/नवप्रदेश। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आर.टी.ई.) अंतर्गत वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश में संचालित निजी विद्यालयो में आर.टी.ई. पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन, भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। स्कूलों में प्रवेश के लिए प्रथम चरण में लॉटरी एवं आबंटन की कार्यवाही 20 मई से 30 मई तक की जाएगी और उसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 1 जून से 30 जून तक होगी। आर.टी.ई. के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाही के लिए निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार द्वितीय चरण के लिए नवीन स्कूल पंजीयन (आवेदन) और जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कार्य 15 जून से 30 जून तक किया जाएगा। छात्र पंजीयन (आवेदन) 1 जुलाई से 8 जुलाई तक होगा। इसके बाद नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई तक की जाएगी। लॉटरी एवं आबंटन का कार्य 17 जुलाई से 20 जुलाई तक किया जाएगा। इसके बाद स्कूल में दाखिला की प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई तक की जाएगी। वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त तक किया जा सकेगा। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागीय शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि आर.टी.ई. अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने इस संबंध में अधिनियम के प्रावधान के अंतर्गत नोडल अधिकारी की जानकारी, क्षेत्र का निर्धारण, मान्यता संबंधी कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए।

गुढ़ियारी बिजली आफिस अग्निकांड में 50 करोड़ का नुकसान

■ जांच समिति ने एचआर को सौंपी रिपोर्ट

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य विद्युत वितरण कंपनी के गुढ़ियारी स्थित गोदाम में अग्निकांड की रिपोर्ट जांच समिति ने सौंप दी है। पांच अप्रैल को अग्निकांड घटना के बाद छह सदस्यीय समिति ने लगभग 50 करोड़ रुपये नुकसान का आंकलन किया है। साथ ही घटना के जिम्मेदारों के विषय में भी टिप्पणी की है। अधिकारियों के मुताबिक रिपोर्ट के आधार पर सभी पहलुओं पर विचार करते हुए घटना के जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की जाएगी। गोपनीय रिपोर्ट

में यह जिक्र है कि आगजनी पूर्वनियोजित नहीं बल्कि सुरक्षा में लापरवाही का नतीजा है।

इसकी वजह से गोदाम में रखे ट्रांसफार्मर पूरी तरह खाक हो गए। जांच समिति की यह रिपोर्ट कंपनी के प्रबंधक एचआर को प्रस्तुत की गई है।

संक्रामक रोगों की रोकथाम करने के लिए आज बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार र नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा वर्षा ऋतु में उत्पन्न होने वाले संक्रामक रोगों जैसे उल्टी - दस्त, डेंगू, पीलिया, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि संक्रामक रोगों की रोकथाम हेतु एक आवश्यक बैठक दिनांक 20 मई 2024 सोमवार को प्रातः 10 बजे रायपुर नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल स्थित सभाकक्ष में रखी गयी है।

सम्पत्ति के मूल्यांकन में नुकसान बर्दाश्त नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग संपत्ति के मूल्यांकन से होने वाले नुकसान को लेकर गंभीर हो गया है. इस संबंध में तमाम जिला पंजीयकों को पत्र लिखकर संपत्ति के न्यून मूल्यांकन के फ्लस्वरूप होने वाले राजस्व हानि रोकने के साथ प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने का निर्देश दिया गया है।

वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग द्वारा तमाम जिला पंजीयकों को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित गाइडलाइन कीमतों से कम कीमत पर संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया जाए. यदि किसी प्रकरण विशेष में ऐसा प्रतीत होता है कि संपत्ति की कीमत गाइडलाइन दर से भी कम हो सकता है, तो नियमों के तहत साक्ष्यों के साथ प्रस्ताव भेजकर अनुमोदन के उपरांत आगे की कार्रवाई करने कहा गया है। यही नहीं नई आवासीय, व्यावसायिक या औद्योगिक परियोजना का मूल्य निर्धारण करते समय छत्तीसगढ़ बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांतों को आधार बनाते हुए नियमों के अनुसार कार्रवाई करने निर्देशित किया गया है. साथ ही ताकीद किया गया है कि यादृच्छिक आधार पर दर अवधारित नहीं किए जाए. पत्र में कलेक्टर ऑफ स्टाम्प के समक्ष दर्ज प्रकरणों का निराकरण एक माह के भीतर सुनिश्चित करने कहा गया है. वहीं ऐसे प्रकरण में जहां जांच आवश्यक हो, कारण बताते हुए अधिकतम तीन माह के भीतर निराकरण करने कहा गया है. यही नहीं जिला पंजीयकों के द्वारा निराकृत प्रकरणों की सूची 15 दिवस में एक बार, महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक छत्तीसगढ़ को निर्धारित प्रारूप में अनिवार्य रूप से भेजने के लिए निर्देशित किया गया है. इन निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

आरटीई अधिनियम : गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश के संबंध में कलेक्टरों को दिशा-निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, अप्रैल 2010 से प्रभावशील है। जिसके अन्तर्गत प्रदेश के गैर अनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालयों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत् आरक्षित सीटों पर कमजोर एवं दुर्बल वर्ग तथा अलाभित समूह के बच्चों को उनकी पहुंच सीमा में प्रवेश दिलाया जाता है। किन्तु यह संज्ञान में आ रहा है कि इन वर्गों के विद्यार्थियों को अधिनियम की मंशा के अनुरूप इस महत्वपूर्ण योजना का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है और वे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। ऐसी स्थिति में योजना का मैदानी स्तर पर योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समय-समय पर शासन द्वारा विभिन्न आदेश, दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी द्वारा आरटीई अधिनियम के अंतर्गत जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी कर पुनः आपका ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है- अधिनियम की धारा 12 (1) (ब) में यह स्पष्ट उल्लेख है कि निजी स्कूलों में प्रारंभिक कक्षा में, दुर्बल वर्ग और असुविधाग्रस्त समूह के उस कक्षा के बालकों की कुल संख्या के कम से कम 25 प्रतिशत् की सीमा तक प्रवेश देगा और निःशुल्क और अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की, उसके पूरा होने तक, व्यवस्था करेगा।

हजारों किमी तय कर पहुंचा प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल

खैरागढ़/नवप्रदेश। जीएसएम-जीपीएस लगे प्रवासी पक्षी व्हिंब्रेल को छत्तीसगढ़ में पक्षी विशेषज्ञों ने कैमरे में कैद किया है. इन ट्रैकिंग से प्रवासी पक्षियों पर जलवायु परिवर्तन पर रिसर्च करने वालों को मदद मिलती है।

4000-6000 किमी दूरी तय करके आए पक्षी को छत्तीसगढ़ में ट्रैक किए जाने पर पक्षी प्रेमियों में खुशी का माहौल है। व्हिम्बरेल अपनी प्रभावशाली यात्रा के लिए जाना जाता है. कई महासागर और महाद्वीप पार करने में इस पक्षी का

गजब का धैर्य और जबरदस्त नेविगेशन पॉवर अविश्वसनीय रूप के काम करता है. उत्तरी गोलार्द्ध से चार ङ्क छह हज़ार किलोमीटर की उड़ान इसके लिए साधारण है. अपनी विशिष्ट घुमावदार चोंच और धारीदार सिर के साथ व्हिम्बरेल आसानी से शिकार कर अपना पेट भर लेता है. ये एक तटीय पक्षी है, इसलिए पानी और पानी के आसपास पाये जाने वाले सभी कीड़े-मकोड़े इसका आहार हैं। व्हिम्बरेल के संरक्षण के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं. सेटेलाइट टैगिंग और जीएसएम जीपीएस की मदद से इसके प्रवास और पैटर्न को लगातार ट्रैक किया जा रहा है. एक पक्षी पर इस तरह जीपीएस से ट्रैक करने का खर्च लगभग दस लाख या उससे ज्यादा भी हो सकता है. जीपीएस टैग के साथ हजारों मिल का सफर तय करके आए व्हिम्बरेल पक्षी को स्थानीय भाषा में छोटा गोंग़ भी कहा जाता है।

ठेकेदार के पैसे न देने से नाराज तीन लोगों ने जैतखाम तोड़ा

सरसीवां/पलारी/नवप्रदेश। 14- 15 मई की दरम्यानी रात को अमर गुफा के जैतखंभ को अज्ञात आरोपी द्वारा तोड़फोड़ और नष्ट करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने रविवार 19 मई को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों में सल्टू कुमार जिला सहरसा बिहार, पिंटू कुमार ज़िला जिला सहरसा बिहार और रघुनंदन कुमार जिला सहरसा बिहार तीनों का वर्तमान निवासी ग्राम महकोनी पुलिस चौकी गिरौदपुरी है।

अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गिरौदपुरी चौकी में आईपीसी 295 के तहत अपराध पञ्जीबद्ध किया गया था। आरोपी पतासाजी के दौरान पता चला कि भोजराम अजगल्ले जो ठेकेदारी का काम करता है उसके द्वारा गाँव महकोनी में नल जल मिशन के तहत पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा था।

जिसका ठेका उसने 4.50 लाख में आरोपियों को दिया था। शुरुआत में ठेकेदार द्वारा 1 लाख ही भुगतान किया गया था जबकि कार्य 90 त्न हो जाने पर भी बाक़ी रक़म का भुगतान नहीं किया जा रहा था। आरोपियों के द्वारा कार्य भुगतान माँगने पर ठेकेदार द्वारा गाली गलौज किया जाता था। संपूर्ण जांच के दौरान 3 आरोपियों को दबोचा गया। उनसे कड़ाई से पूछताछ पर तीनों आरोपियों ने अमर गुफा स्थित जैतखाम को काटना एवं लोहे के गेट में तोड़फोड़ करना स्वीकार किया। आरोपियों से पूछताछ कर मेमोरेंडम कथन लिया गया जिसमें यह बात सामने आई कि- सभी आरोपी ग्राम महकोनी में नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण ठेकेदार भोजराम अजगल्ले के माध्यम से ठेका राशि 4,50,000 में कर रहे थे। जिसका काम लगभग 90 त्न पूरा होने के उपरांत भी भोजराम अजगल्ले द्वारा बकाया राशि आरोपियों को नहीं दिया गया था। आरोपियों द्वारा बार-बार पैसे की मांग करने पर ठेकेदार द्वारा नहीं दिया जा रहा था। इसके कारण आरोपी ठेकेदार से नाराज चल रहे थे।

आरोपियों के अनुसार ठेकेदार भोजराम अजगल्ले के द्वारा बकाया रकम न मिलने के कारण एवं अत्यंत क्षुब्ध होकर अमर गुफा में तोड़फोड़ करने की योजना बनाई। योजना अनुसार तीनों ने शराब का सेवन कर 15 मई की रात 11.30 बजे अपनी बाइक पर बैठकर आरी एवं अन्य सामान लेकर अमर गुफा गए। तीनों ने गुस्से में आकर सतनामी समाज के प्रतीक जैतखाम को आरी से काट दिया तथा लोहे के गेट को उखाड़ कर तोड़फोड़ कर दिया। घटना में प्रयुक्त आरी एवं मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। तीनों आरोपियों को विधिवत्त गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जुडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया।

बुद्ध जयंती 23 को मांस-मटन विक्रय पर रहेगा प्रतिबंध

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को मांस बिक्री पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगी। इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस बिक्री दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया गया है। बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को किसी भी दुकान में मांस बिक्री करते पाये जाने पर मांस जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी और सम्बंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी।

बुद्ध जयंती पर्व दिनांक 23 मई 2024 गुरूवार को नगर पालिक निगम रायपुर के सभी जोन स्वास्थ्य अधिकारीगण, जोन स्वच्छता निरीक्षकगण मांस बिक्री पर छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रतिबन्ध आदेश का परिपालन सुनिश्चित करवाने अपने -अपने सम्बंधित जोन क्षेत्रों में सतत पर्यवेक्षण करेंगे।

सुविचार

दूर से देखने पर सभी रास्ते बंद नजर आएंगे क्योंकि करीब पहुंचने पर ही कामयाबी का रास्ता खुलता है। - अज्ञात

क्या आईएनडीआईए बिखर जाएगा

यूपीए की जगह बनाया गया नया गठबंधन आईएनडीआईए क्या वाकई चार जून के बाद बिखरने जा रहा है? यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह दावा किया है कि 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित हो जाएंगे और एनडीए को प्रचंड़ बहुमत मिल जाएगा तो आईएनडीआईए खटाखट बिखर जाएगा। वैसे तो आईएनडीआईए में बिखराव के लक्षण अभी से नजर आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी बंगाल में तो वामपंथी दलों के साथ मिलकर अपने ही गठबंधन में शामिल तृणमृल कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ रही है। वहीं केरल में कांग्रेस पार्टी का मुकाबला आईएनडीआईए के घटक दल कम्युनिष्ट पार्टी से है। इसी तरह कांग्रेस और आम आदमी पार्टी नई दिल्ली के सातों लोकसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। जहां चार सीटें आम आदमी पार्टी के हिस्से में आयी हैं और तीन सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। किन्तु नई दिल्ली से ही लगे राज्य पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे के खिलाफ चुनाव मैदान में ताल ठोंक रहे हैं। समझ में नहीं आता कि यह कैसा गठबंधन है। जिसमें शामिल पार्टियां किसी राज्य में तो जिगरी दोस्त बनी हुई हैं और किसी राज्य में जानी दुश्मन की भूमिका में नजर आ रही हैं। जाहिर है आईएनडीआईए में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। इसकी ताजी मिसाल यह है कि जिस नई दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव लड़ रही हैं। वहां के रामलीला मैदान में कांग्रेस पार्टी ने राहुल गांधी की जो बड़ी रैली आयोजित की उसमें नई दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बुलाया भी नहीं। इसी से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि यदि लोकसभा चुनाव के परिणाम आईएनडीआईए के मन माफिक नहीं निकले तो निश्चित रूप से आईएनडीआईए में शामिल राजनीतिक पार्टियां हार का ठिकरा एक दूसरे के सिर पर फोड़ने की कोशिश करेंगी। नतीजतन यह गठबंधन बिखर जाएगा। वैसे भी यह गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखकर बनाया गया है। इसके बाद नई दिल्ली सहित जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। वहां यह गठबंधन अर्थहीन हो जाएगा। नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने लोकसभा की तीन सीटें कांग्रेस को दे दी हैं। लेकिन नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को एक सीट भी नहीं देगी। आईएनडीआईए में चल रही अंतर्कलह को देखते हुए बंगाल की मुख्यमंत्री तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने तो अभी से अपनी राह अलग कर ली है। उन्होंने बंगाल में कांग्रेस और वामपंथी दलों को एक भी सीट नहीं दी हैं। और अब वे यह घोषणा कर चुकी हैं कि यदि आईएनडीआईए सरकार बनाने में सफल होती है तो भी तृणमूल कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं होगी बल्कि उसे बाहर से समर्थन देगी। ममता बनर्जी का रूख साफ बता रहा है कि आईएनडीआईए की मजबूती को लेकर वे कितनी गंभीर हैं। दरअसल वे अपनी खिचड़ी अलग पकाना चाहती हैं। कल को यदि लोकसभा चुनाव में आईएनडीआईए को देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में करारा झटका लगता है तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश भी कांग्रेस का साथ छोड़ सकते हैं। ऐसा वे पहले भी कर चुके हैं इसलिए उत्तरप्रदेश में भी आईएनडीआईए में बिखराव होता है तो कोई आश्चर्य नहीं होगा ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस दावे में दम नजर आता है कि 4 जून के बाद आईएनडीआईए बिखर जाएगा।

अमित शाह द्वारा विष्णुदेव साय सरकार की सराहना

छत्तीसगढ़ में सत्ता की बागडोर संभालने के बाद मात्र साढ़े चार महीने में ही अल्प अवधि में विष्णुदेव साय सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज कर इस मोर्चे पर जो अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है वह वाकई तारीफ के काबिल है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस उपलब्धि के लिए विष्णुदेव साय सरकार की पीठ थपथपाई है। अमित शाह ने कहा है कि साय सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए साढ़े चार माह के भीतर 112 नक्सलियों को ढ़ेर कर दिया और 153 नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑल आउट के चलते ही 375 नक्सलवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। यह साय सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सली समस्या के समाधान के लिए राज्य सरकार को हर संभव मदद मुहैया कराने का भी भरोसा दिलाया है। अमित शाह द्वारा अपनी सरकार की सराहना किए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अब भारत पूरी तरह से नक्सली हिंसा सहित सभी तरह के आतंक का सफाया करने के लिए कृत संकल्पित है विष्णुदेव साय ने नक्सली उन्मूलन अभियान को लेकर विपक्ष के द्वारा की जा रही राजनीति को अनुचित करार देते हुए कहा है कि इससे नक्सलियों को ताकत मिलती है। इसके बावजूद हम नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाएंगे। उन्होंने एक बार फिर नक्सलियों से हिंसा का रास्ता छोड़कर बातचीत की पेशकश की है किन्तु बस्तर में सक्रिय संगठन अभी भी हिंसा का रास्ता छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। जिन नक्सलियों को बात समझ में आ रही है वे आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

डॉ. संजय शुक्ला

देश में लोकसभा चुनाव अब अंतिम पायदान पर है अलबत्ता चुनावी इतिहास पर गौर करें तो अब पूरा प्रचार अभियान सोशल मीडिया पर ही सिमटता नजर आ रहा है।? देश में सूचना क्रांति के दस्तक के बाद पहली बार साल 2014 के लोकसभा चुनाव में देश के युवाओं ने इस सोशल मीडिया के जरिए बने 'ब्रांड मोदी' पर भरपूर ऐतबार किया। भाजपा के इस प्रयोग के बाद अमूमन सभी राजनीतिक दलों ने पार्टी में आईटी सेल बनाया जिसका उपयोग अपने राजनीतिक अभियान और चुनाव के दौरान किया जा रहा है। 2024 के इस आम चुनाव में अब राजनीतिक पार्टियां अपने आईटी सेल के साथ ही इन्फ्लुएंसर्स के जरिए सोशल मीडिया से जुड़े मतदाताओं को प्रभावित करने का जतन कर रहे हैं।इस बार के चुनावी अखाड़े में राजनीतिक दल और प्रत्याशी टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि 'एआ?ई' और डीपफेक (कृत्रिम वीडियो) के जरिए जोर अजमाइश कर रहे हैं।

सोशल मीडिया बना चुनावी रणभूमि

देश में एक अरब से ज्यादा मतदाता हैं जिसमें से तकरीबन 80 करोड़ मतदाता विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स जैसे फेसबुक, एक्स (ट्विटर), व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और यूट्यूब से जुड़े हुए हैं। सोशल मीडिया के इसी ताकत के चलते देश के राजनेताओं और राजनीतिक दलों के लिए यह मुख्य चुनावी हथियार बना हुआ है। विचारणीय है कि भारत में जहां आइटी ने लोगों के जीवन में आमूलचूल बदलाव लाया है वहीं इसने चुनाव प्रचार के पारंपरिक तरीकों को भी बदल कर रख दिया है। सोशल मीडिया को आम आदमी का संसद कहा जाता है लेकिन अब इस माध्यम की दुश्वारियां भी सामने आने लगी है। वर्ल्ड वाइड वेब यानि डब्ल्यू.डब्ल्यू.डब्ल्यू.के अविष्कारक टिम बर्नर्स ने कोफ्त और निराशा में कहा था कि 'इंटरनेट अब नफरत फैलाने वालों का अड्डा बनते जा रहा है '। दूसरी ओर सोशल मीडिया से जुड़े एक शीर्षस्थ अधिकारी कि मानें तो यह मीडिया किसी सुचारू ढंग से चल रहे लोकतांत्रिक ढांचे को बहुत हद तक नुकसान पहुंचा सकता है। वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक परिवेश पर गौर करें तो उपरोक्त दोनों कथन सही साबित होते नजर आ रहा है। देश के चुनावी राजनीति पर गौर करें तो राजनीतिक दलों द्वारा धार्मिक और जातिवादी वोटबैंक के ध्रुवीकरण के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐतिहासिक घटनाओं और राजनेताओं के संबंध में फेक न्यूज , विडियो और फोटो, आपत्तिजनक मीम्स, इंटरव्यू, नफरती व एडिटेड भाषण पोस्ट किए जा रहे हैं गौरतलब है कि डिजिटल माध्यमों में नियंत्रण और नियमन की पुख्ता व्यवस्था नहीं होने के कारण सोशल मीडिया में भ्रामक और झूठी खबरों की भरमार है जो 'फ्लोटिंग वोटर्स ' को प्रभावित कर रहे हैं।



देश अभी तक सोशल मीडिया की चुनौतियों से जूझ रहा था लेकिन हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि 'एआई' ने इस जोखिम को और भी गंभीर बना दिया है। भारत सहित दुनिया के क?ई देश अब ÷एआ?ई÷ तकनीक के जरिए कृत्रिम वीडियो (डीपफेक) के उन्माद से जूझ रहे हैं। एआई के इस्तेमाल से प्रमुख हस्तियों, राजनेताओं या अन्य व्यक्तियों के हुबहू फर्जी फोटो, ऑडियो और वीडियो बनाया जा रहा है जो वोटर्स को प्रभावित या भ्रमित कर सकते हैं। इस चुनाव में में विभिन्न राजनेताओं और फिल्मी कलाकारों के एआ?ई जेनरेटेड डीपफेक विडियो सोशल मीडिया पर शेयर करने के क?ई मामले प्रकाश में आए हैं। एआई जेनरेटेड तकनीक से गृहमंत्री अमित शाह के भाषण पर छेड़छाड़ कर आरक्षण खत्म करने वाला डीपफेक वीडियो सहित कांग्रेस नेता राहुल गांधी, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह, आमिर खान तथा अभिनेत्री रश्मिका मंधाना के डीपफेक विडियो प्रमुख हैं जिसने सोशल मीडिया यूजर्स के मन में अनेक उलझनें पैदा की। इसके अलावा इन्फ्लुएंसर्स इस तकनीक से पंडित जवाहरलाल नेहरू, श्रीमती इंदिरा गांधी,अटल बिहारी वाजपेई, सुषमा स्वराज, अरूण जेटली, जयललिता और करूणानिधि जैसे दिवंगत नेताओं के भाषणों में छेड़छाड़ कर इसे राजनीतिक दलों और नेताओं के समर्थन और आलोचनाओं के लिए उपयोग कर रहे हैं।दरअसल देश में मुख्य तौर पर दो ही विचारधारा के लोग सक्रिय हैं जो एआ?ई के सहारे बड़ी आसानी जनमत को प्रभावित कर सकते हैं।यह टेक्नोलॉजी मतदाताओं के प्रोफाइल में सेंधमारी कर किसी उम्मीदवार के प्रचार को कस्टमाइज़ कर सकता है या फर्जी चुनाव सर्वेक्षण के जरिए किसी पार्टी या प्रत्याशी के पक्ष में माहौल बना सकता है।दरअसल देश में मुख्य तौर पर दो ही विचारधारा के लोग सक्रिय हैं जो सोशल मीडिया में फर्जी एकाउंट्स के जरिए नफरती और अतिरंजित फर्जी खबरें और विडियो के द्वारा बड़ी आसानी से वोटर्स को भटका सकते हैं और इसके लिए एआ?ई और इन्फ्लुएंसर्स का सहारा लिया जा सकता है। बहरहाल इस चुनाव की स्वतंत्रता को चुनौती अकेले देश के भीतर से ही नहीं बल्कि चीन से भी मिल रहा है।अमरीकी सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने अपने रिपोर्ट में आगाह किया है कि चीन भारत के लोकसभा और अन्य चुनावों को एआई के जरिए प्रभावित कर सकता है। बिलाशक भारत जैसे डिजिटल निरक्षरता वाले देश में सोशल मीडिया राजनीति और चुनाव के लिहाज से दोधारी तलवार साबित हो रहा है। बिलाशक सूचना प्रौद्योगिकी ने समूचे चुनाव अभियान को नया शक्ल दिया है जिससे प्रत्याशियों का मतदाताओं से सीधे जुड़ाव संभव हुआ है लेकिन इस जुड़ाव में भरोसे की कमी भी उजागर हुआ है।भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में राजनीति और चुनाव की शुचिता कायम रखने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नियमन और पारदर्शिता के लिए सरकार और चुनाव आयोग को गंभीर और सजग रहने की काफी आवश्यकता है। गौरतलब है कि डीपफेक के बढ़ते मामलों से दुनिया के सभी देश चिंतित हैं और इस पर अंकुश लगाने वैश्विक स्तर पर प्रयास जारी है।भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के दुरूपयोग पर केंद्र सरकार सहित आदालतों ने भी चिंता जताई है वहीं निर्वाचन आयोग भी चुनावों में इस तकनीक के बेजा इस्तेमाल को रोकने प्रयत्नशील है। गौरतलब है कि देश में साइबर अपराध पर लागू कानून अभी भी जरूरत के लिहाज से प्रभावी नहीं बन पाए हैं। दूसरी ओर डीपफेक जैसे धोखाधड़ी के लिए फिलहाल कोई अलग से कानून नहीं है बल्कि ऐसे अपराधों पर कार्रवाई आइटी कानून 2000, आइपीसी 1860, कॉपीराइट कानून 1957 तहत कार्रवाई की जा सकती है। अलबत्ता देश में सूचना प्रौद्योगिकी के बढ़ते दुरूपयोग और अपराध के मद्देनजर सोशल मीडिया यूजर्स को डिजिटल तौर पर साक्षर करने की बहुत जरूरत है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स की भी जवाबदेही है कि वे ऑनलाइन सामाग्रियों की फैक्ट चेकिंग के लिए प्रभावी तकनीक लागू करें। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को अपने कार्यप्रणाली में स्वनियमन , निष्पक्षता और पारदर्शिता लागू करने की भी दरकार है क्योंकि विपक्ष लगातार उस पर पक्षपाती होने का तोहमत लगाती रही है। बहरहाल भले ही आइटी से लोगों का जीवन आसान हुआ है लेकिन यदि यह तकनीक लोकतंत्र के लिए सांसत बन जाए तो इस पर सख्ती भी आवश्यक है आखिरकार यह उस लोकतंत्र के शुचिता और अक्षुण्णता से जुड़ा मसला है जिसके लिए हमारे हजारों क्रांतिकारियों और स्वाधीनता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया है।

आज का इतिहास

2011 में आज ही के दिन झारखंड की पर्वतारोही प्रेमलता अग्रवाल ने दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत शिखर माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे उम्रदराज़ भारतीय महिला बनी थीं। 2011 में आज ही के दिन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मध्य प्रदेश के बीना में हज़ारों करोड़ की लागत से बनी ऑइल रिफाइनरी देश को समर्पित की थी। 2002 में आज ही के दिन पुर्तगाल ने पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की। 2001 में 20 मई के ही दिन अफ़गानिस्तान में तालिबान ने हिंदुओं की अलग पहचान के लिए ड्रेस कोड बनाया था। 2000 में आज ही के दिन फ़िजी में जॉर्ज स्पेट अंतरिम प्रधानमंत्री बने थे। 1990 में आज ही के दिन हबल स्पेस टेलीस्कोप ने अंतरिक्ष से पहली तस्वीरें भेजी थीं। 1927 में आज ही के दिन सऊदी अरब को ब्रिटेन से फ्रीडम मिली थी। 1926 में 20 मई के दिन ही रेलवे श्रम अधिनियम पारित किया गया था। 1923 में आज ही के दिन स्टेनली बाल्डविन ब्रिटेन के प्राइम मिनिस्टर बने थे। 1902 में 20 मई को ही टॉमस एस्ट्राडा पाल्मा देश के पहले राष्ट्रपति बने थे। 1902 में आज ही के दिन क्यूबा को संयुक्त राज्य अमेरिका से आजादी मिली थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अभावों में जीये व्यक्ति

अभावों में जीये व्यक्ति को यदि सत्ता मिल जाये तो उसे अपना जीवन आम आदमी के जीवन से अभावों को दूर करने के लिए समर्पित कर देना चाहिए । आज कोट और टाई में खुद के चित्र को देखकर यह वाहियात ख़याल आया ।

- राम किशोर उपाध्याय

विपक्ष के चेहरे बने

विपक्ष के चेहरे बने केजरीवाल के मालीवाल को स्टार्ट राहुल जी के पैसा खटाखट के अपरिपक्वता के बाद भी आप अगर मोदी जी जैसे महान नेत्रत्व को मतदान करने घर से बाहर नहीं निकल रहे तो आपका भला घनश्याम भी नहीं कर सकते।

- अंबर दानी

ख़ास पाती

ए काश मैं नेता होता

ए काश मैं नेता होता प्रचार पाने को मजबूत प्रत्याशी के विरुद्ध पर्चा भरता कोई खड़े रहने को कोई बैठने को चंदा देता ए काश मैं नेता होता। चुनाव में मेरे पास देश का कोई मुद्दा होता या न होता मेरे पास उद्यमियों को गाली देने का लाईसेंस होता ए काश मैं नेता होता चाहे हार होती या जीत होती हर चुनाव के बाद मेरे पास चमचमाती नई गाड़ी होती ए काश मैं नेता होता। ए काश मैं नेता होता

- नवीन कुमार शर्मा

तेरे बचपन का आशिक़ जब इधर है, तो

तेरे बचपन का आशिक़ जब इधर है, तो जाने क्यूं नज़र तेरी उधर है। बुलंदी पे न इतराओ पहाड़ों, हज़ारों आसमां सबके उपर है। समंदर मेरी कश्ती का मुहाफ़िज़, शिकारी सा किनारों की नज़र है। दुआएं मां की मेरे साथ चलती, तभी तो हौसला मेरा निडर है। न कोई मुश्किलें ना कोई रुकावट, निकलते प्राण का पुख्ता जिगर है। मुहब्बत में न बुझती प्यास दिल की, मुसलसल रेगजारों का सफ़र है। भगा कर तुझको ले जायेगा दानी, इसी कारण ही तो मजनूँ अमर है। **- संजय दानी**

लकीरों में अपने ये तहरीर लिख दूं

लकीरों में अपने ये तहरीर लिख दूं कि तुझको मैं अपनी ही तकदीर लिख दूं कहीं फूल पत्ते ,कहीं तितलियों की कहे ग़र मुझे तू, मैं जाग़ीर लिख दूं बिसातें बिछी है सियासत सी दिल में हरिक हाथ में एक शमशीर लिख दूं ग़ज़ल कोइ छूकर चली रूह को अब खुदा खैर करना अगर मीर लिख दूं।

- वंदना मोदी गोयल

ऐ हवा कुछ ख़बर बता। तू भी अपना

ऐ हवा कुछ ख़बर बता। तू भी अपना हुनर बता। सच अगर है यहीं कहीं झूठ क्यों है प्रखर बता। ढोल - ताशे चुनाव के ला रहे क्या लहर बता। जाति- मज़हब में बँट गये लोभ में किस बशर बता। हाल घर के बिगड़ गये है लगी क्या नज़र बता। नीम बरगद हक़ीम हैं काट मत तू शजर बता। घर बने कंक्रीट के और कच्ची डगर बता। बह रही थी क़रीब सेहै कहाँ वह नहर बता। द्वेष है हर तरफ़यहाँ प्रेम है फिर किधर बता।

- अंशु विनोद गुप्ता

उसको मैं दूँगी बद्दुआ पागल हुए हो

उसको मैं दूँगी बद्दुआ पागल हुए हो क्या मैं खुद को दूँगी यूँ सज़ा पागल हुए हो क्या उसको है इख़्तियार मेरी जान ले ले वो आए बचाने तीसरा...पागल हुए हो क्या सबकी नज़र में है ख़ता उल्फ़त अगर तो हो हम छोड़ दें ये रास्ता, पागल हुए हो क्या रफ़्तार कम रखो ज़रा चाहत में अपनी तुम फ़िसलन पे दौड़ दी लगा...पागल हुए हो क्या झगड़े भी होंगे, होंगी ही तल्ख़ी कभी कभी इतने पे बाँह लें छुड़ा...पागल हुए हो क्या दुनिया तो इंतज़ार में बैठी है ले के घी हम दिल की आग दें दिखा, पागल हुए हो क्या 'ममता' को होते देख यूँ बर्बाद इश्क़ में इक दोस्त चीखता रहा, पागल हुए हो क्या - **ममता लड़ीवाल**

दिल की अतल गहराईयों से खींच

दिल की अतल गहराईयों से खींच यथार्थ, भावुकता और कल्पना की हाला मैं मीनाक्षी रचनाकार बनकर लाई हूँ भरकर रंग-बिरंगी रचनाओं का प्याला ये कभी न कण भर खाली होगा आप एक बार पढ़ो सौ बार पढ़ो आप मित्रगण हैं पढ़ने वाले हर रचना मेरी मधुशाला..

- मिनाक्षी सिंह

प्रेरक प्रसंग

निराशा के बाद आशा

स्काटलैंड के राजा ब्रूस को अपने शत्रुओं से छह बार हारना पड़ा। उसने हर बार प्रयत्न किए, किंतु असफलता के सिवाय और कुछ हाथ न आया। छह बार हार जाने के पश्चात् वह बहुत निराश हो गया था और खिन्न मन से अपने प्राण बचाने के लिए एक टूटे-फूटे स्थान में छिपा पड़ा था। नाना प्रकार के विचार उसके मन में घूम रहे थे। सोचता था, शायद मेरे भाग्य में असफलता ही लिखी होगी। इन्हीं विचारों में वह पड़ा हुआ था कि ऊपर छत पर उसकी निगाह गई। देखा एक मकड़ी जाला तानने के लिए बार-बार प्रयत्न करती है, किंतु बार-बार असफल होती है, उसका तार हर बार टूट जाता है। राजा बड़े मनोयोग के साथ उसकी ओर देख रहा था, छह बार वह मकड़ी असफल हुई, किंतु सातवीं बार उसका मनोरथ पूरा हो गया, उसने जाले को तान ही लिया। ब्रूस के मन में एक नवीन स्फुरणा हुई। उसने कहा-यदि सातवीं बार मकड़ी सफल हो जाती है, तो मैं भी कृतकार्य हो सकता हूँ। अब की बार उसने दूने उत्साह के साथ सेना का संगठन किया और शत्रु पर चढ़ाई कर दी। इस हमले में उसे सचमुच विजय प्राप्त हुई और अपना खोया हुआ राज सिंहासन प्राप्त कर लिया।

QUIZ TIME

1) सिक्किम स्थापना दिवस कब मनाया जाता है?

2) हाल ही में दुनिया का पहला 6जी डिवाइस किस देश ने लॉन्च किया है?

3) हाल ही में आईएफएफसीको का अध्यक्ष किसे नियुक्त गया है?

4) सुनील गंगोपाध्याय का पहला उपन्यास कौन सा था?

5) हाल ही में किस राज्य की पहली महिला मंत्री कमला बेनीवाल का निधन हुआ है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 16 मई (2) जापान (3) दिलीप संघानी (4) आत्मप्रकाश (5) राजस्थान

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:32 , सूर्यास्तः 07:03
चन्द्रोदयः 15:20 , चन्द्रास्तः 27:12
अयन उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)
ऋतुः ग्रीष्म
शक सम्वतः 1946 (क्रोधी)
विक्रम सम्वतः 2081 (काल)
मास वैशाख , पक्ष शुक्ल
तिथि द्वादशी, नक्षत्र चित्रा
योग सिद्धि
प्रथम करण विष्टि (13:50 तक)
द्वितीय करण बव (26:57 तक)
॥ गोचर ग्रहाः ॥
सूर्य वृष , चंद्र कन्या
मंगल कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध - मेष (उदित, पूर्व, वक्री)
गुरु - वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
शुक्र - वृष (अस्त, पूर्व, मार्गी)
शनि - कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी)
राहु - मीन , केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार
अभिजित मुहूर्त 11:46 से 12:41
अमृत काल 20:33 से 22:20
द्विपुष्कर योग 27:16 से 29:20
सर्वार्थसिद्धि योग 05:21 से 27:16
अमृतसिद्धि योग 05:21 से 27:16
विजय मुहूर्त 14:31 से 15:26
गोधूलि मुहूर्त 19:05 से 19:25
सायाह्न सन्ध्या 19:06 से 20:08
निशिता मुहूर्त 23:53 से 24:34
राहुकाल 07:30 से 09:00

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिये समृद्धिकारक रहेगा। घर मे सुख के साधनों की वृद्धि होगी इसपर खर्च भी अधिक करना पड़ेगा।

वृषः आज के दिन आपकी वैचारिक एवं कल्पना शक्ति में वृद्धि होगी किसी भी कार्य मे पूर्वानुमान लगाने की खूबी सभी जगह से सम्मान दिलायेगी।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये अशांति से भरा रहेगा। दिन के आरंभ में कई दिनों से लटके कार्य पूरे करने की योजना बनाएंगे परन्तु आस-पास का वातावरण में कलह-क्लेश रहने से कोई भी कार्य ठीक से नही कर सकेंगे।

कर्कः आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त अन्य अधूरे कार्यो से भागदौड़ करनी पड़ेगी। सेहत में भी उतार चढ़ाव लगा रहेगा अपनी अथवा परिजनों की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे।

सिंहः आज के दिन आप ज्यादा परिश्रम करने के मूड में नही रहेंगे कार्य करते समय भी ध्यान मनोरंजन एवं आराम की ओर भटकेगा फिर भी आर्थिक दृष्टिकोण से दिन शुभ रहेगा।

कन्याः आज का दिन आप निश्चिन्त होकर बिताना पसंद करेंगे दिन के आरंभ से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनाएंगे लेकिन घर मे मेहमानों के अकस्मात आने से थोड़ी असुविधा होगी।

तुलाः आज का दिन आपको कुछ ना कुछ हानि अवश्य कराएगा। प्रत्येक कार्य को देखभाल कर ही करें।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये सम्मान जनक परिस्थितियां बनाएगा। दिन की शुरुआत आज धीमी रहेगी दैनिक कार्य विलंब से पूर्ण होंगे शरीर मे प्रमाद छाया रहेगा।

धनुः आज का दिन भी आपके अनुकूल रहने वाला है आज कार्य सफलता के साथ ही मनोरंजन के लिए भी समय निकाल लेंगे।

मकरः आज आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। लेकिन धार्मिक कार्यो में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे धार्मिक स्थानों की यात्रा दान पुण्य के अवसर मिलेंगे।

कुंभः आज का दिन आप मानसिक उलझनों में फंसे रहेंगे। दिन को शांति से बिताने की योजना पर सगे संबंधी पानी फेर सकते है।

मीनः आज का दिन आपके लिये सुख शांति वाला रहेगा परन्तु मन की चंचलता अधिक रहने से कारोबारी कार्य मे अनिर्णय की स्थिति किसी भी कार्य को सिरे नही चढ़ने देगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -061

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 060 का हल

दि	क्क	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

न्यूज गैलरी

चंद्रावती लायंस क्लब सम्मान की अध्यक्ष और अनीता सचिव

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब सम्मान की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें चंद्रवती देवांगन को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं नई कार्यकारिणी में सचिव पद की जिम्मेदारी अनीता झा और कोषाध्यक्ष गुंजन सिंह को बनाया गया। इसके अलावा क्लब एडमिनिस्ट्रेशन ऑफिसर ला रंजना भारती बनीं। बैठक के समापन पर सभी ने पीड़ित मानवता और जन कल्याण के लिए कार्य करने की शपथ ली।

9 करोड़ से बनेंगी नालियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम में 15वें वित्त आयोग के तहत 9 करोड़ के कार्यों का एस्टीमेट बनाया है। शासन से इसकी मंजूरी भी मिल चुकी है। आचार संहिता के हटते ही निगम अलग-अलग कार्यों के लिए टेंडर जारी करेगा। इसमें ज्यादा काम आरसीसी नाली का है। हालांकि बरसात में कार्यों पर असर भी पड़ेगा। यानी तय समय में कार्य पूरा नहीं हो पाएगा।

अवैध नल कनेक्शन से पाइप में लीकेज

बिलासपुर/नवप्रदेश। निगम में शामिल 15 गांवों और 3 निकायों को मिलाकर 46 हजार 900 वैध नल कनेक्शन हैं, लेकिन अवैध कनेक्शनधारियों की संख्या भी बढ़ी है। निगम के सर्वे में 5 हजार से अधिक अवैध कनेक्शनधारी हैं। अवैध कनेक्शन के चक्कर में लोग पेयजल की पाइप लाइन को छेद करते हैं, जिसके चलते लीकेज की समस्या आ रही है। सरकंडा के बंधवापारा और इमलीपारा में इस तरह की समस्या है। लोगों ने निगम में शिकायत भी की थी, लेकिन अब तक यहां कोई कार्रवाई नहीं की जरा सकी है।

बीमा एजेंट ने की आत्महत्या

बिलासपुर/नवप्रदेश। बीमा एजेंट के खुदकुशी मामले में तोरवा पुलिस ने लक्ष्मी नागरिक सहकारी बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। हेमूनगर निवासी सुभाष साहा लक्ष्मी नागरिक सहकारी बैंक रिंग रोड 2 में एजेंट का काम करता था। बैंक के अलावा एलआईसी, सहारा इंडिया व बैंक में कलेक्शन कमीशन एजेंट का काम करता था। उसके द्वारा कई ग्राहकों के रुपए कुछ महीने से जमा नहीं किए गए थे। इसे लेकर 15 दिन पहले बैंक ने नोटिस जारी कर उसे रकम जमा करने के लिए दबाव बनाया था। इससे सुभाष मानसिक रूप से परेशान था। उसने 13 मई को लालखदान फटाक दोमुहानी के पास ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से पुलिस को 12 पन्नों का सुसाइड नोट मिला था। इसमें उसने रकम जमा नहीं करने पर बैंक द्वारा दबाव बनाने बात लिखी थी।

घर दिलाने के नाम पर ठगी फरार आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाउसिंग बोर्ड के उपभोक्ताओं से नामांतरण कराने और लोगों को घर दिलाने के नाम पर रुपए लेकर भागने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को सिरगिट्टी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस एक साल से आरोपी की तलाश कर रही थी। शनिवार को उसके शहर में होने की सूचना मिलते ही पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चिल्हाटी निवासी रूपेश धनकर 35 वर्ष अभिलाषा परिसर स्थित कार्यालय में दैनिक वेतन भोगी के रूप में काम करता था। ऑफिस में नामांतरण व अन्य कार्य कराने के एवज में रुपए लेकर फरार हो गया। मनमोहन मोहंती ने उसे 8 मार्च 2023 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया था कि रूपेश धनकर गृह निर्माण मंडल देवरीखुर्द में मकान खरीदने के एवज में 50300 रुपए फोन-पे, 50000 रुपए नगर व प्रार्थी की बहन संध्या रानी मोहंती से 50300 रुपए समेत कुल 190600 रुपए लेकर फरार हो गया है। मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी।

सूने मकान में मिली युवक की लाश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मोपका पुलिस चौकी क्षेत्र के चिल्हाटी में एक सूने मकान में फांसी पर लटका शव मिला। शव सड़ने लगा तो दुर्गंध आने लगी। जिसके बाद पड़ोसियों ने डायल-112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। शनिवार दोपहर तीन बजे पुलिस चौकी के स्टाफ ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोपका पुलिस चौकी के प्रभारी गिरधारी साव ने बताया कि तालापारा निवासी मोहम्मद अरशद कुरैशी 28 वर्ष पिता हफीज कुरैशी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चिल्हाटी के एलआईजी क्वार्टर नंबर 20 में किराए से रह रहा था। पंचनामा के लिए मृतक की बड़ी बहन डॉक्टर आरजू कुरैशी ने शिनाख्त की। चौकी प्रभारी ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में पता चला कि युवक 15 दिन पहले घर में किसी विवाद से नाराज होकर चिल्हाटी में रहने लगा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, लाश की हालत से लग रहा था कि युवक ने दो दिन पहले खुदकुशी की होगी। पता चला कि युवक का एक अन्य समुदाय की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसे शव के पंचनामा के वक्त भी बुलाया गया था। मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोपका पुलिस का कहना है कि, मृतक के पिता के बयान अभी नहीं हो पाए हैं। जिससे यह पता चले कि आखिर खुदकुशी के पीछे क्या कारण थे। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। मकान मालिक सकरी निवासी राठौर के मुताबिक युवक ने 15 दिन पहले ही उससे कमरा किराए पर लिया था।

तीन दिनों से ढांचा हटाने का काम,100 से ज्यादा होर्डिंग्स खतरनाक

100 फीट ऊंचे होर्डिंग्स

बिलासपुर/नवप्रदेश। उसलापुर फ्लाईओवर ब्रिज के पास तिर्मंजिला बिल्डिंग की छत पर लगाए गए 100 फीट ऊंचे 3 होर्डिंग और उसके स्ट्रक्चर को हटाने निगम अमला तीन दिनों से लगातार मशक्कत कर रहा है। मुंबई में होर्डिंग हादसे से सबक लेकर नगर निगम प्रशासन और अतिक्रमण निवारण दस्ता खतरनाक होर्डिंग के खिलाफ एक्शन में है। दिलचस्प बात यह है कि लोगों की जान के लिए खतरा बने उक्त होर्डिंग, स्ट्रक्चर को हटाने के लिए निगम को कटर स्पेशलिस्ट बुलाने पड़े और कर्मचारियों की सेफ्टी के लिए करीब 30 हजार की सामग्री खरीदनी पड़ी।

अतिक्रमण निवारण दस्ते के प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि उसलापुर रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के पास राकेश सिंघल पिता श्यामलाल सिंघल की फर्म रोहित ग्रेनाइट की तिर्मंजिली बिल्डिंग की छत पर 100 फीट ऊंचा होर्डिंग, स्ट्रक्चर खड़ा किया गया है। तेज हवा और आंधी-

तूफान से लोगों की जान माल को खतरा है। इसलिए नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने इसके सहित शहर के सभी खतरनाक होर्डिंग हटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि शहर में ऐसे खतरनाक होर्डिंग, स्ट्रक्चर की संख्या 100 से ज्यादा होगी, जिन्हें हटाया जाएगा। रोहित सिंघल की तिर्मंजिला बिल्डिंग की छत पर 60 बाई 40,30 बाई 30 और 15 बाई 30 के तीन होर्डिंग, फ्लेक्स लगाए गए थे। इन्हें हटाने में निगम अमले को शनिवार दिन भर का वक्त लग गया। स्ट्रक्चर 100 फीट की ऊंचाई पर होने, जगह-जगह वेल्डिंग होने के कारण उसे काटने के लिए निगम को दो कटर मशीनें खरीदनी पड़ी और कटर स्पेशलिस्ट बुलवाना पड़ा। अवैध होर्डिंग लगाने के मामले में बिल्डिंग के संचालक रोहित सिंघल के अलावा एडवरटाइजर पीवीआर अनिल तिवारी, उमा तिवारी को नोटिस दी गई है। इनके खिलाफ पेनाल्टी लगाई जाएगी। होर्डिंग हटाने पर होने वाले सारे खर्चे की वसूली की जाएगी। कथित होर्डिंग दिसंबर 2023 में लगाया गया था, लेकिन अफसर नोटिस देकर कार्रवाई से परहेज कर रहे थे, इसलिए इसके पीछे सांठगांठ की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। नगर निगम में होर्डिंग और विज्ञापन शाखा को पैसे वाला माना जाता है। इस बात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 5 एडवरटाइजरों पर 3 करोड़ से अधिक बकाया वर्षों से है। बकाएदारों में प्रति पब्लिसिटी पर 75 लाख, विजय एडवरटाइजर पर 1.56 करोड़, अरूषी एडवरटाइजर पर 16 लाख और कुछ अन्य पर लाखों रुपए बकाया है।

निर्माणाधीन कार्यों को बारिश से पहले पूरा करें

आवासीय मकानों का सप्ताह में दो दिन इंजीनियर मुआयना करें

कमांड सेंटर में निगम कमिश्नर ने ली समीक्षा बैठक

बिलासपुर/नवप्रदेश। चुनावी व्यस्तता निपटने के बाद निगम कमिश्नर अमित कुमार ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। तारबाहर स्थित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में आयोजित बैठक में निगम कमिश्नर श्री कुमार ने 15 वें वित्त, अधोसंरचना मद समेत अन्य योजनाओं द्वारा संचालित निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी निर्माणाधीन कार्यों को बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इसके अलावा इन योजनाओं के अंतर्गत अप्रारंभ कार्यों में आ रही सभी रूकावटों को दूर कर जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए है।

समीक्षा बैठक में निगम कमिश्नर अमित कुमार ने प्रधानमंत्री आवास के तहत मोर जमीन मोर चिन्हारी घटक के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान निर्माण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा सूडा द्वारा नियुक्त फील्ड एक्जीक्यूटिव की संख्या बढ़ाते हुए सभी आठ जोन में एक एक्जीक्यूटिव को पदस्थ करने के निर्देश दिए। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पीएम आवास योजनांतर्गत निर्माणाधीन मकान का जोन के इंजीनियरों को सप्ताह में दो दिन और जोन कमिश्नर को एक दिन निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। एसआरएलम सेंटर में व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्वच्छता दीदीयों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने को कहा। इसके अलावा वेस्ट सामग्री कलेक्शन के कार्य में बदलाव लाते हुए गाड़ियों में स्वच्छता दीदी को भी शामिल करने के निर्देश दिए। इसके अलावा घरों से एकत्रित करने होने वाले कचरा कलेक्शन के कार्य शत प्रतिशत घरों से हो यें सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

बारिश के पहले नाले-नालियों की सफाई

बैठक में निगम कमिश्नर अमित कुमार ने सभी जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य विभाग और इंजीनियरों को निर्देश देते हुए कहा सफाई के दूसरे चरण के तहत की बारिश के पूर्व शहर के सभी नाला-नालियों की सफाई पूरी कर लें ताकि बारिश में नाला जाम और पानी भरने की समस्या ना आएं। ज्ञात है की निगम ने अप्रैल माह में सफाई के प्रथम चरण के तहत शहर के सभी नाला-नालियों को साफ किया था। इसके बाद बारिश के पहले दूसरे चरण के तहत एक बार फिर सफाई की योजना तैयार की है।

दूसरे पते पर नोटिस फिर तलाक हाईकोर्ट ने पलटा फैसला

दूसरी शादी की तब पत्नी को पता चला हो चुका है तलाक

बिलासपुर/नवप्रदेश। नोटिस की तामील महज औपचारिकता नहीं है और यह वास्तविक और सार्थक होना चाहिए, ताकि दूसरे पक्ष का न्यायालय के समक्ष उचित प्रतिनिधित्व हो सके। ये टिप्पणी हाईकोर्ट ने परिवार न्यायालय धमतरी के तलाक के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की है। पति जब दूसरी शादी कर लिया तब पत्नी को जानकारी मिली कि परिवार न्यायालय ने पति को तलाक की अनुमति दे दी है। याचिकाकर्ता पत्नी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर गुहार लगाई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने याचिकाकर्ता को दोबारा परिवार न्यायालय में आवेदन पेश करने और परिवार न्यायालय को मामले की नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, महिला के पति ने परिवार न्यायालय में पत्नी के खिलाफ शिकायत करते हुए तलाक की अर्जी लगाई थी। महिला के दो अलग-अलग पते थे। पति ने साजिश के तहत पत्नी का दूसरा पता कोर्ट को दिया था, जिससे उसी पते पर नोटिस भेजा जाता रहा। पत्नी के लगातार अनुपस्थित रहने पर कोर्ट ने पति के पक्ष में एकतरफा फैसला सुनाते हुए तलाक की अर्जी को मंजूर कर लिया। महिला को इसकी जानकारी तब हुई जब उसका पति दूसरी

शादी कर ली। ऐसे में उन्होंने परिवार न्यायालय के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी। अब कोर्ट ने इस मामले की पुनः सुनवाई का आदेश दिया है, ताकि दोनों पक्षों की ओर से अपना पक्ष रखा जा सके। याचिकाकर्ता करुणा साव ने अपनी याचिका में बताया है कि 29 अप्रैल 2016 को मनेंद्र साहू के साथ उनका विवाह हुआ। छह साल बाद 31 मार्च 2022 को परिवार न्यायालय ने पति की याचिका पर एकपक्षीय आदेश जारी करते हुए तलाक की अनुमति दे दी है। इस दौरान उनका पक्ष नहीं सुना गया है। याचिका के अनुसार अधिनियम 1955 की धारा 13 के तहत परिवार न्यायालय के समक्ष दायर तलाक की याचिका पर उसे कोई नोटिस नहीं दिया गया था। तलाक के आवेदन में पति ने उनका दो अलग-अलग पता लिखा है। लिहाजा जिस जगह पर वह निवास करती है वहां कोर्ट का कोई नोटिस मिला ही नहीं है। वह तलाक की डिक्री तभी जान जान पाई जब पति ने दूसरी शादी कर ली।

कोयला की हेराफेरी, डिपो सुपरवाइज़र सहित ट्रेलर चालक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रतनपुर थाना निरीक्षक आईपीएस अजय कुमार और उसकी टीम ने कार्रवाई करते हुए कोयला मिलावट कर हेराफेरी करते डिपो सुपरवाइज़र सहित ट्रेलर चालक गिरफतार किया है। अजय कुमार के नेतृत्व में रतन पुर पुलिस द्वारा, अवैध शराब, जमीन धोखाधड़ी, कोयला के अवैध व्यापार के खिलाफ की जा रही लगातार और प्रभावी कार्रवाई से गलत कार्य करने वालो में हड़कंप मचा हुआ है। कार्रवाई में ट्रेलर वाहन कोयला से भरा हुआ जब्त किया गया। सुपरवाइजर के पास से कोयला बिक्री की रकम 5000 रूपए बरामद किया गया ।

जानकारी के मुताबिक दिनेश पटेल निवासी दोनासागर रतनपुर जो

के.डी. रिसोर्सेज प्राईवेट लिमिटेड में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। थाना रतनपुर आकर शिकायत दर्ज कराया कि इसके कंपनी में गेवरा से कोटा रेलवे साईडिंग तक कोयला सप्लाई का काम किया जा रहा हैं। ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीसी 1683 भी कोयला सप्लाई में लगा हुआ हैं। 16 मई को उक्त ट्रेलर से गेवरा कोयला खदान से उच्च गुणवत्ता कोयला लोड कर कोटा रवाना हुआ था जो समय पर नहीं पहुंचने पर ट्रेलर का पता करने पर ट्रेलर चालक मनोज प्रजापति के द्वारा लिम्हा बेलतरा स्थित कश्यप कोल डिपो में संचालक आकाश सिंघल तथा उसके कर्मचारी मिलकर उच्च गुणवत्ता के कोयले का करीब 10 टन बिक्री कर गुणवत्ताहीन कोयला लोड कर हेराफेरी कर रहे थे। धोखाधड़ी करने की रिपोर्ट पर रतनपुर पुलिस प्रभारी आईपीएस अजय कुमार के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये उक्त ट्रेलर तथा चालक के पतासाजी हेतु टीम के साथ हाईवे मार्ग पर बेलतरा की ओर रवाना हुआ। उक्त ट्रेलर जाली के पास हाईवे मार्ग पर मिला जिसे रोककर पूछताछ करने पर ट्रेलर चालक के द्वारा उच्च गुणवत्ता कोयला बिक्री कर उसमें वजन बराबर करने हेतु गुणवत्ताहीन कोयला मिलावट करना बताया है। कोयला बिक्री रकम 5000 रू सहित कोयले से भरा ट्रेलर को जप्त किया गया है। आरोपी चालक मनोज प्रजापति पिता स्व. रमेश कुमार प्रजापति 43 वर्ष निवासी मिलकिन डेरा फतेहपुर उप्र तथा कोलडिपो मैनेजर अश्वन कुर्रे पिता स्व. रामरतन कुर्रे 34 वर्ष निवासी धौराभाठा हिर्री को गिरफतार किया गया है। अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

रेलकर्मी सतर्कता व सजगता से करें कार्य

हिमगीर स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी आयोजित

बिलासपुर/नवप्रदेश। मंडल रेल प्रबंधक प्रवीण पाण्डेय के मार्गदर्शन में मंडल संरक्षा विभाग द्वारा संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में सजगता के साथ संरक्षित कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने हेतु अनेक संरक्षा अभियान चलाये जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज हिमगीर स्टेशन में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन, एआरएम ब्रजराजनगर दीपक पारीख एवं संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक ट्रेन मैनेजर, फिटर, एसएसई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन, सहित सभी विभागों के रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।

संगोष्ठी में दुर्घनाओं के संभावित कारणों को पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया तथा दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों एवं इस दौरान ली जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही सिग्नल एवं पाइंट्स खराब होने पर स्टेशन मास्टर के कर्तव्य, शंटिंग के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, ओएचई ब्लाक के दौरान ली जाने वाली सावधानियां, रेल फ्रेक्चर तथा वेल्ड फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, साइडिंग में दुर्घटनाओं की रोकथाम, लोडिंग व अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद होना सुनिश्चित करना, नान-सिग्नलिंग में गाडी चलाने के दौरान चालक एवं सहायक चालकों का कर्तव्य, शंटिंग के समय ट्रेन मैनेजर के कर्तव्य, आपदा प्रबंधन एवं स्पेड से बचाव के तरीकों जैसे अनेक गहन मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इसके साथ ही साथ नागरिक सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा फायर फाइटिंग एवं प्रथमोपचार की भी प्रशिक्षण दी गई । संगोष्ठी में अधिकारियों द्वारा संरक्षा नियमों की जानकारी अद्यतन रखने तथा संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता एवं सजगता के साथ करने की सलाह दी गई।

जनसहयोग से होगी तालाबों की सफाई

निगम शुरू करने जा रहा अभियान तरिया उत्थान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जल संरक्षण और उसके संवर्धन की दिशा में नगर निगम अनूठा अभियान चलाने जा रही है जिसका नाम तरिया उत्थान रखा गया है। जनसहयोग से शहर के सभी तालाबों की सफाई और गहरीकरण का कार्य किया जाएगा ताकि बारिश के पहले शहर के सभी तालाब साफ हो सकें और जल भराव की क्षमता बढ़ सकें। जल्द ही निगम इस अभियान की शुरूआत करने जा रही है। निगम प्रशासन ने इस अभियान से जुड़ने के लिए आमजन और समाजिक संगठनों से अपील किया है।

जल स्तर को बेहतर करने और तालाबों को एक नया जीवन देने के लिए उपलब्ध तालाबों की सफाई और गहरीकरण आवश्यक है। इससे ना सिर्फ तालाब साफ सूथरे होंगे बल्कि गहरीकरण से तालाब की जल धारण करने की क्षमता भी बढ़ेगी।

इससे तालाब के आस-पास के भू जल स्तर में सुधार आएगी। सफाई से तालाब दूषित होने से बचेंगे। जल सरंक्षण और संवर्धन की दिशा नगर निगम का यह अभियान तरिया उत्थान काफी कारगार साबित होगा।

सेमीनार डॉ. सी.व्ही रमन विवि में भारतीय समाज में तृतीय लिंग समुदाय का अस्तित्व संघर्ष व अधिकार विषय पर सेमीनार

थर्ड जेंडर को मुख्य धारा से जोड़ने की जिम्मेदारी समाज की: कुलपति

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सी.व्ही रमन विश्वविद्यालय में भारतीय समाज में तृतीय लिंग समुदाय का अस्तित्व संघर्ष एवं अधिकार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ ट्रांसजेंडर के अध्यक्ष विजय अरोरा ने भारतीय समाज में तृतीय लिंग समुदाय के अस्तित्व संघर्ष एवं अधिकारों के बारे में खुलकर चर्चा की।

इस अवसर पर उपस्थित छत्तीसगढ़ ट्रांसजेंडर के अध्यक्ष विजय अरोरा ने कहा कि आज तृतीय वर्ग समुदाय को सबसे ज्यादा संघर्ष अपने अपनों से करना पड़ता है, माता-पिता, परिवार समाज के लोगों को अधिक से अधिक संवेदनशील होकर उनकी भावनाओं को समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह वर्ग बहुत ही मानसिक संघर्ष करता है. ऐसे में आज सरकार, व्यक्ति और समाज का हर वर्ग उनके उत्थान के लिए सामूहिक प्रयास करें, तब ही वे मुख्यधारा से जुड़कर अपने जीवन को सार्थक कर सकेंगे. विजय अरोरा ने अपने जीवन के संघर्षों को सभी से साझा साझा किया और समाज से होने वाली परेशानियों को भी बताया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग विनय कुमार पाठक ने बताया कि प्राचीन काल में किन्नर को सम्मान दिया जाता था, लेकिन मुगल काल में इन्हें विकृत स्थान दिया गया और बेगम की सुरक्षा सहित अन्य

कार्य इन से कराए जाते थे. इसके बाद अंग्रेजों द्वारा लागू किए गए गलत कानून में 1871 से 1951 तक वह ज्यादा परेशान हुए। आज भी इन्हें परेशान होना पड़ रहा है। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने कहा कि गर्भ संहिता में उल्लेख है, कि स्त्री और पुरुष की बीज शक्तियां जब बराबर होती हैं, तब किन्नर का जन्म होता है, और यह कहा जा सकता है कि वास्तव में एक किन्नर में स्त्री और पुरुष दोनों के सर्वगुण विद्यमान होते हैं तो इस दृष्टि से वह समाज का सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानव होता है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही ऐसा माध्यम है जिससे हम पूरे समाज में इस समुदाय के प्रति संवेदनशील होने के लिए काम कर सकते हैं। डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय सदैव इस दिशा में काम करेगा। हम उनकी शिक्षा में सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर स्वागत भाषण सामाजिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. काजल मोइत्रा ने दिया। इस अवसर पर कला संकाय के अधिष्ठाता डॉक्टर वेद प्रकाश मिश्रा ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. महेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की आयोजन सचिव सचिव डॉ. रिचा यादव तथा सामाजिक विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. राम रतन साहू, डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, डॉ. रत्नेश खन्ना, डॉ. अंजू तिवारी, डॉ. सरिता मिश्रा, डॉ. अंजली सराफ, डॉ. रेनू शरण, डॉ. संध्या जायसवाल, संजीव कुमार पाठक, डॉ. रीता बाजपेई, प्रभात मिश्रा सहित विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापकगण, शोधार्थी, विद्यार्थी व प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

सचिव दुग्गा ने एकलव्य विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा का किया निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2024 हेतु आयोजित प्रवेश परीक्षा का अंतागढ़ में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के सचिव श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा ने निरीक्षण किया। श्री दुग्गा ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अंतागढ़ (परीक्षा केंद्र कोड 3321) के द्वारा परीक्षा के संचालन, परीक्षा केंद्र में पेयजल, स्वास्थ्य, सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। साथ ही छात्रों एवं पालकों से चर्चा करते हुए उनको एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के बारे में अवगत कराया। उन्होंने परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। निरीक्षण के दौरान श्री एल. आर. कुर्रे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कांकेर सहित अधिकारीगण उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा के दौरान कुल 2 हजार 469 विद्यार्थियों में से 02 हजार 132 विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित रहे और 373 अनुपस्थित रहे।

सीएम को प्रीतेश ने भगवान राम की मूर्ति भेंट की

धमतरी/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय से भाजपा के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने मुलाकात की। इस दौरान प्रभु श्रीराम की अयोध्या में प्रतिष्ठित बाल्यकाल की प्रतिमा का प्रतिरुप एवं बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर से अभिमंत्रित अंगवस्त्र भेंट किया। प्रीतेश गांधी ने मुख्यमंत्री को विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए फिर एक बार मोदी सरकार के साथ छत्तीसगढ़ राज्य के समृद्धि एवं खुशहाली के लिए बाबा काशी विश्वनाथ में किए गए विशेष अनुष्ठान एवं मां गंगा पूजा से अवगत कराया।

कांकेर पुलिस ने 5 साल से गुम इंसान को ढूंढ निकाला, परिजनों को सौंपा

■ गुम 4 महिला 3 पुरुष, सहित-7 का पुलिस ने रेस्क्यू कर महाराष्ट्र राज्य से लाया गया

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर पुलिस को गुम इंसान खोजने मे बड़ी सफ्लता मिली है। कांकेर पुलिस ने जिले के गुम इंसानों में 04 महिला 03 पुरूष कुल-07 गुम इंसान को खोज निकाला है। इन गुम इंसानों को महाराष्ट्र राज्य से ढूंढ़ निकाला है।

कांकेर पुलिस अधीक्षक आई.के.एलिसेला के निर्देशन एवं श्रीमति मनीषा ठाकुर रावटे के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में कांकेर पुलिस द्वारा 04 महिला, 03 पुरुष कुल-07 गुम इंसान को ढूंढ निकालने में सफ्लता प्राप्त हुई है। 27 मई 2019 को हटकाचारामा की महिला प्रमीला नरेटी पति मोतीराम नरेटी उम्र 37 साल घर से बिना बताये कही चली गयी, प्रार्थी पति की रिपोर्ट पर 01.जून 2019 को चौकी हल्बा में गुम इंसान क 19/2019 कायम कर जांच पतासाजी मे लिया गया था। हटकाचारामा के ही पुरूष धनपाल कुंजाम पिता स्व. कुंवर सिंह कुंजाम उम्र 28 साल निवासी हटकाचारामा चौकी हल्बा 29 मई.2019 को घर से बिना बताये कही चला गया, प्रार्थी भाई की रिपोर्ट पर 02 जून 2019 को चौकी हल्बा में गुम इंसान क 20/2019 कायम कर जांच पतासाजी मे लिया गया। दोनो गुम इंसान एक ही गांव के होंने से दोनो का जांच पतासाजी साथ-साथ किया जा रहा था, इसी तरह थाना बड़गांव के गुम इंसान कुमारी रीतुसा साहु उम्र 18 साल निवासी बड़गांव 30 अप्रैल 2024 को घर से बिना बताये कही चली गई है प्रार्थी पिता किशोर साहु की रिपोर्ट पर थाना बड़गांव में गुम इंसान क 02/2024 दर्ज किया गया व थाना पखांजुर के गुम इंसान श्रीमति लिपिका सिकदार पति प्रीतम उम्र 22 साल निवासी पी.वी.43 श्रीराम नगर 11 मई 2024 को बिना बताये कही चली गई थी, प्रार्थी पति की रिपोर्ट पर थाना पखांजुर 12.मई 24 को गुम इंसान क्र 10/2024 कायम कर जांच पतासाजी मे लिया गया था, कांकेर के गुम इंसान सुनील कुमार शर्मा पिता रामनंदन शर्मा उम्र 28 साल निवासी एमजी वार्ड कांकेर 08.अप्रैल 2024 को घर से बिना बताये कही चला गया था प्रार्थी पत्नी भारती शर्मा की रिपोर्ट पर 15.अप्रैल 2024 को थाना कांकेर में गुम इंसान क्रमांक 43/2024 दर्ज कर, चौकी दुधावा के गुम इंसान क्रमांक 27/2024 देवव्रत जैन पिता लालचंद जैन उम्र 27 वर्ष साकिन भीमाडीही एवं थाना नरहरपुर के गुमइंसान क्रमांक 20/2024 कुमारी मधुलिका नेताम उम्र 23 वर्ष साकिन उरैया (नयापारा) का जांच पतासाजी किया जा रहा था उपरोक्त सभी गुम इंसान के पतासाजी पर अथक प्रयास के बावजूद किसी प्रकार का कोई सुराग नही मिलने पता नही चलने से मामले के गंभीरता को देखते हुये टीम तैयार कर गुम इंसान के संबंध में वरिष्ठ अधिकारी से मिले निर्देशो से कड़ी मेहनत एवं लगन के साथ गुम इंसान के संबंध में सुराग लगाकर सायबर सेल की मदद से भरसक प्रयास कर चौकी हल्बा पुलिस स्टॉफ द्वारा गुम इंसान प्रमीला नरेटी एवं धनपाल कुंजाम को रायपुर उरला, थाना बड़गांव पुलिस स्टाफ द्वारा गुम इंसान कुमारी रीतुसा साहु को चंद्रपुर महाराष्ट्र, थाना पांजुर पुलिस स्टाफ द्वारा गुम इंसान श्रीमति लिपिका सिकदार को ग्राम मुस्का गढ़चिरौली महाराष्ट्र, थाना कांकेर पुलिस स्टॉफद्वारा गुम इंसान सुनील को कांकेर, नरहरपुर पुलिस स्टॉफ द्वारा कुमारी मधुलिका नेताम एवं चौकी दुधावा पुलिस स्टॉफ द्वारा देवव्रत जैन को दस्तायाब किया गया।

जन सहयोग संस्था का स्वच्छता अभियान मिशन

■ संविधान निर्माता डा.आंबेडकर की प्रतिमा स्थल पर चलाई गई स्वच्छता अभियान

कांकेर/नवप्रदेश। समाजसेवी संस्था जन सहयोग तथा अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के समाज सेवकों द्वारा अजय पप्पू मोटवानी के नेतृत्व में आज सुबह कई घंटों तक संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर की कलेक्टोरेट के समक्ष स्थित प्रतिमा की जमकर साफ़ सफाई की गई तथा ज़िला कार्यालय जाने वाले मार्ग को भी अपने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ़ सुथरा कर दिया। विगत दिनों आए आंधी तूफ़ान के कारण इस क्षेत्र में बहुत सारा कचरा एकत्र होकर इस सुंदर इलाके की रौनक बिगाड़ रहा था, जिसे आज समाज सेवकों ने मिलकर एक बार फ़िर स्वच्छ कर दिया है। आज के इस स्वच्छता अभियान में अपनी ओर से श्रमदान करने वाले ÷जन सहयोग के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी सहित पूर्व सैनिक सेवा परिषद के साथी टी के जैन, संयोग साहू, बल्लूराम यादव, करण नेताम, करण यादव ,जितेंद्र प्रताप देव, प्रवीण गुप्ता, पप्पू साहू, भूपेंद्र यादव ,शैलेंद्र देहारी, बंटी देहारी, डोमेश वलेचा, दीपक यादव, गजेंद्र ठाकुर आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। कार्यक्रम के अंत में सबने मिलकर भारत माता की जय तथा संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जी के जयकारे लगाए।

फीमेल डॉगी ने जहरीले सांप से बचाई अपने मालिक की जान

कांकेर/नवप्रदेश। कुछ साल पहले कांकेर नगर से सटे गांव माटवाड़ा लाल में एक परिवार के यहां पालतू जर्मन शेफर्ड डॉग डेजी भालू के साथ भिड़ गया। उसने अपनी बहादुरी से भालू को खदेड़ दिया और कर अपने मालिक की जान बचाई, जो काफी सुर्खियों में रहा था। वहीं डॉगी डेजी एक बार फिर चर्चा में है। इस बार डेजी ने जहरीले सांप से अपने मालिक की जान बचाई है।

मालिक को बचाने सांप से भिड़ी डॉगी डेजीः इस बार डेजी अपने मालिक के घर में घुस आए सांप से भिड़ गया। डेजी सांप को पूरे तरीके से दम टूटने तक मारने के बाद ही उस जगह से हटा। डेजी के इस बहादुरी एक बार फिर पूरे गांव में चर्चा का विषय बन गया है। जहां जाओ लोग सिर्फ फीमेल डॉग डेजी की बहादुरी की तारीफ करते थम नहीं रहे।

अगर आज डेजी नहीं होती, तो उन्हें कुछ भी हो सकता था। उनकी जिंदगी बचाने वाली उनकी प्यारी फीमेल डॉग ही है। इससे पहले भालू से जान बचाई थी,

अब एक जहरीले सांप से बचाई है. - रोशन साहू, डॉगी डेजी के मालिक

कांकेर के माटवाड़ा लाल गांव निवासी रोशन साहू का वफादार पालतू डॉग डेजी कभी अपने मालिक की जान बचाने के लिए भालू से भिड़कर उसे खदेड़ देता है तो कभी परिवार के रक्षा के लिए जहरीले सांप से भिड़ जाता है। डॉगी की इस बहादुरी की चर्चा केवल माटवाड़ा लाल गांव में नहीं बल्कि पूरे अंचल में चर्चा का विषय है।

कांकेर में जंगली जानवरों की दहशतः कांकेर में हमेशा जंगली जानवरों की दहशत रहती है। यहां तेंदुआ, भालू और हाथी के हमले होना आम बात है। कांकेर के रिहायशी इलाकों में जंगली जानवर आ रहे हैं। जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।

18 लाख की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र के खिलाफ पूर्व पार्षद और वार्डवासियों ने खोला मोर्चा

■ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ओम कंस्ट्रक्शन के निर्माण कार्य की जांच मांग

■ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है जांच की मांग की गई है कार्यवाही नहीं होने पर करेंगे प्रदर्शन :यासीन

कांकेर/नवप्रदेश। पालिकाध्यक्ष के वार्ड संजय नगर में तकरीबन 18 लाख की लागत से बनाई जा रही नौनिहाल बच्चो के आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कछुआ गति से चलने के कारण बीते दो साल से आज पर्यंत तक अधूरा पड़ा हुआ है।अधूरे भवन के कारण नौनिहाल बच्चो की क्लास सरकारी प्राथमिक स्कूल में लगाई जा रही है नौनिहाल बच्चो के आंगनबाड़ी भवन होने के बावजूद स्कूल में संचालित होने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवम सहायिका को परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।इतना ही नहीं नपा अध्यक्ष के वार्ड संजय नगर में विगत दो साल से बनाई जा रही आंगन बाड़ी भवन निर्माण कार्य घटिया व गुणवताहीन बनाने की खबर को दैनिक नवप्रदेश ने 10 मई को बड़ी ही प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

खबर के बाद संजय नगर के पूर्व पार्षद यासीन कराणी वार्ड वासियों के साथ मिलकर कांकेर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर

लिखित शिकायत करते हुए ओम कंस्ट्रशान के विभिन्न घटिया निर्माण की जांच करने की मांग किया गया है। साथ ही ठेकेदार ओम कंस्ट्रक्शन से किया जा चुका है। फ़िर भी ठेकेदार ने 18 लाख की लागत से बनने वाली आंगनबाड़ी भवन निर्माण में नियम को ताक में रखकर घटिया निर्माण करते हुए नियमो की धज्जियां उड़ाई जा रही है!

ज्ञापन सौंपने पश्चात पूर्व पार्षद यासीन ने बताया कि वार्ड में बीते दो साल से डीएमएफ योजना अन्तर्गत ठेकेदार मे.ओम कंस्ट्रक्शन कांकेर के द्वारा आंगनबाड़ी भवन सह अहाता निर्माण किया जा रहा है।उक्त निर्माण कार्य प्रारंभ किये लगभग दो वर्ष पूर्ण होने जा रहा है किन्तु खेद का विषय है कि उक्त आंगनवाड़ी भवन निर्माण आज पर्यन्त पूर्ण नहीं हो सका है जिससे संजय नगर वार्ड में आंगनबाडी केन्द्र का संचालन करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा हैसंजय नगर वार्ड में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन किया जा रहा है।पूर्व पार्षद यासीन कराणी ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए संजय नगर वार्ड में ठेकेदार मे.ओम कंस्ट्रक्शन संजू अहिरवार द्वारा किये जा रहे गुणवत्ताहीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग किया गया है साथ ही संबंधित ठेकेदार को यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए नौनिहाल बच्चो के निर्माणधीन आंगनबाड़ी में अपनी शिक्षा ग्रहण कर सके और केन्द्र का संचालन सुचारू रूप से संचालित हो सके।

दो साल में भी नहीं बना नया आंगनबाड़ी भवन

आंगनबाड़ी केंद्र घटिया पानी की पर्याप्त व्यवस्था के बावजूद क्यूरिंग नहीं.....!

पार्षद यासीन ने बताया की आंगनबाड़ी भवन निर्माण के दौरान पानी टैंकर के माध्यम से पानी की व्यवस्था एवं नगरपालिका द्वारा उक्त स्थल पर पेयजल हेतु स्टेण्ड पोस्ट की व्यवस्था की गई है किन्तु ठेकेदार आंगनबाड़ी केंद्र की सही ढंग से क्यूरिंग तक नही किया गया है। बता दें की नगरीय क्षेत्र के अन्य वार्डो में भी आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है जो पूर्ण हो चुका है किन्तु संजय नगर वार्ड में आंगनबाड़ी भवन दो वर्ष व्यतीत होने के उपरांत भी आज पर्यन्त पूर्ण नहीं किया गया है।

कृषि भूमि पर धड़ल्ले से बन रहे पक्के मकान

■ ग्रीनलैंड का भूमि उपयोग बदलकर हो रहे मालामाल

राजिम/नवप्रदेश। शहर में आज से 15 से 20 साल पहले खेतीहर भूमि की भरमार थी। जानकारी के मुताबिक यहां के 80त्न आबादी केवल कृषि कार्य पर ही आधारित है। इनसे जो मुनाफ होता है उसी से घर परिवार का जीव कोपार्जन चलता है। अब तो खेती करने की भूमि पर दुर्ग, भिलाई, रायपुर के दलालों की टेड़ी नजर पड़ गई है। किसानों को ऊंचे दामों

पर खरीदने की लालच देकर उनकी खेती करने की भूमि को खरीद रहे हैं और वह जमीन बेचने के बाद कुछ दिन किसान मालामाल रहते हैं उसके बाद बेरोजगार होते जा रहे हैं जो बहुत बड़ी चिंता का कारण बन रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी गरियाबंद देवभोग मार्ग में राजिम से लेकर चौबेबांधा, सिंधौरी, बरोंड़ा, श्यामनगर, सुरसाबांधा, तर्रा, कोपरा तक के रोड किनारे की जमीन पर धड़ल्ले से सौदा हो रहे हैं। अब सड़क किनारे की जमीन पर किसानों का अधिकार नहीं रह गया है बल्कि बाहर से आए व्यापारी या फ़िर कॉलोनी के लिए खरीदी बिक्री हो गई है। बताना होगा कि राजिम से गरियाबंद मार्ग पर लगातार 4 से 5 की संख्या में नए राइस मील खड़े हो चुके हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष

राजनाथ, राहुल, स्मृति, उमर...

साथ ही मुख्य चुनाव अधिकारियों एवं जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी और लू जैसे हालात को देखते हुये उचित प्रबंधन करने के लिये पर्याप्त उपाय करने की सलाह दी गयी है। चुनाव कर्मियों को मशीनों और सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर दिया गया है।

केंद्रों में छाया, पेयजल, रैंप की व्यवस्था

साथ ही यह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये हैं कि मतदान आरामदायक और सुरक्षित वातावरण में हो। मतदान केंद्र पर पर्याप्त छाया, पेयजल, रैंप, शौचालय और अन्य बुनियादी सुविधायें हों। आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर आने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है।

इस चरण के प्रमुख उम्मीदवारों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल, साध्वी निरंजन ज्योति, कौशल किशोर, डॉ प्रवीण भारती पवार, शान्तनु ठाकुर, कपिल पाटिल, अन्नपूर्णा देवी, भाजपा नेता राजीव प्रताप रूड़ी और राष्ट्रीय जनता दल की रोहिणी आचार्य शामिल हैं।

उत्तर प्रदेश की 14 सीटें

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में उत्तर प्रदेश की जिन 14 सीटों पर सोमवार को मतदान होगा, उनमें मोहनलाल गंज (सु.), लखनऊ, रायबरेली, अमेठी, जालौन (सु.), झाँसी, हमीरपुर, बांदा, फ्तेहपुर, कौशाम्बी (सु.), बाराबंकी (सु.), फैजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा शामिल हैं। इसमें से 10 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और चार सीटें सुरक्षित हैं।

महाराष्ट्र की सीटें

महाराष्ट्र में धुले, डिंडोरी, नासिक, पालघर, भिवंडी, कल्याण, थाने, मुंबई उत्तर, मुंबई उत्तर-पश्चिम, मुंबई उत्तर-पूर्व, मुंबई उत्तर - मध्य, मुंबई दक्षिण-मध्य और मुंबई दक्षिण संसदीय सीटों पर मतदान होगा।

जम्मू-कश्मीर की सीटें

केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला और लद्दाख की एक मात्र संसदीय सीट के लिये मतदान होगा।

बिहार की सीटें

बिहार में जिन पांच सीटों पर चुनाव होना है, इनमें मधुबनी, सीतामढ़ी, सारण, मुजफ्फ्पुर और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र हैं।

ओडिशा की सीटें

इसके अलावा ओडिशा में बरगढ़, सुंदरगढ़, बोलांगीर, कंधमाल और अस्का, झारखंड में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, पश्चिम बंगाल में बनगांव, बैरकपुर, हावड़ा, उलूबेरिया, श्रीरामपुर, हुगली और आरामबाग है।

सेवा संस्थाओं को धमकी.. पीएम मोदी ने ...

विवेकानन्द- स्थापित रामकृष्ण मिशन और स्वामी प्रणवानंद द्वारा स्थापित भारत सेवाश्रम संस्थाएं बंगाल सरकार के हमले का शिकार हो गयी हैं। उन्होंने कहा कि यह पूरे देशवासियों के लिए अस्वीकार्य है।

होगी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि चार जून के बाद, जिस दिन लोकसभा नतीजे आएंगे, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी और उनकी जगह जेलों में होगी। मोदी ने पुरुलिया के मौजूदा सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सुश्री बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी पर भी हमला बोला।उन्होंने कहा कि संदेशखाली मुद्दे पर राज्य सरकार 'मां, माटी और मानुष' का भक्षण कर रही है।

उन्होंने इंडिया समूह की विफ्लताओं और क्षेत्र के विकास एवं उत्थान के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से पानी की कमी, आरक्षण और भ्रष्टाचार से संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डालते हुए टीएमसी की ओर से किये गये वादों और उनके कार्यों के बीच महत्वपूर्ण विसंगतियों को रेखांकित किया।

मोदी ने इंडिया समूह पर दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, टीएमसी और उसके सहयोगी दल दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को दिये गये आरक्षण को छीनना चाहते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर धर्म के आधार पर आरक्षण के खिलाफ थे। लेकिन आज, इंडिया समूह धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहता है।

कांग्रेस की गारंटी है हर व्यक्ति की आर्थिक ...

ईडब्ल्यूएस के आरक्षण के पारित पदों को भी भरेगी और युवाओं की देशभक्ति पर सवाल उठाने वाली अग्निवीर योजना को भी बंद करेगी।

हमारी नीति किसानों के लिए दूरगामी परिणाम देगा

अन्नदाता किसानों की आय को बढ़ाने के लिए एमएसपी की लीगल गारंटी, इनपुट पर जीएसटी हटाना व स्थिर आयात-निर्यात नीति एक दूरगामी कदम साबित होगा। श्रमिकों के लिए रोज़ाना 400 रुपये का न्यूनतम मानदेय, खाद्य सुरक्षा क़ानून में अनाज को 5 किलो से 10 किलो तक दोगुना करना, शहरी रोज़गार गारंटी व सभी असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा परिवर्तनकारी कदम होगा। जातिगत जनगणना को जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा 'जातिगत जनगणना से गिनती, जल जंगल ज़मीन की क़ानूनी सुरक्षा गारंटी, व लघु वन उपज पर एमएसपी गारंटी- हिस्सेदारी न्याय से समानता का एक नया अध्याय शुरू होगा। कांग्रेस को देश की जनता का मिला है भरपूर साथ, क्योंकि हाथ बदलेगा हालात।

तेज रफ्तार बाइक पेड़ से ....

गंभीर चोट आने से तीनों ने मौके पर दम तोड़ दिया। तीनों मृतक 20-22 साल के बताए जा रहे हैं।

घटना शनिवार रात एक बजे हुई है। सुनसान इलाका होने की वजह से किसी की नजर रात्रि के समय घटनास्थल पर नहीं गई। सुबह उजाला होने के बाद राहगीरों ने सड़क से नीचे बाइक देखी और उसके अगल-बगल तीन लोगों के पड़े होने पर पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

गैस सिलेंडर लदे ट्रक ...

कहीं जा रहे थे वह जैसे ही मौलागंज बस स्टैंड के पास पहुंचे तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार गैस सिलेंडर लदे ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। जिससे रामवती की मौके पर मौत हो गई जबकि राजेंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए।जिनको पुलिस ने एंबुलेंस के माध्यम से आनन-फानन में सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया,जहां राजेंद्र ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद से ट्रक चालक फ़रार हो गया है।

प्रशिक्षण के समापन पर बजरंगियों ने किया शौर्य प्रदर्शन

धमतरी/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के युवाओं ने शौर्य, वीरता, साहस का राजधानी में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सशस्त्र शौर्य यात्रा बीरगांव में निकाली। रात में प्रांत और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के समक्ष अखाड़ा का प्रस्तुति दी। इसमें तलवार बाजी, येष्टि, दण्ड, नान चाक, ताइक्वांडो, युद्ध कला का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान रायफल चलाने का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के समापन पर बजरंगियों ने जय श्री राम के जयकारों के साथ पथ संचलन किया। लगभग 100 से अधिक विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था, धमतरी जिले के बजरंगियों का उत्साहवर्धन करने के लिए जिले से जिला अध्यक्ष सन्दीप अग्रवाल, जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर, जिला मन्त्री रामचंद्र देवांगन, गौरक्षा प्रमुख मानव और प्रखंड से चित्रेश साहू मौजूद थे। प्रांतीय, राष्ट्रीय पदाधिकारियों से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। गौ माता को राजमाता बनाने, धर्मांतरण पर कठोर कानून लाने एवम ईश निंदा कानून, राज्य सरकार द्वारा लागू करने का प्रस्ताव लाने चर्चा की गई। उपरोक्त कानून पर मांग का प्रदर्शन धमतरी से आगाज करने का प्रस्ताव रखा। प्रान्तीय सहमंत्री घनश्याम चौधरी ने जिले में बजरंगियों के प्रशिक्षण आरम्भ करने हेतु निर्देशित किया। जिले की टीम को संदीप अग्रवाल एवं रामचंद्र देवांगन ने शुभकामनाएं दी। जिलाकार्यकारी अध्यक्ष दीपक सिंह ठाकुर ने कहा कि आज आर्यावर्त में भगवा ध्वज और हिन्दू राष्ट्र राम राज्य निर्माण के लिए आवश्यक है कि सम्पूर्ण हिन्दुओं को उनके षोडस संस्कार ,चारों आश्रम व्यवस्था एवम पुरुषार्थ के समस्त गुणों से परिचित कराया जाए। भारत माता को परमवैभव के शिखर पर पहुंचाने विश्व गुरु बनाने सबको शपथ लेने प्रेरित किया। समूह का प्रतिनिधित्व जिले के दीपक सोनी ,रवि भाई ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

मशहूर कव्वाल अनीश नवाब ने कव्वाली से बनाया माहौल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हजरत जलालुद्दीन शाह (पारीनाला वाले बाबा) का उर्स का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर मुस्लिम युवा तेली संगठन (एमवायटीएस) ने संदल निकाला था, जिसमें मशहूर कव्वाल अनीस नवाब को बुलवाया गया था। अनीस नवाब ने अपनी कव्वाली से शहर के हृदय स्थल में माहौल बना दिया। जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल आलम भी शामिल हुए। श्री आलम ने बताया हर साल मुस्लिम युवा तेली संगठन के अध्यक्ष जुनैद बड़गुजर (जुन्नू) और साथियों द्वारा उर्स के मौके पर कव्वाली का प्रोग्राम करवाया जाता है, जिसमे शहर के सभी सम्प्रदाय के लोग कव्वाली का लुत्फ उठाने शामिल होते हैं। जोगी कांग्रेस जिलाध्यक्ष शमसुल आलम ने मुस्लिम युवा तेली संगठन के साथियों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

लिपिक की संविदा नियुक्ति निरस्त करने की मांग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में संचालित आयुर्वेद हॉस्पिटल में संविदा में नियुक्त लिपिक अरूण साहा की संविदा नियुक्ति निरस्त करने की मांग लगातार हो रही है। पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला इकाई के बाद अब एक और लिखित शिकायत हुई कि अरूण साहा जो एक भ्रष्ट लिपिक रहा है, जिसे घूस लेते रंगे हाथों एसीबी ने धर दबोचा था। जांच में दोषी पाया गया। सूत्रों के जानकारी के अनुसार जेल की हवा खानी पड़ी, लेकिन अब वही भ्रष्ट लिपिक को सेवानिवृति के बाद संविदा में नियुक्ति दे दिया गया। शिकायतकर्ता त्रिगुण सादानी ने स्वास्थ्य मंत्री और कलेक्टर को लिखित शिकायत कर इस भ्रष्ट लिपिक की संविदा नियुक्ति निरस्त करने की मांग की गई है। श्री सादानी का कहना है कि यह लिपिक भ्रष्टाचार में लिप्त रहा, एसीबी ने इसे रंगें हाथों घूस लेते पकड़ा। जांच में दोषी पाया गया तो फिर इसे किस आधार पर पुनः संविदा में नियुक्ति दे दिया गया।

गुरुकुल ने किया छात्रों को सम्मानित

कवर्धा/नवप्रदेश। गुरूकुल पब्लिक स्कूल में जिन विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा 2023-24 में कक्षा 10वीं एवं 12 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्षन कर संस्था का नाम गौरवान्वित किया, उन विद्यार्थियों के लिए विषेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय सेः- प्रथम स्थान पर प्रियांषी अग्रवाल (92.60ः), द्वितीय स्थान पर निष्ठा जैन (89.2ः) तथा तृतीय स्थान पर पूजा डेडिया (86.2ः) तथा विज्ञान संकाय सेः-प्रथम स्थान पर देनिषा कृति रात्रे (89.6ः), द्वितीय स्थान पर कनक जैन (85.2ः) तथा तृतीय स्थान पर अंकित सिंह (84.8ः) एवं कक्षा 10वीं सेः-प्रथम स्थान पर प्रणव तिवारी (95ः), द्वितीय स्थान पर वंषिका राजपूत (93ः) तथा तृतीय स्थान पर प्रीतम मंडल एवं आस्था षुक्ला (91.6ः) ने अर्जित किये।

विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत और सफ्लता की कहानी मंच के द्वारा सभी को बताई। उनकी सफ्लता और मेहनत की कहानी सुनकर सभी लोग भाव-विभोर हो गये। सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफ्लता का मूल मंत्र कड़ी मेहनत और दृढ ईच्छाषक्ति तथा अपने षिक्षकों के मार्गदर्षन को दिया। उनके अनुसार गुरूकुल में सभी षिक्षक-षिक्षिकाएँ दिन-रात उनके साथ कठिन परिश्रम करते रहे। गुरूकुल परिवार द्वारा विद्यालय प्रांगण में पुष्प गुच्छ, माला एवं मिठाई खिलाकर सभी विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावको का सम्मान किया गया।

गुरुनाला में चल रहे सफाई कार्य का जायजा लेने पहुंचे नपाध्यक्ष

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने आज शाम गुरूनाला में चल रहे सफाई कार्य का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होनें गुरूनाला में पहुंचकर सफाई कार्य कर रहे कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश भी दिये तथा उन्होनें बताया कि डिप्टी सीएम विजय शर्मा द्वारा गुरूनाला सफाई कार्य जल्द से जल्द किये जाने हेतु दिये गये निर्देश का पालन करते हुए अब गुरूनाला में दो चैन माउंटेन मशीन की मदद से सफाई कार्य कराया जा रहा है ताकि समय से पूर्व गुरूनाला सफाई का कार्य पूर्ण हो सके। सफाई निरीक्षण अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, दीपचंद कोचर उपस्थित रहे।

बैंकिंग के प्रति जागरूकता का अध्ययन कर रहे हैं शोधकर्ता

बेमेतरा/नवप्रदेश। कोविड-19 महामारी के दौरान भारतीय प्रवासी कामगारों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। पूरे विश्व में ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई कि लॉकडाउन जैसी स्थिति का लोगों को सामना करना पड़ा जिसमे कारखाने और कार्यस्थल बंद हो गए, लाखों प्रवासी श्रमिकों को आय की हानि, भोजन की कमी और अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता से जूझना पड़ा। इसके बाद, उनमें से कई और उनके परिवार भूखे रह गए। ऐसी भयावह वातावरण के कारण लोग बड़ी संख्या में अपने कर्म क्षेत्र से पलायन करके मूल निवास स्थान की ओर आने लगे चाहे सैकड़ो किलोमीटर की दूरी को या अन्य प्रदेश जाना हो सीमित यातायात व्यवस्था हो या पैदल हो वह अपने व अपने परिवार को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कर्म स्थान का त्याग किया। एक अध्ययन में पाया गया कि 43.3 मिलियन अंतरराज्यीय प्रवासी कोविड -19 की पहली लहर के दौरान लगाए गए लॉकडाउन के दौरान अपने घर लौट आए जिनमें से लगभग 35 मिलियन लोग पैदल घर चले गए या परिवहन के असामान्य साधनों का इस्तेमाल किया। जवाब में केंद्र और राज्य सरकारों ने उनकी मदद के लिए कई उपाय किए और बाद में उनके लिए परिवहन की व्यवस्था की। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी रायपुर एवं समाजशास्त्र एवं समाज कार्य अध्ययनशाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में कोविड -19 के बाद की अवधि में छत्तीसगढ़ के ग्रामीण रणनीतियों में मोबाइल बैंकिंग को अपनाने के संबन्ध में परियोजना और जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

शातिर चोर और दो सहयोगी गिरफ्तार,माल बरामद

बलौदाबाजार/भाटापारा/नवप्रदेश। जिला कबीरधाम के पुलिस चौकी बाजार चारभाठा थाना कवर्धा में दिनांक 15.05.2024 को प्रार्थी छत्रपाल साहू पिता कुम्भकरण साहू उम्र 24 वर्ष निवासी गेंदपुर चौकी बाजार चारभाठा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 14.05.2024 को रात्रि में हम सभी परिवारजन खाना खाकर सो गये सुबह उठने पर पता चला कि घर के कमरे में रखे आलमारी खुला हुआ है देखे तो आलमारी में रखे नकदी रकम 10000/- रुप्ये (दस हजार रूप्ये), मेरे पत्नि का चांदी का करधन पुरानी इस्तेमाली 40 तोला किमती करीबन - 20000 /- रूप्ये एवं मेरी लड़की का चांदी का करधन 10 तोला किमती करीबन-5000/- रूपये, व एक - एक मासा का सोन का लॉकेट किमती करीबन 10000/- रूपये व 10 नग एक-एक तोला का चांदी का कंगन किमती करीबन 5000/- रूपये, कुल किमत लगभग 50000 /- रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर चौकी बाजार चारभाठा थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 337/24 धारा 457, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया तथा घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया जाकर श्रीमान पुलिस अधीक्षक श्री डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन मे एंव अति. पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेंद्र बघेल एंव अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रतीक चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं चोरी गये समानों की बरामदगी के लिए पुलिस चौकी एवं सायबर सेल सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर *राजा धुर्वे* पिता स्व. छोटू धुर्वे उम्र 24 वर्ष निवासी गैंदपुर चौकी बाजार चारभाठा व सहयोगी 01 - *दिनेश सेन* पिता स्व. हीराराम सेन उम्र 20 वर्ष निवासी गेंदपुर चौकी बाजार चारभाठा 02 - खूबीराम साहू* पिता खिलावन साहू उम्र 28 वर्ष निवासी सूरजपुरा थाना सहसपुर लोहरा जिला कबीरधाम को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी गये समानों को मुख्य आरोपी राजा धुर्वे अपने पास छुपाकर रखना बताये जाने पर आरोपी के निशानदेही पर 29.5 तोला लक्ष्मी करधन,कीमती 15000 रुपये, 3 तोला दो मासा चांदी का पायल कीमती 15500, एक तोला 9 मासा बचकानी चांदी का करधन कीमती 900 रुपये, पांच जोड़ी बचकानी चांदी का करधन 2.5 तोला 780 रुपये को बरामद किया जाकर प्रकरण में धारा 34, 414 भादवी जोड़कर आरोपियो को विधिसंगत् गिरफ्तारी कार्यवाही कर माननीय सीजेएम न्यायालय कवर्धा में रिमांड पर पेश किया गया है। 02- दिनांक 29.04.2024 को प्रार्थी वेदराम चौहान पिता भानुराम चौहान उम्र 33 वर्ष निवासी कोड़िया चौकी दसरंगपुर थाना पिपरिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 28.04.2024 के रात्रि 09ः00 बजे से दिनांक 29.04.24 के सुबह 05.00 बजे के मध्य प्रार्थी के किराए के दुकान च्वाइस सेंटर संचालित किया है दुकान के अंदर रखे 14500/- रुपये नगदी, एक नग एचडी आईपी कैमरा, एक नग जिओ का वाईफाई,ब्लूटूथ स्पीकर,चार्जर 10250 रुपये जुमला कीमती 24750 रुपये को किसी अज्ञात चोर ने रोशन दान को तोड़कर दुकान अंदर घुसकर चोरी किया है कि रिपोर्ट पर चौकी बाजार चारभाठा थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 306/24 धारा 457,380, भादवी कायम कर विवेचना में लिया तथा घटना के सम्बंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर दिए गए वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशन में अज्ञात आरोपी की पतासाजी एवं चोरी गये समानों की बरामदगी के लिए पुलिस चौकी एवं तकनीकी टीम से विशेष गठित कर सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया। प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर *राजा धुर्वे पिता स्व.छोटू धुर्वे उम्र 24 वर्ष निवासी गेंदपुर चौकी बाजार चारभाठा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया आरोपी को विधिसंगत् गिरफ्तारी कार्यवाही कर माननीय न्यायालय कवर्धा पेश कर रिमांड पर जिला जेल भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में *पुलिस चौकी प्रभारी बाजार चारभाठा उप निरीक्षक तारन दास डहरिया,प्रधान आरक्षक हेमप्रसाद चंद्रवंशी, हरीशंकर सुमन , जितेन्द्र साहू एवं आरक्षक गीताराम श्रीवास, मिथुननाथ योगी, यशवंत मेरावी, प्रवीण साहू, द्वारा सराहनीय कार्य किया गया है।

नवविवाहिता की हत्या, ससुर, सास पति और नाबालिग देवर गिरफ्तार

- ससुर ने पत्नी व बेटों के साथ मिलकर कुएं में फेंक दी थी लाश

रामानुजगंज/नवप्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के डिंडो चौकी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में 15 मई की सुबह नवविवाहिता की लाश मिली थी। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप ससुराल वालों पर लगाया था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि 14 मई की रात ससुर ने मोबाइल पर बहू को बात करते देख गड़ासे से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी थी। इसके बाद पत्नी व दो बेटों के साथ मिलकर उसकी लाश कुएं में फेंक दी थी। मामले में मायके वालों से ससुराल वालों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने मामले में आरोपी ससुर, सास, पति व नाबालिग देवर को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया।

रामचंद्रपुर थाना क्षेत्र के डिंडो चौकी अंतर्गत ग्राम चेरा बरूणपारा निवासी नवविवाहिता पूजा यादव पति आशीष यादव 21 वर्ष की लाश 15 मई की सुबह गांव के ही रामजीत यादव के कुएं में मिली थी। इसकी सूचना मृतका के ससुर जयप्रकाश यादव ने उसी दिन डिंडो चौकी में दी थी। उसने बताया था कि 2 मई 2023 को उसके बड़े लड? आशीष की शादी झारखंड के गढ़वा जिले के डंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लवाही निवासी पूजा यादव से हुई थी। कुएं में लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव निकलवाकर पीएम के लिए भिजवाया। पीएम रिपोर्ट में मृतका के सिर में धारदार चीज से चोट से मौत की पुष्टि डॉक्टर ने की थी। वहीं मृतका के मायके वालों ने दहेज के लिए मारपीट व हत्या करने का आरोप पूरे परिवार पर लगाया था। पीएम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

मोबाइल पर बात करते देख की हत्या

पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि ससुर जयप्रकाश 14 मई की रात करीब 11 बजे सरपंच पति के घर जन्मदिन की पार्टी में शामिल होकर घर लौट रहा था। इस दौरान उसने देखा कि बहू मोबाइल पर किसी से बात कर रही है। यह देख उसे लगा कि वह किसी लड? से बात कर रही है। इसके बाद उसने पशुओं का चारा काटने वाले गड़ासे से सिर पर प्रहार कर बहू की हत्या कर दी।हत्या करने के बाद उसने अपनी पत्नी रीता यादव 42 वर्ष, बड़े बेटे व मृतका के पति आशीष यादव 22 वर्ष तथा संझले नाबालिग बेटे को उसने ये बात बताई। इसके बाद चारों ने मिलकर गांव के ही रामजीत यादव के कुएं में उसका शव ले जाकर फेंक दिया था।इस मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर ससुर, सास व पति को जेल जबकि नाबालिग देवर को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया है।

मिर्जा हबीब बेग ने करंट से मौत के बाद बेसहारा परिवार को दिया सहारा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव। शहर के मुस्लिम समाज से बिलॉन्ग करने वाले युवा समाजसेवी मिर्जा हबीब बेग ने मानवता की नए मिसाल पेश की है। उन्होंने साहू हिंदू परिवार से नाता रखने वाले जागेश्वर साहू की करंट लगने से मौत के बाद उनके बेसहारा परिवार को सहारा देते हुए उनका दुख कम करने की कोशिश की है। दरअसल कौमी एकता समिति के अध्यक्ष और लीगल कमेटी राजनांदगांव के सदर जनाब बेग ने जागेश्वर साहू के बच्चों की कॉलेज तक की पढ़ाई जिसमें स्कूल फीस, ड्रेस, किताब-कॉपी, स्टेशनरी आदि सब शामिल है का खर्चा उठाने की जिम्मेदारी ली है। निश्चित तौर से आज के समय में अपने एक बच्चे की पढ़ाई-लिखाई के लिए खर्च उठाते मां-बाप और पलकों के पसीने छूट जाते हैं। ऐसी स्थिति में मिर्जा हबीब बाग और उनके संगठन द्वारा इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाना तारीफे काबिल है। सनद रहे की जागेश्वर साहू की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है। स्वर्गीय श्री साहू के तेहरवीं के दिन मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों ने उनके घर चिखली जाकर शेक संतप्त परिवार को ढांढ़स बंधाया और इसी के साथ उन्हें राशन सामग्रियां देने आर्थिक मदद करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ली। गौरतलब है कि इससे पहले भी जनाब बेग बहुत सारे ऐसे ही वक्त के मारे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई की जिम्मेदारी अपने ऊपर लेते हुए उनके मदद कर रहे हैं। निश्चित रूप से ऐसे लोगों की समाज में बहुत अच्छी कद्र होती है। उनका यह कार्य अन्य लोगों के लिए प्रेरक है।

मतगणना की तैयारी में जुटा है जिला निर्वाचन आयोग

बालोद/नवप्रदेश। जिले में लोक सभा चुनाव के तहत विगत माह 26 अप्रैल को वोटिंग केबाद अब जिला निर्वाचन आयोग/ जिला प्रशासन का पूरा फोकस मतगणना पर है। जिले के पाकुरभाट ईवीएम सुरक्षित रखे हैं। प्रत्याशियों के भाग्य का पिटारा 4 जून को होगा। सुरक्षित और पारदर्शिता के साथ मतगणना कराने निर्वाचन आयोग जुटा है। इसी क्रम में बालोद जिले में भी विशेष तैयारी हो रही। यहां शत प्रतिशत मतगणना का कार्य महिलाओं द्वारा कराया जाना है। जिससे बालोद जिले की अलग पहचान बनेगी। इस हेतु पूरे टीम का गठन और उन्हे प्रशिक्षण देने का सिलसिला शुरू हो चुका है।मतगणना कार्य निष्पक्ष एवं त्रुटिरहित संपन्न कराने पूरी निपुणता के साथ अधिकारी कर्मचारी प्रशिक्षण लें रहें है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इंद्रजीत चंद्रवाल ने कहा है कि जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत तीनों विधानसभाओं के लिए शतप्रतिशत मतगणना कार्य इस बार महिला अधिकारियों के द्वारा किया जा रहा है, जो कि लोकतंत्र के पर्व पर जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारियों के द्वारा शतप्रतिशत मतगणना करने वाला छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम जिला बनेगा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना का आवश्यक इंडक्शन प्रशिक्षण काउंटिंग सुपरवाइजर और काउंटिंग असिस्टेंट को दिया जा चुका है। जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने प्रशिक्षण में मतगणनाकर्मियों को संबोधित किया।

दिग्विजय स्टेडियम में अंतरजिला क्रिकेट चैंपियनशिप प्रारंभ

5राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता (अंडर 16) एलीट ग्रुप के मैचेस स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में खेले जा रहे हैं।

ग्रुप बी के पहले तीन दिवसीय लीग मैच में बीएसपी भिलाई के खिलाफ टॉस जीतकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव ने पहले बैटिंग करते हुए पहले दिन का खेल समाप्त होने पर 69 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर 233 रन बनाएं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के विकेट कीपर बल्लेबाज श्रेयांस शिंडेकर ने सबसे ज्यादा 71 रन बनाएं, वहीं लकी प्रजापति ने नाबाद 63 रन बनाएं। पहले दिन के खेल समाप्त होते तक बीएसपी भिलाई ने भी सधी हुई शुरुआत कर एक विकेट खोकर 39 रन बना लिए हैं। जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की टीम इस प्रकार है-श्लोक चचाने कप्तान, श्रेयांश शिंदेकर उप कप्तान, लकी प्रजापति, तीर्थ राठौर, खिलेश देवांगन, युक्तारथ देवांगन, आदित्य मिश्रा, आराध्य राठौर, गुलाम अहमद, प्रभनुर सिंह, नितेश यादव, युवराज सिंह ठाकुर, प्रिंस यादव, रित्विक सुराणा, शशि वर्मा एवं युगांत कुलदीप। टीम के कोच विवेक बोरकर हैं। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एशोसियेशन के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

1980 नगदी एवं सट्टा-पट्टी के साथ सटोरिया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश।- थाना खम्हरिया स्टाप को 17 मई को मुखबिर से सुचना मिला कि त्रिमुर्ति चौक के पास वार्ड नंबर 14 खम्हरिया में एक व्यक्ति अवैध रूप से लोगो को आमजगह पर विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा हैं की सुचना पर थाना खम्हरिया स्टाफ मौके पर पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखकर जुआ खेलाते पकडा गया। थाना खम्हरिया में जुआ सट्टा का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपी नासिर खान पिता मुस्ताक खान उम्र 32 साल साकिन वार्ड नंबर 14 खम्हरिया के पास से कुल जुमला नगदी रकम 1980 रूपये एवं सट्टा-पट्टी, पेन जप्त किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना खम्हरिया प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू, सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक मयंक मिश्रा, जयकिशन साहू, नुरेश वर्मा एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही।

समर कैंप, बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का अच्छा माध्यम : कलेक्टर

1राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सभी स्कूलों में समर कैम्प आयोजन के संबंध में आज शिक्षा एवं संबद्ध विभाग के अधिकारियों की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले के सभी स्कूलों में आगामी 20 मई से 31 मई 2024 तक समर कैम्प का आयोजन करने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समर कैम्प सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा, यह कैम्प पूर्णतः स्वैच्छिक रहेगा। उन्होंने समर कैम्प आयोजित करने के लिए सभी संस्था प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए समर कैम्प बहुत अच्छा कार्यक्रम है। इसके जरिये बच्चों की विभिन्न गतिविधियां एवं प्रतिभाएं सामने आती है। समर कैम्प के माध्यम से बच्चों में निहित प्रतिभाओं को तराशने का कार्य किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों में कुछ न कुछ प्रतिभा होती है। उनमें जो विशेष गुण है, जिससे दूसरों को बहुत कुछ सीखा जा सकता है। ऐसे बच्चों का विशेष रूप से आर्ब्जव करके उनकी एक्टीविटी को और अच्छा करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने से उनका परिणाम बहुत अच्छा आएगा। बैठक में समर कैम्प में विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों से बच्चों के कौशल विकास के लिए कार्ययोजना बनाई गई और शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यों एवं शिक्षकों से सुझाव लिया गया।

नहर विस्तारीकरण कार्य का भावना ने किया निरीक्षण

पंडरिया/नवप्रदेश। विधानसभा में सिंचाई व पेयजल हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए कुकदुर मंडल अंतर्गत निर्मित होने वाले बकेला-क्रांति फीडर केनाल के प्रस्तावित स्थल का पंडरिया विधायक ने यथास्थल पर जाकर निरिक्षण किया एवं ग्रामीणों व किसानों के साथ भी उन्होंने चर्चा कर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान किसानों की मांग को लेकर भी भावना बोहरा ने अधिकारियों को संज्ञान में लेते हुए किसान हित को प्राथमिकता देने की बात कही साथ ही सर्वे के कार्य एवं पूर्व में हुए कार्यों की भी समीक्षा उनके द्वारा की गई। विदित हो कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के दौरान ओपन नहर को बंद नहर के रूप में परिवर्तित कर दिया गया था इसके साथ ही विभाग द्वारा बिना टेंडर जारी किये पाइप लाइन की सप्लाई व उसका भुगतान भी कर दिया गया था, परन्तु भावना बोहरा द्वारा इस विषय में हस्तक्षेप के बाद पाइप लाइन की सप्लाई को रोका गया। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि किसानों का हित एवं क्षेत्रवासियों की सुविधा ही हमारी प्राथमिकता है। किसानों द्वारा सिंचाई हेतु पर्याप्त जल की आपूर्ति हेतु यह बहुप्रतीक्षित मांग थी, परन्तु पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान इस कार्य में हुए अनियमितता के कारण इसमें विलंब हुआ। सर्वे के कार्य में भी किसानों व ग्रामीणों द्वारा अनियमितता की जानकारी मिली है जिसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है वहीं किसानों व ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता देते हुए अधिकारियों को केनाल निर्माण के कार्य को जल्द पूरा करने हेतु निर्देश दिए हैं।

आहाता आवंटन गरीबों के पेट पर लात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार बनते ही राजनांदगांव में भ्रष्टाचार व अवैध कारोबार चरम सीमा पर पहुँच गए हैं। उन्होंने बताया कि पूरे जिले भर में इसकी चर्चा है चाहे वो जमीन मामलों में भ्रष्टाचारियों की शह लेकर अवैध प्लाटिंग का कारोबार हो, चाहे आबकारी विभाग के भ्रष्टाचारियों की मिलीभगत से शराब के अवैध कारोबार की बात हो, ऐसे ही नशे के व अन्य अवैध कारोबारों का जाल पूरी तरह राजनांदगांव में फैल चुका है।

गौरतलब है कि जबसे भाजपा शासन में आई है व रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने हैं तब से पूरे जिलेभर में अवैध कार्य धड़ल्ले से शुरू हैं, इसमें नशे का व्यापार है। अवैध प्लाटिंग है ऐसे और भी कई छोटी-बड़ी चीजों में बेहिसाब भ्रष्टाचार हो रहा है। आज शहर से ले कर जिलेभर में जगह-जगह शराब कोचिये अवैध शराब बेच रहे हैं। कोई भी भट्टी हो जैसे मोहरा इत्यादि सब जगहों से पेटी भर-भर शराब निकल रही है। खबर है कि 200 रुपये एक पेटी निकलने के पीछे दिया जाता है।

विधायक दीपेश ने झारखंड में निशिकांत के लिए किया प्रचार

बेमेतरा/नवप्रदेश। झारखंड प्रदेश के गोड्डा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे के चुनाव प्रचार हेतु बेमेतरा विधायक दीपेश साहू को भारतीय जनता पार्टी ने गोड्डा लोकसभा अंतर्गत विधानसभा महागामा का प्रवासी प्रभारी का बड़ा दायित्व उन्हें दिया गया हैं। अपना दायित्व को पूरा करते हुए दीपेश लगातार झारखंड के गोड्डा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न गावों मे लगातार कार्यकर्ता व क्षेत्र की जनता से संवाद कर रहे हैं। वही इस दौरान विधायक साहू ने सामाजिक महिलाओं और युवाओं को भाजपा में के पक्ष मतदान करने की अपील कर रहे हैं। झारखंड प्रवास के दौरान विधायक दीपेश साहू में गोड्डा लोकसभा के के महागामा चुनाव कार्यलय मे आयोजित परिचयात्मक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे सम्मिलित होकर मंडल,शक्ति, बूथ केंद्र के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तार चर्चा किया गया। साथ ही उन्होंने भाजपा प्रत्याशी डॉ. निशिकांत दुबे के लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा से आए भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात और बैठक कर लोकसभा और लोकसभा के विभिन्न राजनीतिक जनों से सामाजिक विषय पर चर्चा पर भी किया गया। विदित है कि विधायक दीपेश लगातार बैठक का क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहा है और जनताओं के बीच पहुंचकर जनता जल जन समूहों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहा हैं। वे लगातार महिलाओं, युवाओं, किसानों को विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार की योजनाओं जानकारी दे रहे हैं। इसके साथी छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार की नीतियों प्रदेश में आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बनाए जाने और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में संचालित योजनाओं, महिलाओं के सशक्तिकरण ,युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए उठाए जा रहे कदम एवं किसानों के सर्वांगीण विकास हेतु लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के बारे में जनता के बीच भाजपा की नीति की जानकारी दे रहा हैं।

तहसील कार्यालय में लोगों के जरूरी काम अटके

नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नाम त्रुटि सुधार, जाति, आय प्रमाणपत्र का काम नहीं होने से परेशानी

अधिकारी बता रहे चुनाव से कामकाज हुआ है प्रभावित

सरगुजा/लखनपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में सरकार बदले चंद महीने ही हुए है। विभाग में अधिकारी कर्मचारियों की रवैया काफी बदल गये है। जिक्र किया जाये यदि लखनपुर तहसील कार्यालय का जहां पर फौती नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, नाम त्रुटि, जाति निवास आय प्रमाणपत्र तथा दूसरे राजस्व प्रकरण संबंधि आवेदन पेश करने आते हैं यही से प्रकरणों का आगाज होता है और पेशियों का सिलसिला चालू हो जाता है। इसके साथ ही अधिकारी कर्मचारियों के मनमानी भी प्रारंभ हो जाते है। बगैर चढ़ोत्तरी के पेशी तारीख की पर्ची भी नहीं मिलता। कार्यालय में अंधेरगर्दी की कोई हद नहीं है। लम्बित प्रकरणों का निराकरण नहीं होने से पक्षकार निराश रहते हैं।

प्रशिक्षु प्रभारी तहसीलदार अक्सर कार्यालय से अनुपस्थित रहते है। जिसका फायदा तहसील कार्यालय के कर्मचारी और दलाल उठाते हैं। जितने भी प्रकरण के पेशी होते हैं उसपर पैसा लिया जाता है। राजस्व ग्राम के पक्षकारों को पेशी की तारीख बढ़ा दी जाती है। कुछ ऐसा भी मामला होता है जिसे सालों नजर अंदाज किया जाता है। जिन प्रकरणों को शासन के निर्देश पर तीन या पांच पेशी में खत्म कर निर्णय देना होता है ऐसे प्रकरणों में तहसीलदार एवं कर्मचारियों द्वारा जानबूझ कर दस से पंद्रह पेशी करायी जाती है। ताकि पक्षकारों से और वसूली किया जा सके। जिला कलेक्टर के लिखे आदेश निर्देश की भी कोई एहमियत नहीं होती। कुछ पक्षकारों ने बताया के जनदरबार पेश आवेदन के फाईल को भी तहसील में बैठे अधिकारी कर्मचारी कुछ नहीं समझते। पेशी में हाजिर होना और बैरंग वापस लौट जाना पक्षकारों की नसीब बन गई है। ऐसे हालत में पक्षकारों के जेब पर खासा असर पड़ता है और समय की भी बरबादी अलग से होती है । एक तरह से देखा जाए तो तहसील कार्यालय अधिकारी कर्मचारियों और दलालों के कमाई का अड्डा बन गया है। क्षेत्र के पक्षकारों ने शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराते हुए तहसीलदार कार्यालय में व्यवस्था

जल्द होगा सुधार

मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू ने कहा चुनाव आचार संहिता के कारण कामकाज प्रभावित हुआ है, जल्द ही सुधार होगा।

चुनाव के कारण अव्यवस्था

एसडीएम बीआर खांडे ने कहा चुनाव के कारण अधिकारी-कर्मचारी अन्य कार्यों में व्यस्त हो गए थे। सामान्य कामकाज अब होने लगा है।

नशीली दवाओं का उपयोग और बिक्री रोकने मुस्लिम समाज ने बनाई 20 सदस्यीय कमेटी

सुरजपुर/नवप्रदेश। गौसिया मुस्लिम जिला कोर कमेटी की बैठक सामाजिक कुर्तियों पर शिकंजा कसने हेतु होटल फ़िरदौस पैलेस में आयोजित की गई, जिसमें नशीले इंजेक्शन, गोली का उपयोग व बिक्री कर रहे समाज के लोगों को रोकने 20 सदस्यीय टीम का गठन किया गया। यह टीम जिला प्रशासन व जिला पुलिस प्रशासन के सहयोग से जिले में अंकुश लगाने का काम करेगी। अंजुमन कमेटियों द्वारा भी सामाजिक स्तर पर इसे रोकने सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस संबंध में गौशिया जिला मुस्लिम कमेटी के जिला सदर इजराईल खान ने बताया कि मुस्लिम समाज में इन दिनों मिल रही निरंतर शिकायत जैसे प्रथम पत्नी को तलाक देकर फौरन बाद दूसरी शादी लोग बडी आसानी से कर लेते हैं, ऐसे में कई गरीब निर्दोष लड़कियों की जिंदगी बर्बाद हो रहे हैं, अब ऐसे मामलों में जिले के समस्त अंजुमन कमेटियों में के माध्यम से शक्ति से बरता जायेगा, ऐसे लड़कों को दूसरी लड़की से निकाह कराने से पहले जिला कमेटी अब गहन छानबीन करेगी, वहीं ग्राम नारायणपुर में अम्बिकापुर से आई बारात की स्वागत पश्यचात सम्पन्न शादी समारोह में पाँच लाख नगद की मांग को लेकर लड़की पक्ष वालों के साथ कि गई मारपीट व निकाह होने के बाद बिना दुल्हन लिए बैगर चले जाने के मामले में जिला कोर कमेटी के द्वारा घोर निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए, ऐसे लड़का पक्ष वालों के विरुद्ध पुलिस कार्यवाही कराने का निर्णय लिया गया।

इसी प्रकार गत दिनों ससुराल पक्ष वालों ने करौंदामुड़ा ग्राम में एक विवाहिता की गला घोंटकर कर की गई निर्मम हत्याकांड के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए दोषियों के विरुद्ध शक्त कार्यवाही किये जाने संबंधी बात पर चर्चा हुई। तथा जिले में पूर्व से पेंडिंग पड़े जिला मुस्लिम सामुदायिक भवन अविलम्ब बनाये जाने एवं मुस्लिमों का पिछड़ा जाति प्रमाण-पत्र बनाये जाने संबंधी राज्य शासन से जारी आदेश को जिला स्तर पर अविलम्ब लागू कराए जाने हेतु जिला कलेक्टर को दस्तावेज सहित प्रस्ताव व ज्ञापन सौंपने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।जिला सदर- मो. इजराईल खान, कोर कमेटी सदस्य गण क्रमशः मो0 इसराईल, इक़बाल खान, मो0 नूर आलम, मो0 नसीम अंसारी, नूर आलम, जुल्फेकार कादरी, मो0 ताहिर अंसारी, मो0 जहांगीर, महबुल हसन (लोलो), अब्दुल जब्बार अंसारी, मो0 सिद्दीक सदर, दिलावर खान, नशीमुद्दीन, महताब आलम, मो0 फरीद, रहमान (डिसको), जवहर, वगैरह मुख्यरूप से बैठक में उपस्थित थे। इज़राईल खान, मो0 इसराईल, इक़बाल खान, जुल्फेकार कादरी, हकीम अंसारी, नसीम शेख, अब्दुल रब, मो0 शैयद, महताब आलम, मो0 हबीब, सद्दाम, निशार, अब्दुल रहमान (कल्याणपुर), शेख मोहम्मद, महबुल हसन, शायकुल, रहीस अहमद, सेराजुल, सद्दीक, अब्दुल रहमान (भैयाथान)

दो समितियों के बीच असमंजस में तेंदूपत्ता संग्राहक

सूरजपुर/नवप्रदेश। सत्ता बदलने के साथ ही बदलाव की सुगबुगाहट अमूमन हर क्षेत्र में देखा जा रहा है,आलम कुछ स्थानों पर तों ऐसा हों गया है कि एक अनार दों बीमार वाली कहावत खुलकर चरितार्थ हो रही है।दरअसल जिले के दूरस्थ अंचल में शामिल मोहरसोप समिति तथा बिहारपुर समिति में तेंदूपत्ता तोड़ा तो गया लेकिन किसी भी फड़ का परिदान नहीं काटा गया है। यह मामला ग्रामीणों और वन विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

मिली जानकारी अनुसार मोहरसोप के ठुठियापारा फड़ में बीते 6 वर्षों से मोतीलाल यादव फड़ मुंशी बतौर कार्यरत रहने के बाद इस दफा संग्रहण हेतु किसी अन्य व्यक्ति की नियुक्ति हो गई है। इस वजह से फड़ लगाने स्थानीय लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। अब आलम यह है कि नवनियुक्त फड़ मुंशी के पास मात्र 6 संग्राहक अपना तेंदूपत्ता जमा किए हैं तो वहीं दूसरी तरफ बीते 6 वर्षों से कार्यरत मोतीलाल यादव ने अपना अलग फड़ लगाया है ,जिसमें 400 संग्राहकों ने 4.30 लाख तेंदूपत्ता जमा किए हैं। इस आलम में असमंजक की स्थिति बनी हुई है। बहरहाल इस आलम में सैकड़ों संग्राहकों व फड़ का भौतिक सत्यापन कैसे होगा।

स्थगन आदेश के बाद भी निर्माण कार्य जारी

मोहल्लेवासियों ने क्लेक्टर से की शिकायत

जांजगीर/नवप्रदेश। तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश जारी किये जाने का आरोप लगाते हुए मोहल्लेवासियों को इसकी शिकायत कलेक्टर से की और निर्माण कार्य में लगे समानो को जब्त कर कार्रवाई की मांग की।

कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में मोहल्लेवासियों ने बताया कि जिला मुख्यालय के वार्ड 14 व 15 बाजार पारा कालिका हॉटल के सामने गली में राजा बाबू फर्नीचर दुकान संचालक द्वारा बगल में अवैध रूप से मकान निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी शिकायत मोहल्लेवासियों द्वारा तहसील कार्यालय में किया गया था। इसके बाद टीम गठित कर सीमांकन किया गया। जिसमें सलीम खान द्वारा कब्जा करना पाया गया। इसके बाद 11 जुलाई को स्थगन आदेश जारी किया गया। इसके बावजूद शासन के आदेश की अवहेलना करते हुए सलीम सिद्धिकी द्वारा अभी तक अवैध कब्जा में होकर निर्माण कार्य जारी रखा हुआ है। इससे मोहल्लेवासियों परेशान है। इस जगह पर ट्रांसफार्मर लगाए जाने के लिए खंभा भी लगाया जा चुका है। शासकीय भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने से आम रास्ता अवरुद्ध हो रहा है। रास्ते को टीन से घेरा कर बंद कर दिया गया है।

प्रशासन की सक्रियता से मैनपाट के ग्रामीण सकुशल घर लौटे

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर के निर्देश पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम की सक्रियता से कर्नाटक में बंधक के रूप में काम कर रहे मैनपाट के चार ग्रामीणों की सकुशल घर वापसी रविवार को हुई। बता दें कि जिले के मैनपाट क्षेत्र के चार ग्रामीण कर्नाटक के कुसल नगर बेला कुपा में श्रमिक के रूप में कार्य कर रहे थे।

इन ग्रामीणों को मैनपाट के एले नामक व्यक्ति द्वारा ज्यादा मजदूरी वेतन का लालच देकर ले जाया गया था। किंतु वहां ले जाकर उन्हें कम वेतन दिया जा रहा था। साथ ही मालिक के द्वारा गृह जिले वापस नहीं आने दिया जा रहा था। दबाव बनाकर बंधक श्रमिकों के रूप में काम कर रहे लोगों में राकेश, विजय, सागर, शिवचरण शामिल हैं। ग्राम कोट कापापारा थाना सीतापुर के निवासी राकेश ने किसी तरह अपने बड़े भाई संतोष कुमार से संपर्क किया और घर वापस आने में आ रही कठिनाई से अवगत कराया। जिसपर संतोष ने प्रशासन से संपर्क कर किया और उन्होंने ग्रामीणों के सुरक्षित घर वापसी के सम्बन्ध में आवेदन दिया।

कलेक्टर विलास भोसकर के संज्ञान में घटना की जानकारी आते ही उन्होंने प्रशासनिक टीम को तत्काल आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए जिसपर अमल करते हुए जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम के संयुक्त प्रयास से मात्र 4 दिवस के भीतर रविवार को सभी ग्रामीण सुरक्षित अपने घर पहुंच चुके हैं।

सबसे अधिक दर पर उठा मुंगेली शराब दुकान का अहाता

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद शराब दुकानों में शीघ्र ही आहाता की सुविधा देने के उदेश्य से जिले मे 15 में से 13 दुकानों में अहाता के लिये आबकारी विभाग द्वारा सभी दुकानों के रोजाना गल्ला के हिसाब से बेसरेट के आधार पर अहाता की सुविधा प्रारंभ करने ठेका की प्रक्रिया की गयी जिले में 15 में से 13 शराब दुकानों में अहाता के लिए आबकारी विभाग द्वारा आनलाइन टेंडर जारी किए गए, जिसमें 30 आवेदन प्राप्त हुए थे। प्रदेश में अहाता नीलामी में सर्वाधिक प्रतिशत 300.06 प्रतिशत अधिक दर पर मुंगेली का रहा। जिले के 13 दुकानों में अहाता की नीलामी में 3 दुकानों के लिये ही अमानत राशि प्राप्त हो पाई जिसमे उँची बोली के बाद ठेके की 6 प्रतिशत राशि जमा करनी थी पैसा जमा नही होने के कारण 10 दुकानों की समय सीमा मे प्रकिया पूरी नही होने के कारण इन आहातो का ठेका निरस्त कर दिया गया,जिले में रेहूंटा स्थित शराब दुकान अहाता के लिये सबसे अधिक बोली 1 करोड़ 10 लाख रूपये लगी। वही सबसे कम बोली अखरार स्थित शराब दुकान अहाता के लिए 1 लाख 9 हजार रूपये लगी।

प्रदेश की सत्ता बदलने के बाद शराब दुकानों में शीघ्र ही आहाता की सुविधा प्रारंभ होगी। उल्लेखनीय हैं कि, पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार में शराब प्रेमियों को दो घूंट गला तर करने खेत-खलिहान से लेकर सार्वजनिक स्थानों को ठिहा बनाने मजबूर होना पडता था। प्रदेश में भाजपा की सत्ता आने के बाद आहाता के जरिए न सिर्फ राजस्व बढाने की पालिसी तैयार की गई हैं, बल्कि शराब प्रेमियों को आहाता में नियमतः पूरी सुविधा देने की तैयारी की गई है। जानकारी अनुसार जिले में देशी व विदेशी के करीब 15 दुकान संचालित हो रहे है। जिसमें से 13 दुकानों में अहाता के लिये आबकारी विभाग द्वारा सभी दुकानों के रोजाना गल्ला के हिसाब से बेसरेट निर्धारित किए गए है। इन सभी दुकानों के लिए निर्धारित बेसरेट के अनुसार टेंडर किया गया। अगर टेंडर के अनुसार रकम जमा हो जाती तो इन 13 दुकानों की नीलामी से आबकारी विभाग के खजाने में लगभग 5 करोड 99 लाख रूपए से अधिक की राशि जमा होती। अभी तक टेंडर प्रक्रिया से 19 लाख 50 हजार रूपए की आय हो चुकी है। जिले के 15 दुकानों में से केवल 13 दुकानों के अहाता की नीलामी हुई। 13 दुकानों के अहाता के लिये 30 आवेदन प्राप्त हुये। जिसमें से गोड़खाम्ही शराब दुकान के अहाता के लिये सर्वाधिक 5 आवेदन आये। मुंगेली के रेहूंटा शराब दुकान अहाता के लिये 01 करोड़ 10 लाख रूपये की अधिकतम बोली दुर्गेश साहू ने लगाई। सबसे कम बोली अखरार स्थित शराब दुकान अहाता के लिए 01 लाख 09 हजार रूपये लगी।उल्लेखनीय है कि जिले में मुंगेली में रेहूंटा स्थित देशी शराब दुकान, सरगांव, पथरिया, लोरमी, नवागांव घुठेरा रोड में दाऊपारा देशी शराब दुकान, अंग्रेजी शराब दुकान में दाऊपारा में अंग्रेजी शराब दुकान, मुंगेली रेहूंटा में कम्पोजिट देशी विदेशी शराब दुकान, लोरमी में अंग्रेजी शराब दुकान,अखरार में अंग्रेजी शराब दुकान, पथरिया में अंग्रेजी शराब दुकान, कम्पोजिट शराब दुकान के अंतर्गत जरहागांव, कंतेली एवं गोड़खाम्ही के लिए 30 आवेदन प्राप्त हुये थे।

30 आवेदन प्राप्त हुए

जिले के 15 शराब दुकानों में से 13 दुकानों में अहाता के लिये 30 आवेदन प्राप्त हुये थे जिसमें से पथरिया, अखरार एवं लोरमी शराब दुकान अहाता के लिये ठेकेदारों द्वारा राशि जमा कर दी गई है, शेष दुकानों की राशि जमा नही होने पर विभाग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी।

-प्रकाश पाल, सहायक आयुक्त, आबकारी विभाग मुंगेली

उपेक्षा | देख- रेख के अभाव और साफ सफाई नहीं, झूले भी हो गए गायब

सरकारी अस्पताल का गार्डन रख-रखाव के अभाव में उजड़ा

सक्ती/नवप्रदेश। शासकीय हास्पिटल में बने गार्डन के रखरखाव के अभाव में आंसू बहा रहा है। बहुत दिनों से शासकीय हास्पिटल में मरीजों के घूमने एवं छोटे बच्चों के लिये मनोरंजन के लिये एक गार्डन की मांग की गई थी जिसमें तत्कालिन सांसद करूणा शुक्ला ने गार्डन हेतु शुरूआत में 5 लाख रूपये दिये थे उस गार्डन का नाम पं. दीनदयाल उपाध्याय गार्डन रखा गया था गार्डन बना तब तो देख रेख होती थी परंतु चंद महिने बाद वह गार्डन देख रेख के अभाव में आंसू बहा रहा है। उस गार्डन में शुरूआत में पेड़ पौधे, फूल की क्यारियॉ के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिये कई प्रकार के झूले लगाये गये थे वह भी अब इन दिनों टूट फूट कर अलग हो गये है। साल में एक बार भारतीय जनता पार्टी को पं.दीनदयाल की जयंती के दीन याद आता है। दीनदयाल जयंती मनाने के पूर्व कुछ स्थानों की साफ सफाई करायी जाती है उसके बाद यह भी भुल जाते है और जैसा का तैसा रह जाता है। अगर गार्डन का रखरखाव अच्छे से किया जाय तो वहां आने वाले मरीज एवं उनके साथ आये बच्चो को घुमने का एवं बैठने के लिये अच्छा स्थान मिल जायेगा जो मरीज दूर दराज से आते है उनके साथ उनके परिवार वाले रहते है जो समय बिताने के लिये जगह तलासते रहते है। अगर गार्डन पुनः पहले जैसा हो जाय तो बाहर से आये मरीज एवं परिवार वालों के लिये कम से कम समय बित जायेगा तथा उसे अच्छा महसूस होगा तथा नागरिकों ने मांग की है कि समय समय पर गार्डन देखरेख एवं साफसफाई होती रहे ।

ग्रामीण ने लगाई फांसी, जांच में जुटी पुलिस

सरगुजा-लखनपुर/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के ग्राम बगदर्री में एक ग्रामीण ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नोहरू राम गोड आ0 देवसाय गोंड उम्र 61 साल साकिन ग्राम बगदर्री महुआपारा ने बीते 18 मई दिन शनिवार की रात अपने ही घर के लकड़ी मयार में लकड़ा रस्सी का फंदा बना फांसी लगाकर जान दे दी। परिवार वालों ने हादसे की इतिला थाना लखनपुर को दी । पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है मकतुल की दिमाग़ी हालात कुछ सालों से ठीक नहीं थी। पुलिस मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

न्यूज गैलरी

रसौटा में रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा शुरू

पामगढ़/नवप्रदेश। ग्राम रसौटा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 51,000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 31,000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 21, 000 रुपए दिया जाएगा। साथ ही मैच के पहली गेंद पर विकेट, छक्का मारने पर 31 रुपए नगद इनाम दिया जायेगा। वही प्रत्येक मैच में मैन आफ द मैच मेडल दिया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शेषराज हरबंश होंगी। विशिष्ट अतिथि जिला पं. उपाध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह होंगे। आयोजको द्वारा प्रतियोगिता में शामिल होने वाली टीम के लिए एन्ट्री फीस 2200 रूपये निर्धारित की है। आयोजन की तैयारी में किशोर सिंह, चैनदास, राजू यादव, संतोष जायसवाल, जय लहरे, पुष्पराज सिंह, भरत। सिंह, उमाशंकर दुबे, बालकृष्ण कश्यप, शहर साहू, गिरधारी चौहान, रामाधार (फिरत), दिलीप लहरे, धनेश लहरे, बिरबल दास, सुरेन्द्र लहरे, नरेन्द्र लहरे, कबीर शरण साहू, शिवनाथ साहू, श्यामलाल साहू, किशन लहरे सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता ग्रामीण जुटे हैं।

रामगोपाल बने अभा तैलिक साहू महासभा के मुख्य संरक्षक

केड़ार/नवप्रदेश। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा भारत देश का सबसे बड़ा तेली (साहू) सामाजिक संगठन है, जिससे प्रदेश व केंद्रशासित प्रदेश के तेली (साहू)लोग, सामाजिक संगठन जुड़े हुए हैं या संबद्ध हैं। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर (पूर्व कैबिनेट मंत्री महाराष्ट्र सरकार), राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी द्वारा केड़ार जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ निवासी रामगोपाल साहू जी (श्री राधाकृष्ण राइस मिल) को मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा द्वारा भारत देश भर में 90 लोगों को मुख्य संरक्षक बनाया है उनमें से रामगोपाल साहू हैं।

अवैध राखड़ डंप पर कार्रवाई

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो द्वारा तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम अकलसरा में अवैध राखड़ डंप की शिकायत पर जांच हेतु तहसीलदार भोथिया, लक्ष्मीकांत कोरी को निर्देशित किया गया था। तहसील कार्यालय भोथिया से प्राप्त जानकारी अनुसार कलेक्टर के निर्देशन पर तहसीलदार श्री कोरी द्वारा जांच की गई तथा जांच के दौरान अवैध राखड़ डंप करते हुए दो ट्रेलर को जप्त कर थाना बाराद्वार के सुपुर्द करने की कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही के दौरान तहसीलदार भोथिया सहित राजस्व निरीक्षक गोविंद राम अनंत, हल्का पटवारी विनोद यादव, ग्राम सरपंच अकलसरा के प्रतिनिधि पुरुषोत्तम नायक और ग्राम कोटवार उपस्थित थे ।

नाबालिग ने लगाई फांसी

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र के कुन्नी चौकी अंतर्गत दर्रा पारा में एक 10 वर्षीय नाबालिग लड़के ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक रोहित सिंह आ. धर्मेन्द्र सिंह उम्र 10 साल ने 18 मई दिन शनिवार को घर के समीप रतनजोत पेड़ में पुराने साड़ी का फंदा बना फांसी लगाकर जान दे दी। घर वालों के सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए नाबालिग लड़के के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा अंतिम क्रिया के लिए परिजनों को सौंप दिया है ।बताया जा रहा है कि छोटे भाई के साथ कुरकुरे को लेकर विवाद हुआ था। कुरकुरे नहीं देने की शिकायत छोटे भाई द्वारा मां से किये जाने तथा डांटे जाने के डर से नाबालिग ने खुदकुशी की होगी यह अंदाजा लगाया जा रहा। बहरहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

उच्च रक्तचाप के खतरे से रहें सभी लोग सावधान

मुंगेली/नवप्रदेश। उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को प्रोत्साहित करने विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। जिला अस्पताल सहित ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में भी उच्च रक्तचाप दिवस मनाया गया। ग्रामीणों के रक्तचाप की जांच कर उन्हे इस दिशा में जागरूक किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे के निर्देशानुसार एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्वाला प्रसाद कौशिक के मार्गदर्शन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुर में उच्च रक्तचाप दिवस मनाया। उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को प्रोत्साहित करने के लिए विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है।

क्रेशर की धूल से ग्रामीण परेशान

पर्यावरण मानकों का पालन नहीं कर रहे संचालक

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय से लगा देवीपुर गांव में कई स्टोन क्रेशर संचालित है लेकिन संचालक निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे, जिससे स्थानीय ग्रामीण प्रभावित हैं। क्रेशर में पत्थरों के पीसने से धूल उड़ती है जो धुंध बनकर आसपास के वातावरण में छा जाती है। इनसे अगर क्रशर में नियमों का पालन कराया जाए तो यह धूल ग्रामीणों के लिए समस्या ना बने। लेकिन संबंधित विभागीय अधिकारी यहां पर्यावरण मानकों का पालन नहीं करा रहे हैं, क्रशर के बाउंड्री के भीतर पानी का छिड़काव भी नहीं हो रहा है और ना ही यहां पेड़ नहीं लगाए गए जबकि क्रशर परिसर में पौधारोपण किया जाना अनिवार्य किया गया है। संबंधित विभाग संचालन का लाइसेंस देते समय दिशा-निर्देशों का पालन कराने की प्रक्रिया कराते हैं, किंतु जैसे ही प्लांट चालू होता है मापदंडों का पालन कितना हो रहा है यह नहीं देखा जाता। ऐसी ही मनमानी देवीपुर गांव में लगे परिसर में हो रही है। प्रदूषण की रोकथाम के लिए यहां कोई उपाय नहीं किए गए हैं प्रदूषण नियंत्रण विभाग को शिकायतों के बावजूद ध्यान नहीं दे रहा है खनिज विभाग भी निरीक्षण करने के बाद कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है।

इस तरह होती है गड़बड़ी

ग्राम पंचायत देवीपुर में लगी स्टोन क्रशर संचालक द्वारा लाची, बेल्टटिकरी , पम्पापुर सहित अन्य गांव में पत्थर की खदानें अवैध रूप से संचालित कर रखी है। जब भी जांच टीम आती खदानों में लगी गाड़ियां बंद हो जाती है। पत्थर उत्खनन के लिए जो जगह लीज पर दी गई है उन स्थानों के अलावा यहां के कई जगहों पर पत्थर का अवैध खनन चल रहा है। खुदाई से बड़ी गहरी खाहियां बन गई है जिससे दुर्घटनाएं होती रहती है ।देवीपुर गांव में लगा क्रशर सड़क के मात्र पचासा के बगल में है लेकिन क्षेत्र के लिए अधिकृत खनिज निरीक्षक ग्रामीणों की शिकायत के बावजूद नियमानुसार कोई कार्रवाई क्रशर संचालक के ऊपर नहीं कर रही जिससे उनकी कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।तीन से चार किमी क्षेत्र के आवासीय क्षेत्र को प्रभावित करता हैः बताया गया एक क्रशर तीन से चार किमी के आवासीय क्षेत्र को प्रभावित करता है। इतना ही नहीं पत्थर खदानों में काम करने वाले मजदूर और आसपास रहने वाले लोगों में सिलिकोसिस बीमारी होने की संभावना रहती है क्रशर से निकलने वाली धूल जमीन, पानी तथा आसपास की हरियाली पर दुष्प्रभाव डालती है। इस गांव में धूल डस्ट के कारण घरों की छत पर धूल की मोटी परत जमा रहती है और रखे पानी पर धूल जमा हो जाती है फसलों के ऊपर भी धूल बैठ जाती है जिससे पौधों की ग्रोथ पर असर पड़ रहा है। क्रशर के चारों तरफ ऊंची बाऊण्ड्रीवॉल और हरे परदे की दीवार होनी चाहिए। डस्ट न उड़े लगातार पानी का छिड़काव होना चाहिए लेकिन इन पर अमल नहीं किया जा रहा है । क्रशर मशीन चलने के दौरान गहरी धुंध आसपास छाई रहती है। क्रशर की धूल लोगों को बीमार भी कर रही है। इसके अलावा मुख्य मार्ग के पास संचालित क्रेशर से उड़ने वाली धूल राहगीरों और वाहन चालकों की आंख में भी चुभती है। बावजूद इसके इन क्रेशर मशीनों का संचालन प्रभावशाली लोगों द्वारा किये जाने के कारण प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार विभाग इन पर कार्रवाई करने की हिम्मत नही जुटा पा रहा है।

आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाता युवक गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। सक्ती की पुलिस अधीक्षिका अंकिता शर्मा को विगत कई दिनों से जिले में ऑनलाईन सट्टा खिलाये जाने की जानकारी मिल रही थी। इसी के परिपेक्ष्य में एसपी ने जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अपने अपने थाना/ चौकी क्षेत्र में मुखबिर तैनात कर सट्टे पर कड़ी कार्यवाही करने संबंधी निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में सक्ती थाना प्रभारी विवेक शर्मा को मुखबिर से सूचना मिली कि सक्ती के राम मंदिर के पास अपने घर में अंकित अग्रवाल उर्फ कालू सेट्टी मोबाईल के जरिये क्रिकेट सट्टे पर आन लाइन दांव लगवा कर रुपये पैसे का लेनदेन कर रहा है। मुखबिर की इस सूचना से पुलिस अधिक्षिका को अवगत करा कर मार्गदर्शन लिया गया और सक्ती एएसपी रमा पटेल व एसडीओपी मनीष कुंवर के दिशा निर्देश पर सक्ती के राम मंदिर के पास अंकित अग्रवाल उर्फ कालू सेट्टी के घर पर रेड कार्यवाही कर उसे गवाहों के समक्ष गिरफ्तार किया गया। अंकित अग्रवाल अपने घर में, मोबाइल फोन के माध्यम से लाइन लेकर, और आईडी बांटकर सट्टा खिला रहा था। माय डायमंड एक्सचेंज नमक आईडी से इसके सट्टा खिलाने की जानकारी मिली है। इसके अलावा लाइन लेकर सट्टा भी इसके द्वारा खिलाया जा रहा था। पुलिस ने अंकित से सट्टा खिलाने में इस्तेमाल किए जाने वाले 4 मोबाईल फोन, कॉपी, पेन जप्त किए हैं। एसडीओपी सक्ति मनीष कुंवर ने बताया की लाइन और आईडी के बारे में आगे विवेचना के दौरान जानकारी ली जाएगी।

कक्षा छठवीं की प्रवेश परीक्षा में बच्चे शामिल

सक्ती/नवप्रदेश। जिला सक्ती के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पलाड़ीखुर्द के कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 का आयोजन आज 18 मई को जिला सक्ती एवं जांजगीर चाम्पा का संयुक्त केन्द्र, स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल सक्ती में किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार कुल 346 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 293 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 53 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। इस अवसर पर अपर कलेक्टर बीरेन्द्र लकड़ा, नोडल अधिकारी के. एस. पैकरा. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सक्ती केन्द्राध्यक्ष ज्योति चंद्रा एवं उपकेन्द्राध्यक्ष नीलमणी जगत, मंडल निरीक्षक आदिवासी विकास विभाग सक्ती मयंक चंद्रा, अधीक्षक सुनील जगत , प्रीतम सिंह वानी, मनजीत सिंह, टीकाराम साहू, नरेन्द्र कुमार बरेठ एवं पर्यवेक्षक सेजेस स्कुल सक्ती उपस्थित थे।

जिले के कई गांवों में पेयजल के लिए हाहाकार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के कई गांवों में बढ़ते भीषण गर्मी के कारण पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। मुख्यालय क्षेत्र के अनेक गांवो में विगत एक वर्षो से पेयजल आपूर्ति ठप है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। सरकार की महत्वकांक्षी योजना नल जल योजना दम तोड़ते नजर आ रही है।

सरकार की महत्वकांक्षी योजना से सभी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति कराना है। लेकिन यह मात्र कागजो में सिमट कर रह गया है। कहीं पानी टंकी निर्माण अधूरा है तो कहीं आज पर्यन्त निर्माणाधीन है। ग्रामीणो की मानें तो कही कही कुछ घरों में पानी कनेक्शन दे दिया गया है लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्रामीणो को शुध्द पानी पीने लायक उपलब्ध नही हो पायी है। अफसरो तक ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं पहुंचायी है लेकिन आज तक गांव की मुसीबत को दूर करने वाला कोई भी सरकारी नुमाइंदा नही आया। लिहाजा इसे अपनी किस्मत मानते हुये पुराने तरीके से पानी इंतजाम करना जारी रखा है। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से महज 22 कि.मी. की दूरी पर ग्राम पंचायत सेतगंगा में विगत दो वर्ष पूर्व पानी टंकी का निर्माण किया गया था जिससे खैरा सेतगंगा में पीने की पानी आपूर्ति की जाती थी। लेकिन मुंगेली से पंडरिया मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण के चलते ग्राम खैरा में पाईप लाईन कनेक्शन टूट गया है जिसके कारण पानी आपूर्ति बंद है। ग्राम सेतगंगा, बछेरा, खैरवार, पालचुवा में भी पेयजल विभाग पानी आपूर्ति कराने में नाकाम साबित हो रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ग्रामीणों ने इस समस्या से अवगत कराया था लेकिन उनके द्वारा संतोषप्रद जवाब नही दी गयी। जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणो की माने तो पानी टंकी बनने के बाद लगभग चार सौ घरो में नल जल कनेक्शन दिये गये थे तो बकायदा इसकी टेस्टिंग की गई थी कुछ दिनो तक पानी पिने को मिला ग्रामीणो ने सोचा की अब पानी का समस्या से निजात मिल गई है लेकिन कुछ दिनो बाद समस्या ज्यो का त्यो बना हुआ है ग्रामीण आज पर्यन्त समस्या से जूझ रहे है। लाखो रूपया खर्च कर पानी टंकी गांव में सीने में खड़ी कर दी गई है लेकिन ये टंकी ग्रामीणो को रोजाना सुबह से शाम तक सिवाय चिढ़ाने के कुछ नही करती। भीषण गर्मी के चलते ग्रामीण क्षेत्रो में तालाब सूखने लगे है।

क्षेत्र में कांजी हाउस नहीं, आवारा पशुओं का सड़कों पर जमावड़ा

सक्ती/नवप्रदेश। नगर पालिका में कांजी हाऊस नहीं होने के चलते अवारा पशु एवं घरेलू पशु गाय का नगर के सड़कों बीचोंबीच बैठने एवं खड़े रहने के चलते उस सड़क से आने वाले चार चक्का एवं मोटर सायकिल तथा पैदल चलने वालों को भारी परेशानियों का सामना इसलिये करना पड़ता है कि 20 से 30 गाय सड़कों के बीचोंबीच खड़ी एवं बैठी रहती है जिसके चलते राहगिरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पूर्व में एक कांजी हाउस वार्ड नं. 4 में हुआ करता था जहां कांजी हाउस था वहां इन दिनों विशाल दुकानें बन गई है। यह दुकाने कैसे बनी और कांजी हाउस क्यों हटायी गई यह आम आदमियों के समक्ष से परे है जिसका खामियाजा नागरिक भुगत रहे है। जब कांजी हाउस हुआ करता था तो अवारा पशुओं को कांजी हाउस में रख दिया जाता था। कांजी हाउस पहले थी तो घर में गाय पालने वाले घर में ही गाय को बांध कर रखते थे क्योंकि कांजी हाउस में जाने के बाद नगर पालिका द्वारा विधिवत राशि लेकर गाय को देते थे लेकिन अब कांजी हाउस नहीं होने से घर में पालने वाले गाय को घर में न रखने के बजाय बाहर छोड़ देते है तथा आवारा पशु तो बाहर है ही उसके साथ घरेलू पशु भी सड़क में भटकते रहते है। कई बार नागरिकों ने नगर पालिका को पशुओं से होने वाले परेशानियों से अवगत कराया एवं कांजी हाउस की मांग की परंतु इस कांजी हाउस की ओर ध्यान नहीं गया और आज तक कांजी हाउस नही बना। नागरिकों ने मांग की है कि तत्काल कांजी हाउस बनाकर आम नागरिकों को होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।

शोभायात्रा में समाज के लोगों ने लिया हिस्सा

मुंगेली/नवप्रदेश। सर्व ब्राम्हण परिषद मुंगेली द्वारा भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर भ्रमण कर वापिस नगर पालिका विद्यालय पहुचीं जहाँ आराध्य भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना, महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया।

सर्व ब्राम्हण परिषद द्वारा पूजा-अर्चना गिरीश शुक्ला,अवधेश शुक्ला,पं वीरेंद्र तिवारी, स्वतंत्र मिश्रा, रोहित शुक्ला द्वारा कर भव्य शोभयात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम जी की विशाल प्रतिमा सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा नगर पालिका स्कूल से निकल कर सरदार वल्लभ भाई पटेल सभा भवन होकर पुलपारा, पाठकपारा, बड़ा बाजार,गुरुद्वारा होते हुए मलहा पारा नंदी चैक,शंकर मंदिर से देवांगन पारा होते हुए माँ परमेश्वरी चौक,महाराणा प्रताप चौक पड़ाव से होकर पुनः बालानी चैक से मलाई घाट,ठाकुरदेव मंदिर होकर परशुराम चैक पुराना बस स्टैण्ड फिर नगर पालिका स्कूल पहुँच कर सभा के रूप में परिणित हुई जहां भगवान परशुराम जी की भव्य महा आरती विप्रजनों ने किया। परशुराम जी की झांकी व शोभायात्रा का जय स्तंभ चैक में प्रभात तिवारी,आशीष तिवारी,शशांक तिवारी,चन्द्रकला ने,आस्तिक मेडिकल के पास सागर पाठक,विनय मिश्रा, पुलपारा में स्वतंत्र मिश्रा, आशीष मिश्रा, सुनील पाण्डेय, सौरभ बाजपेयी, अनीश पाण्डेय,लेखनी पाण्डेय, संदीप पाण्डेय, पाठक पारा में प्रमोद पाठक, शैलेश पाठक, विश्वनाथ पाठक, अरुण पाठक, सुनील पाठक, योगेश शर्मा, प्रशांत शर्मा, राजू पाठक, मनोज मिश्रा,सागर पाठक, दीपक तिवारी, उर्वशी पाठक, मंजुला शर्मा, रजनी पाठक, पूनम पाठक,स्वीटी पाठक, डॉ सरोज पाठक, उषा पाठक, अनिता तिवारी, पूनम चैबे, संध्या उपाध्याय, रानी मिश्रा, कल्पना मिश्रा, रश्मि तिवारी, आराधना तिवारी खेढ़ा, अमिता मिश्रा ने स्वागत किया। बड़ाबाजार में प्रिया प्रिंटिंग प्रेस परिवार ने संजीव गौरहा के नेतृत्व में कुल्फी, लस्सी आदि से शोभायात्रा में शामिल विप्रजनों का स्वागत किया। नंदी चैक में रायपुर रोड के विप्रजनों ने स्वागत किया। महाराणाप्रताप चैक पड़ाव में मोहन उपाध्याय, रघुनाथ पाण्डेय, स्वतंत्र तिवारी, आयुष शुक्ला, धीरज पाण्डेय, परशुराम चैक पुराना बस स्टैण्ड में वीरेंद्र पौराणिक, निधि पौराणिक ने स्वागत किया। इसके पश्चात शोभायात्रा में डी.जे. धुमाल के धून पर युवा नृत्य कर भगवान के जयकारे लगाते रहे, भगवान परशुराम की भव्य विशालकाय प्रतिमा के पश्चात युवाओं व शोभायात्रा में महिला एवं युवतियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर दुष्यंत दुबे, श्रीकांत पाण्डेय, पवन पाण्डेय, रामेश्वर तिवारी, कोमल शर्मा, प्रशांर्त, योगेश शर्मा, राहुल पाठक, सूरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद थे।

परेशानी राज्य बीज निगम ने की सभी किस्म के बीजों में 6 सौ से 2 हजार रुपए तक की बढ़ोत्तरी, किसान हुए परेशान

बीज निगम से ऊंची दरों पर बीज खरीदने किसान मजबूर

मुंगेली/नवप्रदेश। महंगाई की मार बीजों पर पड़ने लगी है। राज्य बीज निगम द्वारा सभी किस्म के बीजों में 6 सौ से 2 हजार रूपए तक की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। जिसके चलते किसानों को इस बार बीज निगम से महंगे दर पर बीज खरीदने मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों को धान, उड़द, अरहर, मूंगफली के बीज के लिए महंगी दर अदा करनी होगी। वही मिलेट रागी फसल पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष दाम कम हो गये है। बीज निगम द्वारा बीज का भण्डारण कर समितियों तक पहुंचा दिया गया है।

किसानों का कहना हैं कि शासन द्वारा धान के बजाये तिलहन व दलहन फसल लेने जागरूक कर रही है। लेकिन यहां बीज निगम द्वारा हर एक किस्म के दाम में 6 सौ से 2 हजार रूपए तक की बढ़ोत्तरी कर दी गई है। किसानों का कहना है इनकी खेती में लागत मूल्य ही अधिक लग जाता है। ऐसे में मुनाफा कैसे होगी। इस तरह पिछले साल की तुलना में इस बार बीजों के दाम में अधिक उछाल देखने को मिल रहा हैं। अफसरों का कहना है कि हर चीज के दाम बढ़ रहे है। जिसके चलते बीज के दाम भी बढ़ गए है। बीज निगम से प्राप्त जानकारी अनुसार सुगंधित धान पिछले वर्ष 3 हजार 400 रूपए प्रति क्विंटल मिलता था, उसके दाम अब बढ़कर 4 हजार 5 सौ रूपए प्रति क्विंटल हो गए है। इसी प्रकार पतला धान की कीमत पिछले वर्ष 3 हजार रूपए प्रति क्विंटल था जो अब बढ़कर 3 हजार 9 सौ रूपए प्रति क्विंटल हो गया है। मोटा धान पिछले वर्ष 2 हजार 800 सौ रूपए प्रति क्विंटल मिलता था, जो अब बढकर 3 हजार 4 सौ रूपए हो गया है। इसके अलावा आधार बीज की कीमत प्रमाणित बीज की कीमत से 100 सौ रूपए अधिक है। अब ऐसे में खरीफ फसल लेने के समय किसानों की दिक्कतें बढ़ेगी। इसी प्रकार मूंगफली के दाम पिछले वर्ष प्रति क्विंटल 9 हजार 500 रूपए था जो अब बढ़कर 11 हजार 9 सौ रूपए प्रति क्विंटल तक जा पहुंचा है। तिल बीज के दाम पिछले वर्ष 14 हजार 700 प्रति क्विंटल से बढ़कर अब 19 हजार 3 सौ रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

उड़द के दाम पिछले वर्ष 10 हजार 250 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 12 हजार 5 सौ हो गया है। अरहर के दाम पिछले वर्ष 8 हजार 400 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 11 हजार 994 रुपये प्रति क्विंटल तक चला गया है। मिलेट फसल कोदो पिछले वर्ष 6 हजार रूपए था जो इस वर्ष 7 हजार 2 सौ रूपए हो गया है। वही रागी पिछले वर्ष 4 हजार 600 रूपए था जो इस वर्ष घटकर 3 हजार 4 सौ रूपए हो गया है। इधर धान के बढ़ते दामों ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। जून महीने में खेती किसानी का काम शुरू हो जाता है। इसके पूर्व बड़े पैमाने पर किसान बोने के लिए धान का बीज लेते है। ताकि खेतों में बोआई की जा सके। ग्राम संबलपुर के किसान रघुराज सिंह परिहार, करूपान के किसान रामकुमार साहू, संगवाकापा के निरंजन साहू ने बताया कि दलहन और तिहलन की खेती में उत्पादन लागत अधिक आते है। ऐसे में कीमत बढ़ाने से किसानों में नाराजगी है। किसानों का कहना है कि शासन एक ओर धान के बजाये दलहन व तिलहन की खेती करने की बात कहती है, वही दूसरी तरफ बीज के दाम में बढोतरी कर दी जाती है। किसानों का कहना है कि ऐसे में उत्पादन लागत निकालना मुश्किल हो जाएगा। किसानों का कहना है कि कृषि विभाग द्वारा पूर्व में सरकारी योजनाओं के तहत किसानों को निःशुल्क बीज का वितरण किया जाता था। जो वर्तमान में बंद है। इससे किसानों को नये बीजों एवं नई फसलों पर उत्पादन की जानकारी प्राप्त होती है।

फसलों के बीजों के दाम बढ़ रहे हैं

धान बीज एवं अन्य फसलों के बीजों के दाम बढ़ रहे है। दामों में 10 से 20 फीसदी तक इजाफा हुआ है। किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर बीज सभी समितियों तक पहुंचा दिया गया है।

-टीआर सोनकर, प्रक्रिया प्रभारी, बीज निगम मुंगेली

न्यूज गैलरी

स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए निकली लाटरी

गंडई-पंडरिया/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय गंडई में कक्षा 1 ली में प्रवेश हेतु 17 मई को लाटरी पद्धति से चयन किया गया। जिसमें चयन समिति में नायाब तहसीलदार इंद्र राम चंद्रवंशी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी जी एल सुधाकर, साथ ही संस्था के प्राचार्य पवन कुमार ददरया एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित थे। बता दें कि कक्षा पहली में 50 सीट में प्रवेश के लिए 25 सीट बालिका, 12 सीट बी पी एल वर्ग,एवं 13 सीट सामान्य के थे, जिस पर पूरी पारदर्शिता के साथ लाटरी पद्धति से प्रशासनिक अधिकारी,जनप्रतिनिधि एवं पालकों की उपस्थिति में चयन किया गया,साथ ही बालिका वर्ग में 03 सीट प्रतीक्षा सूची,02=02 सीट बी पी एल, एवं सामान्य वर्ग के लिए प्रतीक्षा सूची में रखा गया है। संस्था के प्राचार्य पवन ददरया ने बताया की लाटरी में निकाले गए चयनित छात्र/छात्राओं को आगामी 20 मई सोमवार तक पूरी दस्तावेज लाकर संस्था में दाखिला हेतु स्कूल में जमा करना होगा, समय सीमा में जमा नहीं करने पर प्रतीक्षा सूची से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। चयनित छात्र/छात्राओं की सूची संस्था के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित कर दी गई है,इसका अवलोकन विद्यालयीन समय पर किया जा सकता है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि ,व्याख्याता शिक्षक जीवन देवांगन,वैधनाथ नागेंद्र,महेश ठाकुर,दिलीप शर्मा,सहित पालकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे थे।

रामचरित मानस और गीता पर विवेचना

कवर्धा/नवप्रदेश। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक और संचालक आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी अखिलेशानंद, जो सरायपाली छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इनके मार्गदर्शन में 4 दिवसीय श्री रामचरितमानस और गीता बिबेचना का आयोजन 18 से 21 मई तक कवर्धा के शौर्य भवन ठाकुर पारा में शाम 4 बजे से रात 7 बजे तक किया गया है। इसमें दिल्ली से आशुतोष महाराज की शिष्या रुचि भारती और भक्ति अर्चना भारती द्वारा सत्संग प्रबचन किया जा रहा है। भजन स्वामी अखिलेशानंद द्वारा प्रस्तुत किया गया तबला दानेश और पैड पर भवानी शंकर थे। इस कार्यक्रम के कार्यकर्ता पार्षद नरेंद्र देवांगन कोलेगांव से संतोष साहू सोनू साहू नारद साहू भागबली गिरधारी बिहारी नकुल चौहान संपत साहू मोहन साहू इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे। दीप प्रज्ज्वलित से सत्संग भजन प्रारंभ हुआ। अंत में आरती और प्रसाद के साथ कार्यक्रम समापन हुआ। प्रसाद मनोज साउंड सर्विस द्वारा वितरित किया गया।

जशपुर की शाही लीची की बढ़ी मांग मुनाफा बढ़ने से किसान खुश

जशपुर/नवप्रदेश। शाही जशपुरिया लीची किसानों के लिए आय का बढ़िया स्रोत बन गया है। इसके अच्छे उत्पादन और दूसरे प्रदेश के व्यापारियों के आकर्षण से किसान काफी खुश हैं। जशपुर जिले में बड़े पैमाने पर लीची की का उत्पादन होता है। इस साल लीची की अच्छी पैदावार से किसान काफी खुश हैं। जशपुर की रसीली लीची की एक अलग पहचान है। जिले के कुनकुरी, बगीचा, सन्ना, मनोरा, फरसाबहार, कांसाबेल, पत्थलगांव में अधिक पैमाने में लीची पैदा की जाती है।

दो प्रकार की लीची

यहां पर दो प्रकार की लीची की पैदावार होती है, जिसमें जशपुरिया शाही लीची और चाइनीज लीची शामिल हैं। जशपुर की लीची की मांग बड़े-बड़े शहरों और अलग-अलग राज्यों में भी है।

अच्छी पैदावार से बढ़ा मुनाफा

सुरेशपुर के एक किसान ने बताया कि, उसने अपने बगान में 125 लीची के पेड़ लगाए हैं। इस साल लीची की काफी अच्छी पैदावार हुई है, जिससे बहुत मुनाफा हुआ है। लीची की मांग को देखते हुए और अधिक पेड़ लगाने की तैयारी कर रहे हैं।

बेटियों को शास्त्र के साथ शस्त्र चलाने की विद्या भी आवश्यक : पूजा जैन

बालोद/नवप्रदेश। आज तृतीय दिवस बौद्धिक वर्ग में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत दुर्गावाहिनी सह संयोजिका सुश्री पूजा जैन,जिला अध्यक्ष बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद बलराम गुप्ता की प्रमुख उपस्थिति में बौद्धिक सत्र प्रारंभ हुआ। सर्वप्रथम माँ भारती के तैलचित्र का पूज अर्चना कर सत्र की शुरुआत की गई मुख्य वक्ता पूजा जैन ने कहा कि बहनों का आयाम दुर्गावाहिनी माँ दुर्गा को प्रतीक मानकर आदर्श मानकर करके बहने अपना कार्य करती है। देवी शक्ति स्वरूपा हिन्दू धर्म संस्कृति अपने धर्म की रक्षा के लिए हमे तत्पर रहती है। दुर्गावाहिनी में बहनों की शक्ति को राष्ट्र धारा में जोड़ने के लिए 1991 में शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को दुर्गावाहिनी की स्थापना साध्वी ऋतुम्भरा दीदी की उपस्थिति में किया गया। पूजा जैन ने कहा कि बहनो में आत्म विश्वास जगाना, मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, आत्मबल बढ़ाना राष्ट्रहित में कार्य करने तथा तत्पर तैयार करना सामाजिक, धार्मिक, बौद्धिक,रूप से तैयार किया जाता है।

एसपी सूरज सिंह ने जनरल परेड के बाद अनुशासित कर्मचारियों को किया प्रोत्साहित

- पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के ड्रिल , वेश भूषा एवं अनुशासन का किया परीक्षण
- अच्छी वेशभूषा और उत्तम ड्रिल वाले कुल 14 अनुशासित कर्मचारियों को किया पुरस्कृत

कोरिया/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरिया सूरज सिंह परिहार द्वारा पुलिस लाईन में तड़के सुबह जनरल परेड लिया गया। जिसमें उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, राजेश साहू, नेलशन कुजूर, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रविकांत सहारे, रक्षित निरीक्षक नितीश आर. नायर, यातायात प्रभारी विपुल आंनद जांगड़े, बचरापोड़ी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश तिवारी, उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ़ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ, यातायात एवं पुलिस लाइन के अधिकारीगण / कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

परेड निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम रक्षित निरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक कोरिया को सलामी दी और मंच से गुजरते हुए मार्च पास्ट किया गया। इसके पश्चात एसपी कोरिया द्वारा टुकड़ी वार सभी अधिकारी कर्मचारी के वर्दी, अनुशासन और परेड ज्ञान की जाँच की गई। जिसमें उत्तम दर्जे की वेशभूषा, ड्रिल व अनुशासन में दिखे प्र.आ. अनिल विजय लकड़ा, प्र.आ. आनंद टोप्पो, प्र.आ. मुखदेव सिंह, आ. हुकुम श्रीवास, आ.शशि भूषण मिश्रा, आ. अंकित सोनवानी, आ. प्रदीप तिर्की, आ. संत लाल, आ. राकेश मिश्रा, आ. सुनील मरावी, म.आ. लक्ष्मी दोहरे, म.आ. उषा सिंह, म.आ. सुमन सिंह एवं डॉग मास्टर संजीव गोयल को ईनाम देकर प्रोत्साहित किए। लॉ एंड ऑर्डर में काम आने वाले टोलीवार स्क्वॉड ड्रील कराया गया।

उक्त जनरल परेड में एसपी कोरिया द्वारा शासकीय वाहनो और वाहन चालकों का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें उचित मरम्मत, ड्राइवर डायरी, टूल्स और वाहन का निरीक्षण किया गया एवं बेहतर रख रखाव हेतु दिशा निर्देश भी ऋद्धु और रूज्ञह को दिये गए।

परेड पश्चात पुलिस अधीक्षक कोरिया ने पुलिस कर्मचारियों की ओ.आर. पेशी ली और गुज़ारिश सुनी। छोटी गलती, अनुपस्थिति, अनुशासनहीनता जैसे प्रकरण का तत्काल निराकरण हेतु आरक्षक और प्रधान आरक्षक का ओ.आर. पेशी में पेश कर प्रकरण का निराकरण किया गया और कर्मचारियों की गुज़ारिश सुनकर समस्या का निराकरण के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया गया है।

पुलिस अधीक्षक कोरिया ने जिले के समस्त थाना, चौकी, ऑफिस, पुलिस लाइन के अधिकारी कर्मचारियों को रोस्टरवार अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने और परेड लगातार जारी रखने हेतु निर्देश दिया है जिससे पुलिस का विभागीय अनुशासन और बेहतर किया जा सके।

चिल्फी में ईंट छड़ दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

कवर्धा/नवप्रदेश। ग्रामीणों को कम दामों में ईंटा और छड़ दिलाने की बात कहकर लोगों से ठगी करने वाले को चिल्फी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया गया है। आरोपी कृष्णा विश्वकर्मा उर्फ राजवीर विश्वकर्मा पिता संतराम विश्वकर्मा (35) पता छाटा मढ़मड़ा हाल पता हाउसिंग बोर्ड कालोनी कवर्धा निवासी है। इस प्रकार है कि प्रार्थी पंचराम मरकाम पिता सुखदेव मरकाम (25) सरोधादादर थाना चिल्फी रिपोर्ट दर्ज़ कराई कि यह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण करवा रहा है। 10 मई को अज्ञात व्यक्ति इसके घर आकर अपना नाम राकेश यादव पोड़ी का रहने वाला बताकर कम दाम में ईंटा छड़ दिलाने की बात कहकर दूसरे के ईंटा भट्ठा को अपना ईंटा भट्ठा बताकर सामान लोड करवा रहा हूं कहकर प्रार्थी से 16 मई को 30,000 रुपए ले लिया और सामान नहीं दिलाया

प्रार्थी कि रिपोर्ट पर थाना चिल्फी में अपराध क्र. 20/24धारा 420 दर्ज़ किया गया। इसी प्रकार प्रार्थिया भूखीन बाई पति स्व. सोनसिंह उम्मीद 67वर्ष पता ग्राम पगवाही थाना चिल्फी रिपोर्ट दर्ज़ करायी कि यह भी अपने यह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण करवा रही है कि 20 मई से एक अज्ञात व्यक्ति इसके घर में लगातार आ कर अपना नाम कृष्णा विश्वकर्मा पोड़ी का बताकर आवास के लिये कम दाम में ईटा छड़ दिलवाऊंगा कहकर अपने झांसे में लेकर दूसरे के द्वारा गिरवा रहे ईटे को तुम्हारे लिये ईटा गिरवा रहा हु कहकर प्रार्थिया से 12,000 रु लेकर फरार हो गया प्रार्थिया कि रिपोर्ट पर थाना चिल्फी में अपराध क्र. 21/24 धारा पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना चिल्फी में एक टीम गठित कर टीम द्वारा रोड़ में लगे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज चेक किया जा रहा था। आसपास के लोगों से घटना के संबंध में लगातार पूछताछ किया जा रहा था। इसी दौरान प्रार्थी द्वारा एक संदिग्ध मोबाइल न. पुलिस टीम को दिया। जिसका डिटेल निकाल कर मोबाइल न. धारक का पता किया गया जो कृष्णा विश्वकर्मा उर्फ राजवीर विश्वकर्मा पिता संतराम विश्वकर्मा पता छाटा मढ़मड़ा कवर्धा के द्वारा घटना करने संदेह के आधार पर ग्राम जाकर पता किया गया जो ग्राम में नहीं मिला जिसका मोबाइल लोकेशन आधार पर पंडातराई में पकड़ा गया, जिसे प्रार्थी /प्रार्थिया से पहचान कराई गई।

मनेंद्रगढ़ के सिद्धबाबा पहाड़ में दिखा तेंदुआ, दहशत में आसपास के लोग

मनेन्द्रगढ़/चिरमिरी/भरतपुर/नवप्रदेश। जिले के कोयलांचल क्षेत्र नगर पंचायत लेदरी के सिद्धबाबा धाम मंदिर के पास एक तेंदुआ सड़क पार करता देखा गया है। तेंदुआ देखे जाने की सूचना के बाद आसपास क्षेत्र के लोग खौफ में आ गए हैं। माना जा रहा है कि तेंदुआ जंगल से भटककर शहर की ओर आया होगा। इसकी सूचना मनेंद्रगढ़ वन विभाग को दी गई, जिसके बाद से वन विभाग की टीम तेंदुए की निगरानी कर रही है।

सड़क पार करते देखा गया तेंदुआः- एमसीबी जिले के नगर पंचायत लेदरी में सिद्धबाबा धाम के पास शनिवार को एक तेंदुआ सड़क पार करते देखा गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने जब तेंदुए को देखा तो अपने मोबाइल से उसका वीडियो बना लिए और सोशल पर पोस्ट कर दिया। यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया। जिसके बाद सैकड़ों की संख्या में लोग मौके पर तेंदुआ को देखने के लिये पहुंच गए। वहीं मनेंद्रगढ़ वन विभाग की टीम भी तेंदुआ पर नजर बनाए हुआ है।

तेंदुआ की खबर से क्षेत्र के लोगों में खौफः इस क्षेत्र में तेंदुआ की संख्या कम होने की वजह से वो अक्सर घने जंगलों में ही रहते हैं। लेकिन पहली बार सड़क के

किनारे और रहवासी बस्ती के नजदीक तेंदुआ को देखा गया है, जिसकी वजह से लोग भयभीत भी हैं।

जंगल से भटककर शहर की ओर आया तेंदुआः जानकर बताते हैं की गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान नजदीक होने की वजह से हो सकता है कि यह तेंदुआ भटककर शहर की ओर आ गया होगा। इसकी सूचना मनेंद्रगढ़ वन विभाग को दी गई है।

> लगभग तीन-चार दिनों से तेंदुआ को विचरते हुए देखा जा रहा है। लेकिन अभी किसी प्रकार का कोई भी ऐसा तेंदुए ने कांड नहीं किया है कि उससे कुछ नुकसान हुआ हो. लगातार तेंदुए पर वन विभाग के द्वारा नजर रखी जा रही है.
>
> **रामसागर कुर्रे,** रेंजर, महेंद्रगढ़

बोड़ला नेशनल हाईवे में तीन हादसे, कोई हताहत नहीं

बोड़ला/नवप्रदेश। नगर से होकर गुजरने वाली एन एच में हादसे थम नहीं रहे हैं। रविवार 19 मई को सवेरे भोरमदेव रोड चौराहे पर एक स्कूटी सवार को बचाने के फेर में एक पिकअप वाहन पलट गई। हादसे में कोई जानमाल की हानि नहीं हुई। पिकअप चालक को चोटें आई है। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया है ।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आज सवेरे नेशनल हाईवे 30 में भोरमदेव चौक के पास पिकअप क्रमांक सीजी 10 बी डी 3222 गुजर रही थी। इसी दौरान भोरमदेव रोड की तरफ से स्कूटी सवार के सामने आ जाने के कारण पिकअप ने अपना नियंत्रण खो दिया और सड़क के बाजू में पिकअप पलट गई। इसमें सवार चालक सामान्य रूप से घायल हो गया।

रात में हुए दो हादसे:

शनिवार और रविवार की दरम्यानी रात 8 बजे बोड़ला थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे 30 में

चोरभट्टी के बघईया नाला में एक अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार लोगों को टक्कर मार दी। इसमें 3 लोग घायल हो गए हैं। टी आई नितिन तिवारी ने बताया कि खरिया से शादी कार्यक्रम निपटाकर बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम आमानारा के मनोज टेकाम पिता बोध राम टेकाम अपनी माताजी सिंधिया बाई टेकाम और बड़ी मां के भाई शोभित मरकाम साकिन खारिया के साथ में शादी से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान चोरभट्टी के पहले बघईया नाला में अज्ञात मालवाहक ट्रक ने इन तीनों मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। इससे तीनों घायल हो गए हादसे में शोभित मरकाम का दाहिना पैर टूट गया है और मनोज टेकाम के सिर में गहरी चोटें हैं। उसकी मां के भी हाथ में चोटें आई। जिन्हें डायल 112 की सहायता से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया और प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला ले जाया गया। श्री तिवारी ने बताया कि मामले में अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

भोरमदेव रोड में एंबुलेंस घुसा:

शुक्रवार दरम्यानी रात 9.30 बजे के बीच भोरमदेव रोड में पूर्व पार्षद सुनील मानिकपुरी घर के पास एक एंबुलेंस नाली में घुस गई । घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल टी आई नितिन तिवारी व एएस आई गोविंद चंद्रवंशी घटना स्थल पहुंचे।चालक व उस पर सवार व्यक्ति को अस्पताल इलाज हेतु पहुंचाया। उसके बाद एंबुलेंस को लोगों की मदद से नाली से निकाला गया। एंबुलेंस चालक शराब के नशे में चूर था। भोरमदेव की ओर जाते समय गाय को बचाने के चक्कर में एंबुलेंस नाली में घुस गई थी पुलिस के द्वारा एम्बुलेंस चालक पर धारा 185 की कार्यवाही की गई है। नाली के कारण हुआ हादसाः वार्ड नंबर 13 भोरमदेव रोड में नगर पंचायत के द्वारा बोड़ला कोडार सड़क की पटरी वाले जगह में नियम कानून के विपरीत नाली निर्माण का कार्य पिछले वर्ष कराया गया है नगर के लोगों के एतराज़ के बाद भी नाली बनाया गया है जिससे दुर्घटना घटी है ।

पहले भी इसी कारणों से इसका विरोध किया गया था लेकिन नगरपंचायत के द्वारा जबरदस्ती ये नाली बनाया गया है। बाहर के आदमियों का नाली का अंदाजा नहीं हो पता वे इसे पटरी ही समझते हैं, कल रात एंबुलेंस हादसे का कारण भी यही है।

शाकंभरी मंदिर में होगी राम, लखन और जानकी की मूर्ति स्थापित

नगरी/नवप्रदेश। सिहावा कोसरिया पटेल मरार समाज की ईष्ट देवी मां शाकंभरी व श्री राम लखन जानकी माता की कृपा से कोसरिया पटेल समाज द्वारा बाबा श्री श्रृंगीऋषि आश्रम प्रवेश द्वार मां शाकंभरी मंदिर सिहावा में श्री राम लखन जानकी माता की मूर्ति स्थापना व प्राणप्रतिष्ठा किया जाना है ,प्रथम दिवस मंगलवार को वैसाख शुक्ल त्रयोदशी पंचाग पूजन, वेदीपूजन, जलाधिवास, अन्नादिवास, दि्तीय बुधवार दिवस हवन,न्यास, कर्म, नगर भ्रमण,देव शयन कार्य, तृतीय दिवस गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, महाआरती,महाप्रसादी वितरण,होना है उक्त कार्यक्रम में अमरसिंह पटेल कोसरिया पटेल मरार समाज संरक्षक,बहुर सिंह पटेल अध्यक्ष कोसरिया पटेल मरार समाज सिहावा राज,डिलेश्वर पटेल सचिव, राजू पटेल कोसरिया पटेल मरार समाज सिहावा राज मीडिया प्रभारी ने उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या मेंउपस्थित होकर सफल बनाने की अपील की।

लकड़ी लाने जंगल गए व्यक्ति पर भालू ने किया हमला

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अतिम छोर ग्राम पंचायत ठेन्ही के ग्रामीण जलाऊ लकड़ी लेने जंगल गया था। जिस पर भालू ने हमला कर हाथ को जख्मी कर दिया है। ग्रामीणों ने लक्ष्मण को तत्काल 108 के माध्यम से उपचार के लिये नगरी हॉस्पिटल भेजा। जहां उपचार जारी है। घायल व्यक्ति का नाम लक्ष्मण पिता रामधर ग्राम अर्जुनी निवासी बताया गया है।

सिंचाई विभाग की लापरवाही से समिति को लाखों का नुकसान

पलारी/नवप्रदेश। विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खरतोरा में सिंचाई विभाग की लापरवाही सामने आई है, खरतोरा के बांध में सिंचाई विभाग द्वारा मछुवारा समिति को बिना जानकारी एवं कोई भी प्रकार से सूचना दिए ही बांध को तोड़कर पानी छोड़ा गया। इससे मछली पालन कर रहे समिति को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ गया। गौरतलब है कि यह जय माँ दुर्गा मछुवारा समिति 1998 से पंजीकृत समिति हैं। इसमें 21 सदस्य हैं जो कि करीब 40 वर्षो से मछली पालन कर रहे हैं। वहीं मछुवारा समिति अध्यक्ष गणेशराम धीवर ने बताया कि बिना जानकारी दिए मनमानी करके ऐसा कदम सिंचाई विभाग ने उठाया है, बांध में जल स्तर कम होने से लगभग 10 क्विंटल से अधिक मछली मर गई और लाखों का नुकसान हो गया। गणेशु राम ने बताया कि हमारी समिति में 21 सदस्य हैं जिनका घर मछली पालन से चलता है और अभी लीज का पैसा जमा करना बाकी है, बीज, चारा और जाली भी खरीदने के लिए विभाग में पैसा जमा करना है इतना नुकसान होने से राशि जमा करने में काफी दिक्कत होगी। शासन-प्रशासन से निवेदन की उन पर कार्यवाही कर हर्जाना राशि के रूप में सहयोग करें।

> मछुवारा समिति को मछली नहीं डालना है करके मौखिक सूचना बस दिया था, लिखित में सूचना नहीं दिया गया है।
>
> **वीके सिरमौर** एसडीओ जल संसाधन विभाग

सांसद पांडेय व जिलाध्यक्ष साहू ओडिशा में कर रहे चुनाव प्रचार

कवर्धा/नवप्रदेश। भाजपा हाईकमान ने लोकसभा चुनाव की दृष्टि से राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पांडेय व भाजपा के जिलाध्यक्ष अशोक साहू को ओडिशा के लोकसभा क्षेत्र केंदूझार में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके मद्देनजर सांसद पांडेय व जिलाध्यक्ष साहू धुंआधार प्रचार कर रहे हैं।

सांसद संतोष पांडेय व जिलाध्यक्ष अशोक साहू ने लोकसभा क्षेत्र केंदुझार में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अनंत नायक एवं विधानसभा प्रत्याशी शम्भुनाथ राउत के पक्ष में जनसंपर्क किया और डोर टू डोर रोड शो कर ओडिशा के सर्वांगीण विकास के लिए भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। केंदुझार क्षेत्र की जनता ने उत्साह से प्रदेश के सभी सीटों पर कमल खिलाने का उद्घोष कर रहे हैं। उन्होंने पार्टी के प्रत्याशी को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। लोगों को मोदी की गारंटी एवं सर्वांगीण विकास के लिए डबल इंजन मॉडल की आवश्यकता बताई। ओडिशा प्रवास के दौरान सांसद पाण्डेय व जिलाध्यक्ष साहू ने घटगांव तारिणी मंदिर में माता का दर्शन कर कर समस्त क्षेत्र की खुशहाली की कामना किया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी अनंत नायक एवं विधानसभा प्रत्याशी शम्भुनाथ राउत, भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता उपस्थित थे।

पत्थर मारकर महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- खेत का मेड़ खांचने को लेकर हुआ था विवाद

नवागढ़/नवप्रदेश। विगत दिनों ग्राम बरबसपुर में हुए महिला के अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में एसडीओपी मनोज तिर्की के नेतृत्व में नवागढ पुलिस टीम को 7 दिनों बाद सफलता हाथ लगी। दरअसल खेत के मेड को खांचने की बात को लेकर हुए विवाद में आवेश में आकर आरोपी ने पत्थर से सिर पर वार लर हत्या कर दी थी। जिसे रविवार 19 मई को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया गया है।

आरोपी के ट्रैक्टर ड्राइवर से पूछताछ में मामले का खुलासा हुआ है। कई दिनों से ड्राइवर पुलिस को गुमराह करता है लेकिन अन्ततः उसने सारा घटनाक्रम स्पष्ट कर दिया। गौरतलब है कि सोमवार को

पुलिस को सूचना मिली कि प्रातः 07 से 09 बजे के मध्य रामसागर साहू के खेत के मेड के पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने ग्राम बरबसपुर की कामिन बाई निषाद (65) के सिर में पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी है। पुलिस 7 दिनों तक परीस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर प्रकरण में परिजन एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर सुराग ढूंढने में लगी रही। पूछताछ करने पर कई ऐसी बातें उजागर हुई जो संदेह को जन्म देती थी।

मामले की गम्भीरता के मद्देनजर एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के नेतृत्व में टीम गठित हुई थी। वे मौके पर लगातार बने रहे। आरोपी पतासाजी के लिए मृतक के रिश्तेदार, परिवार, गांव आदि के यहां लगातार पुलिस के पूछताछ करने से पुलिस का दबाव बना।

7 दिनों तक गुमराह करता रहा ड्राइवर

घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद घटना के समय आने जाने वाले किसानों एवं मजदूरों का बयान लिया गया। बयान के आधार पर रामसागर साहू के खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे ट्रेक्टर चालक राकेश साहू पिता अर्जुन साहू उम्र 30 साल निवासी ग्राम बरबसपुर पर पुलिस को संदेह हुआ। उससे पूछताछ करने पर वह हर बार अलग अलग बयान देकर पुलिस को ही गुमराह करने लगा।

ट्रैक्टर चालक के बयान पर हुआ खुलासा

फिर पुलिस ने जब सख्ती बरती तो उसने कि सोमवार के सुबह वह रामसागर साहू के खेत की जुताई करने ट्रेक्टर लेकर पहुंचा था। जुताई के दौरान कुलबुल साहू भी उपस्थित था। उसी समय कामिन बाई निषाद प्लास्टिक का धमेला लेकर अपने लड़के के खेत में उगे धान फसल को देखने आई थी।जुताई के दौरान ट्रैक्टर कमीन बाई के बेटे के खेत के मेड़ के नजदीक चले गया। कामिन बाई ने मेड को खांचने की बात को लेकर कुलबुल साहू से विवाद किया।

जिससे कुलबुल साहू आग बबूला होकर गुस्से में आकर पास में रखे पत्थर से कामिन बाई के सिर पर मार दिया, जिससे कामिन बाई जमीन में गिर गई। उसके बाद कुलबुल साहू ने कामिन बाई के सिर में कई बार वार कर हत्या कर दिया।

50 हजार के लालच में घटना को छुपाया

कुलबुल साहू घटना करने के बाद ड्राइवर को कहा कि तुम घटना के बारे में किसी को मत बताना मैं तुम्हे 50,000 रूपये दूंगा। रूपये के लालच में ड्राइवर राकेश साहू ने किसी को नही बताया। ड्राइवर के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी कुलबुल साहू पिता स्व0 मनबोध साहू उम्र 65 साल निवासी ग्राम बरबसपुर से पूछताछ किया, तो उसने हत्या को करना कबूल किया । मामले में पुलिस ने धारा 201, 34 भी जोड़ा है। आरोपी कुलबुल साहू एवं राकेश साहू को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

निवेशकों का देश बन रहा भारत

पूंजीगत बाजार बनेगा विकास का इंजन : उदय कोटक

नई दिल्ली। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की वार्षिक बिजनेस समिट में कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक और निदेशक उदय कोटक ने कहा कि भारत तेजी से निवेशकों का देश बन रहा है। यह बदलाव काफी उत्साहजनक है।

पैनल में बातचीत के दौरान कोटक ने कहा, अगर भारत को अपने भविष्य को वित्त पोषित करना है तो पूंजीगत बाजार इसके लिए एक विशाल इंजन है। म्यूचुअल फंड में एसआईपी तेजी से बढ़ रही है और एयूएम में भी काफी तेजी से इजाफा हो रहा है। हमें पूंजी आधारित बाजार बनाने की इच्छा को लेकर स्पष्ट होना होगा, लेकिन, हम बाजार की स्थिरता को नहीं छोड़ सकते। हमने अपने बाजारों में वृद्धि देखी है। हमें फंडामेंटल का ध्यान रखना होगा, क्योंकि स्टॉक बाजार का आखिरी उद्देश्य पूंजी बनाना होता है। इसलिए, अटकलें, लेन-देन, मात्रा में वृद्धि इस मूलभूत लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण साधन हैं कि यह देश के विकास के लिए पूंजी जुटाने की इच्छुक कंपनियों के लिए इंजन होनी चाहिए। कोटक ने आगे कहा कि भारत में निवेशकों का विकास होना चाहिए और उन्हें पूंजीगत बाजार में पूंजी बनाने के पूरे मौके मिलने चाहिए। जोखिम को कम करने के लिए मध्यस्थता होना भी पूंजीगत मार्केट के विकास के लिए अनिवार्य है।भारत के 16वें वित्त कमीशन के चेयरमैन, अरविंद पनगढ़िया ने ग्रामीण और शहरी अर्थव्यवस्थाओं के एकीकरण के मुद्दे पर कहा कि हमने पिछले दो दशकों में काफी तरक्की की है। पिछले दो दशकों में डॉलर ने 7.9 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। इस दौरान हमने वित्तीय संकट और कोविड जैसी महामारी का सामना किया है। अभी हमारी अर्थव्यवस्था, जिस दर से बढ़ रही है, 2027-28 तक हम देश की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे।

पेटीएम ट्रैवल कार्निवल में घरेलू उड़ानों, ट्रेन और बस बुकिंग पर छूट

नई दिल्ली। वित्तीय सेवा कंपनी पेटीएम ने पेटीएम ट्रैवल कार्निवल लॉन्च किया, जिसके तहत फ्लाइट, ट्रेन और बसों समेत यात्रा बुकिंग पर विशेष समर डील तथा डिस्काउंट मिलेंगे। स्पेशल सेल 17 से 21 मई तक चलेगा। यूजर पेटीएम के माध्यम से घरेलू उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड SUMMERSALE का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे उन्हें शून्य सुविधा शुल्क और अधिकतम 750 रुपये तक 10 प्रतिशत का डिस्काउंट मिलेगा। अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग के लिए प्रोमो कोड INTLSALE के इस्तेमाल पर अधिकतम दो हजार रुपये तक आठ प्रतिशत की छूट मिलेगी। इसके अलावा सभी फ्लाइट बुकिंग पर निःशुल्क कैंसिलेशन और बेस्ट-प्राइस की गारंटी होगी जिसके तहत एक तरफ की यात्रा या राउंड-ट्रिप टिकट के लिए सबसे कम कीमत सुनिश्चित की जाएगी। पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा, गर्मियों में लोग यात्रा करना चाहते हैं और इसलिए समर ट्रैवल सेल की घोषणा करते हुए हमें खुशी हो रही है जिसमें उड़ानों, ट्रेन और बसों के टिकट पर सबसे ज्यादा छूट उपलब्ध है। हमारा उद्देश्य इन ऑफरों के साथ हमारे ग्राहकों को नये गंतव्यों को जानने और बिना ज्यादा लागत के गर्मी की छुट्टियों का आनंद उठाने में सक्षम बनाना है।

गूगल क्लाउड ने भारत में लॉन्च किया एआई संचालित क्षेत्रीय सिक्योरिटी ऑपरेशन

मुंबई। डेटा के स्थानीयकरण के नियमों का पालन करते हुए गूगल क्लाउड ने एआई संचालित क्षेत्रीय सिक्योरिटी ऑपरेशन (एसईसीओपीएस) को भारत में लॉन्च किया। गूगल क्लाउड सिक्योरिटी की भारत प्रमुख ज्योति प्रकाश ने कहा, आज के इस कठिन दौर में, जहां अच्छी दक्षता वाले लोगों की कमी है और लोगों को तुरंत नए और तत्काल समाधान की आवश्यकता है। ऐसे में गूगल सिक्योरिटी ऑपरेशन में जेमिनी ग्राहकों के लिए काफी मददगार साबित होने वाला है।

इसकी मदद से कंपनियां अपना कंज्यूमर डेटा मुंबई रीजन में स्थित गूगल सिक्योरिटी ऑपरेशन में रख सकती हैं। कंपनी ने बताया कि नया सिक्योरिटी ऑपरेशन सरकारी के साथ निजी कंपनियों की भी सुरक्षित क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर का फायदा उठाने में मदद करेगा। गूगल क्लाउड सिक्योरिटी ऑपरेशन प्लेटफॉर्म को टीमों को सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर (एसओसी) देने के लिए विकसित किया गया है। इसमें मैनुअल प्रोसेस को कम करने के लिए गूगल की ओर से जेमिनी को भी इसमें जोड़ा गया है।पीडब्लूसी इंडिया के ट्रांसफॉरमेशन में साझेदार और मैनेज्ड सर्विसेज लीडर, संग्राम गायाल ने कहा, एआई से संचालित सिक्योरिटी ऑपरेशन आने से संस्थाओं में साइबर जोखिम का खतरा कम हुआ है और किसी साइबर खतरे के जल्दी पता लगने के कारण काम में भी सुधार हुआ है।

विशेष सत्र में 114 अंक चढ़ा सेंसेक्स, मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शनिवार को हल्की तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में खरीदारी देखी जा रही है। सुबह 9:20 तक सेंसेक्स 114 अंक या 0.15 प्रतिशत बढ़कर 74,031 अंक पर और निफ्टी 40 अंक या 0.19 प्रतिशत बढ़कर 20,506 अंक पर था। डिजास्टर रिकवरी साइट टेस्ट होने के कारण बाजार आज दो सत्रों में खुला है। पहला सत्र सुबह 9:15 से लेकर 10:00 बजे तक होगा और दूसरा 11:30 से लेकर 12:30 तक होगा। एक्सचेंजों की ओर से डिजास्टर रिकवरी साइट बनाई गई है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में ट्रेडिंग को इन साइटों पर शिफ्ट किया जा सके। बड़े शेयरों की अपेक्षा बाजार में छोटे मझोले शेयरों में ज्यादा तेजी है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 298 अंक या 0.56 प्रतिशत बढ़कर 51,893 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 142 अंक या 0.84 प्रतिशत बढ़कर 17,013 अंक पर है। सेंसेक्स के 30 में से 26 शेयर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं। पावर ग्रिड, नेस्ले, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और टीसीएस के शेयर सबसे ज्यादा चढ़े। जेएसडब्लू स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी में सबसे ज्यादा गिरावट रही। शुक्रवार के सत्र में अमेरिकी बाजार में तेजी थी। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका के बाजारों में तेजी से वैश्विक संकेत सकारात्मक बने हुए हैं। लोकसभा चुनाव के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

वॉट्सऐप स्टेटस अपडेट में अब वीडियो शेयर करने का फीचर

नई दिल्ली। वॉट्सऐप यूजर्स के लिए एक गुड न्यूज है। कंपनी पिछले कुछ दिनों से लगातार नए-नए फीचर ला रही है। इसी कड़ी अब स्टेटस अपडेट के लिए एक जबर्दस्त फीचर की एंट्री हुई है। इस फीचर के आने से यूजर स्टेटस अपडेट में 1 मिनट के वीडियो शेयर कर सकते हैं।

वॉट्सऐप में आए इस नए अपडेट की जानकारी WABetaInfo ने दी। WABetaInfo ने अपने ऑफिशियल ङ्ग अकाउंट से किए गए पोस्ट में इस फीचर का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। शेयर किए गए स्क्रीनशॉट में आप एक मिनट के वीडियो को स्टेटस अपडेट में शेयर करने वाले फीचर को देख सकते हैं। WABetaInfo के अनुसार यह नया फीचर वॉट्सऐप बीटा फॉर द्बह्लस् 24.10.10.74 में आया है। अगर आप बीटा यूजर हैं, तो इसे आप टेस्टफ्लाइट ऐप में चेक कर सकते हैं। 30 सेकंड की बजाय एक मिनट का वीडियो स्टेटस अपडेट शेयर करने वाला फीचर अभी बीटा यूजर्स के लिए ही रोलआउट हो रहा है। कंपनी बीटा टेस्टिंग के बाद इसके स्टेबल वर्जन को रोलआउट करेगी।



वॉट्सऐप अपने ऐंड्रॉयड यूजर्स के लिए नया फीचर लेकर हाजिर है। यह फीचर पिन किए गए मेसेज को प्रीव्यू करने का ऑप्शन देता है। वॉट्सऐप में आए इस नए फीचर की जानकारी भी WABetaInfo ने दी है। इस फीचर की खास बात है कि यह सीधे पिन्ड मेसेज प्रीव्यू में मीडिया कॉन्टेंट का थंबनेल दिखाएगा। इससे यूजर्स को पिन्ड मेसेजेस को सेलेक्ट किए बिना ही फोटो, वीडियो या दूसरी मीडिया फाइल्स को पहचानने में आसानी होगी। WABetaInfo ने इस फीचर का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। रिपोर्ट के अनुसार स्क्रीन में टॉप पर पिन किए गए मेसेजेस के लिए थंबनेल ऐड करने पर यूजर आसानी से उसके कॉन्टेंट को प्रीव्यू कर सकेंगे।

कस्टमर्स को हेल्दी रखने जोमैटो का फीचर लॉन्च

नई दिल्ली। आनलाइन फूड एग्रीगेटर जोमैटो के सह-संस्थापक और सीईओ दीपिंदर गोयल ने कस्टमर्स के लिए एक नया फीचर लॉन्च किया, जो स्वस्थ विकल्प चुनने में मदद करेगा। शुरुआत करने के लिए, कंपनी ने 'नान' के विकल्प के रूप में 'रोटी' का सुझाव देना शुरू किया है। गोयल ने कहा कि कंपनी ने इन सुझावों के लिए सात प्रतिशत अटैच रेट देखा है, और हमें इस फीचर के लिए काफी पॉजिटिव फीडबैक मिला है।गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, हम जल्द ही इसे अन्य डिश और कैटेगिरी में भी लागू करने की प्लानिंग कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको किसी मिठाई की क्रेविंग हो रही हैं और आप अपने कार्ट में मिठाई जोड़ते हैं, तब हम आपको विकल्प के रूप में कम कैलोरी वाली मिठाई दिखा सकते हैं।मार्च में, गोयल को जोमैटो प्लेटफॉर्म पर 'ग्रीन' यूनिफॉर्म पहनने वाले राइडर्स के साथ 'प्योर वेज मोड' लॉन्च करने के फैसले पर आलोचना का सामना करना पड़ा था।कड़ी आलोचना के बाद, कंपनी ने बाद में देश भर में अपने कस्टमर्स को वेजिटेरियन डिलीवरी देने के लिए कलर को ग्रीन से रेड में बदल दिया। फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 175 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में 188 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। शुक्रवार को कंपनी का शेयर 194 रुपये के आसपास रहा।

ओपनएआई ने कर्मचारियों को दिए शेयर कभी वापस नहीं लिए : सीइओ

नई दिल्ली। ओपन एआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने रविवार को कहा कि उनकी कंपनी ने कभी भी कर्मचारियों को दिए गए शेयर वापस नहीं लिये और न ही भविष्य में ऐसी कोई योजना है।

ऑल्टमैन का स्पष्टीकरण उस रिपोर्ट के बाद आया है, जिसमें यह दावा किया गया था कि दो बड़े अधिकारियों के कंपनी छोड़ने के बाद कंपनी ने उन्हें दिए गए शेयर वापस लेने का फैसला किया है।ऑल्टमैन ने कहा कि अगर कर्मचारी पृथक्करण समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं (या गैर-अपमानजनक समझौते पर सहमत नहीं होते हैं) तो वे ऐसा कुछ नहीं करेंगे।ऑल्टमैन ने बताया कि कंपनी से अलग होने की पहले की पॉलिसी में शेयरों के रद्द होने का प्रावधान था।आगे उन्होंने विस्तार से बताया कि कंपनी ने आज तक कभी भी किसी से शेयर वापस नहीं लिये हैं। हमारे पुराने दस्तावेजों में भी ऐसा कुछ नहीं होना चाहिए था। यह उन कुछ अवसरों में शामिल है, जब वास्तव में ओपनआई चलाने को लेकर मुझे शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा है। मुझे पता होना चाहिए था कि ऐसा भी कुछ चल रहा है।ऑल्टमैन ने कहा कि टीम की ओर से इस प्रोसेस को ठीक कर लिया गया है।आगे उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि अगर किसी पूर्व कर्मचारी ने पुराने दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किया है और उसे चिंता हो रही है तो वह उनसे संपर्क कर सकता है। इसे ठीक कर दिया जाएगा। इसके लिए हम उनसे माफी मांगते हैं।

मिजोरम ने असम को 5-1 से हराया सेमीफाइनल में दिल्ली से मुकाबला

नारायणपुर(छत्तीसगढ़)। मिजोरम ने रामकृष्ण मिशन आश्रम मैदान में असम पर 5-1 से जीत के साथ पुरुष स्वामी विवेकानंद अंडर-20 राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप में अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखा।

मिजोरम ने शानदार फॉर्म के साथ मैच में प्रवेश किया और अपने तीन ग्रुप मैचों में 15 गोल किए और सभी नौ उपलब्ध अंकों के साथ ग्रुप एफ में शीर्ष स्थान हासिल किया।मिजोरम की इस टीम की गोल स्कोरिंग क्षमताओं के बारे में ज्यादा संदेह नहीं था और उन्होंने यह साबित कर दिया जब उन्होंने मैच के दूसरे ही मिनट में लालरेमत्लुआंगा की फ्री किक के जरिए स्कोरिंग की शुरुआत की।असम ने पहले हाफ में संघर्ष दिखाया और उत्तम लिंबू के गोल की बदौलत 18वें मिनट में मैच बराबर कर लिया, जो अभिनाश बोरो के क्रॉस पर हुआ।बॉक्स के बाहर से इमानुएल लालहरुइजेला की बाएं पैर की वॉली से मिजोरम ने 43वें मिनट में शानदार अंदाज में बढ़त बना ली और पहला हाफ 2-1 से समाप्त हुआ। दूसरे हाफ में मिजोरम ने तीन गोल किए, जिसमें लालरेमत्लुआंगा का दिन का दूसरा गोल भी शामिल था, जिसने मैच को 5-1 से जीत लिया।मिजोरम अपने सेमीफाइनल मैच में दिल्ली से भिड़ेगा जिसने अपने क्वार्टर फाइनल में केरल को पेनल्टी शूटआउट में हराया था। जहां मिजोरम और दिल्ली सोमवार को खेले जाने वाले मुकाबले की तैयारी कर रहे हैं, वहीं मणिपुर और कर्नाटक भी उसी दिन अपना सेमीफाइनल खेलेंगे।

अब टी20 विश्व कप में रोहित का समर्थन करूंगा : केएल

मुंबई। लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान के.एल. राहुल ने कहा कि अब वह अपने ससुर के साथ आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा और अपने साथियों को प्रोत्साहित करेंगे। लखनऊ ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में अपने आखिरी मैच में रोहित शर्मा की टीम मुंबई इंडियंस को शुक्रवार रात वानखेड़े स्टेडियम में धूल चटाई। वानखेड़े स्टेडियम में एलएसजी द्वारा मुंबई इंडियंस को 18 रन से हराने के बाद आधिकारिक प्रसारणकर्ता से बात करते हुए राहुल ने कहा, मुझे अब मेरे ससुर का समर्थन मिला है और हम दोनों टी20 विश्व कप में शर्माजी का बेटा (कप्तान रोहित शर्मा,भारत) के लिए जयकार करेंगे। राहुल के जवाब में ब्रॉडकास्टर स्टार स्पोर्ट्स द्वारा राहुल के ससुर और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी द्वारा आईपीएल में स्थानीय टीम मुंबई इंडियंस के शीर्ष स्टार रोहित शर्मा का समर्थन करने वाले प्रचार वीडियो की ओर इशारा किया गया। हालाँकि शेट्टी की जड़ें कर्नाटक में हैं, जहाँ से राहुल भी आते हैं, उन्होंने अपना जीवन मुंबई में बिताया है और एक लोकप्रिय फिल्म स्टार के रूप में नाम कमाया है।आईपीएल शुरू होने से पहले जारी किए गए वीडियो में शेट्टी, जिनकी बेटी अथिया की शादी केएल राहुल से हुई है।

अब किसी भी प्रोजेक्ट के लिए वजन नहीं बढ़ाउंगी

फिल्म पिचाईकरण 2 के गाने नाना बुलुकु के लिए 10 किलो वजन बढ़ाने वाली एक्ट्रेस शिवांगी वर्मा ने अपना वजन घटाने के अनुभव के बारे में बात की और कहा है कि वह किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अपना वजन दोबारा कभी नहीं बढ़ाएंगी।छोटी सरदारनी, रिपोर्टर्स और टीवी, बीवी और मैं में अपने काम के लिए मशहूर एक्ट्रेस ने साझा किया कि वह समर्पण और कड़ी मेहनत से 10 किलो वजन कम करने में सफल रहीं।शिवांगी ने कहा, मैंने इसे किसी तरह मैनेज किया। 69 से 59 तक पहुंचने में मुझे सचमुच एक साल लग गया। मेरे डाइटिशियन को धन्यवाद, मुझे लगता है कि मैं काफी फोकस्ड थी। मेरा वर्कआउट सही था, यही वजह है कि मैं वजन कम करने में सफलता हासिल कर पायी।हालांकि, अब उन्होंने तय कर लिया है कि वो किसी भूमिका के लिए वजन बढ़ाने के लिए सहमत नहीं होंगी।नच बलिए सीजन 6 के फाइनलिस्ट ने कहा, अब, मैं कभी भी किसी प्रोजेक्ट के लिए वजन नहीं बढ़ाऊंगी। अगर मुझे ऐसा करना पड़े तो मैं प्रोजेक्ट को छोड़ दूंगी। वजन कम करने के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में, शिवांगी ने कहा, पहला है सही डाइट लेना, दूसरा है रोजाना वर्कआउट करना और तीसरा है अपनी इच्छाशक्ति को बरकरार रखना। मुझे लगता है कि आपको अपने ऊपर कंट्रोल रखने की जरूरत है। आपकी जीभ ही यह तय करती है कि आप कितना वजन बढ़ाते हैं या घटाते हैं।

सुनील छेत्री की फैंस से अपील : विदाई मैच में आएं

नई दिल्ली। फुटबॉल जगत में सुनील छेत्री एक बड़ा नाम है। सुनील इकलौते भारतीय फुटबॉलर हैं, जिनकी तुलना फैंस रोनाल्डो और मेसी जैसे दिग्गज खिलाड़ियों से करते हैं। यह वही खिलाड़ी हैं जिसने भारतीय फुटबॉल को नए मुकाम तक पहुंचाया है।

भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने संन्यास लेने का ऐलान किया है। वह कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के बाद अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेंगे।

जब छेत्री से कोलकाता में घरेलू दर्शकों से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपने फैंस से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचने और खेल का आनंद लेने की अपील की।सुनील छेत्री ने कहा, बस आएं और हमें प्रोत्साहित करें। हमारे देश में कई शानदार मैदान हैं जिन्होंने इस खेल को और मजेदार बना दिया, लेकिन इन सब में साल्ट लेक शीर्ष पर है। यह मैदान अविश्वसनीय है। यहां ऐसे प्रशंसक हैं जो मोहन बागान, ईस्ट बंगाल, मोहम्मडन एससी या स्थानीय क्लबों के समर्थक हैं, लेकिन अजीब बात है कि ये क्लब उस वर्ष कैसा भी प्रदर्शन कर रहे हों, वे राष्ट्रीय टीम के लिए बड़ी संख्या में आते हैं और अपनी टीम को सपोर्ट करते हैं। एआईएफएफ द्वारा आयोजित किए गए एक वर्चुअल बातचीत में सुनील छेत्री ने कहा, घबराएं नहीं, मुझे पता है कि यह एक बड़ा मैच है। बड़ी संख्या में यहां आएं और मैच का आनंद लें।भारतीय फुटबॉल के 39 वर्षीय दिग्गज खिलाड़ी देश के शीर्ष गोल स्कोरर के रूप में खेल से संन्यास लेंगे। अनुभवी स्ट्राइकर ने ब्लू टाइगर्स के लिए 150 मैच खेले हैं और 94 गोल किए हैं।सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय गोल की सूची में अर्जेंटीना के स्टार लियोनेल मेसी (180 मैचों में 106 गोल) और पुर्तगाल के महान क्रिस्टियानो रोनाल्डो (205 मैचों में 128 गोल) के बाद सुनील छेत्री (150 मैच में 94 गोल) तीसरे स्थान पर हैं।जब छेत्री से भारत की जर्सी में अंतिम मुकाबले पर उनकी भावनाओं के बारे में पूछा गया, तो कप्तान ने कहा, फिलहाल, हम सिर्फ कुवैत के बारे में सोच रहे हैं।अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने के फैसले के बारे में छेत्री ने कहा कि वह फिटनेस या उम्र नहीं बल्कि मानसिक पहलू के कारण इस फैसले पर पहुंचे हैं।छेत्री ने कहा, संन्यास का फैसला शारीरिक पहलू के कारण नहीं था, मैं अभी भी फिट हूं, दौड़ रहा हूं और कड़ी मेहनत कर सकता हूं, लेकिन मेरे संन्यास लेने के फैसले का कारण मानसिक पहलू है।

अक्षय कुमार के साथ रोमांस करती दिखेंगी आलिया भट्ट

हेरा फेरी, भूल भुलैया जैसी हिट फिल्में देने वाले निर्देशक प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की जोड़ी फिर धमाल मचाने की तैयारी में है। फिल्म खट्टा मीठा की रिलीज के करीब 14 साल बाद दोनों साथ आ रहे हैं। खबर है कि यह काले जादू की पृष्ठभूमि पर हॉरर कॉमेडी फिल्म है। दोनों अपनी इस अनाम हॉरर कामेडी फिल्म की शुरुआत दिसंबर में करेंगे। फिल्म में मुख्य अभिनेत्री के तौर पर आलिया भट्ट, कियारा आडवाणी और कीर्ति सुरेश को प्रमुख दावेदार बताया जा रहा है । खबरों के मुताबिक प्रियदर्शन की स्क्रिप्ट में अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करने के लिए सशक्त अभिनेत्री की आवश्यकता है। निर्माताओं ने आलिया, कीर्ति और कियारा से संपर्क किया है। स्क्रिप्ट पर उनकी प्रतिक्रिया, तारीखों की उपलब्धता और फीस के आधार पर उनका चयन होगा। आलिया भट्ट अगर अपनी सहमति देती हैं, तो यह उनके 12 साल के करियर में अक्षय के साथ नायिका के रूप में पहली फिल्म होगी। फिल्म का पहला शेड्यूल आठ दिसंबर से लंदन में शुरू होने की उम्मीद है। उसके बाद, टीम उत्तर प्रदेश और गुजरात का रुख करेगी। इस हॉरर कॉमेडी को बड़े पैमाने पर बनाने की तैयारी है। अगले साल फरवरी तक शूटिंग पूरी कर ली जाएगी। अक्षय कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें, तो एक्टर के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं। इनमें जॉली एलएलबी 3, सरफिरे और वेलकम टू द जंगल जैसी मच अवेटेड फिल्में शामिल हैं। अक्षय कुमार आखिरी बार बड़े मियां छोटे मियां में नजर आए थे, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर ये फिल्म फ्लॉप साबित हुई। ईद पर रिलीज हुई बड़े मियां छोटे मियां का बिजनेस रिलीज के चंद दिनों में ही डांवाडोल हो गया। फिल्म में अक्षय कुमार के साथ लीड रोल में टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल थे।

■ न्यूज गैलरी

सात फेरे लेने से पहले दुल्हा दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। बारात रवाना होने तैयार पूर्ण हो चुकी थी और दुल्हे को सात फेरे लेने में कुछ ही घंटे शेष रह गए थे। इसके पहले ही दैहिक शोषण की शिकायत पर दुल्हा बारात लेकर जाने के बजाए पुलिस के साथ जेल पहुंच गया। सिविल लाइन थाना रामपुर पुलिस के समक्ष क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने आकर शिकायत दर्ज कराई कि सक्ती के ग्राम डभरा में रहने वाला नंदलाल निषाद के साथ उसका प्रेम संबंध है और नंदलाल ने विवाह करने का झांसा देकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। बाद में विवाह करने के नाम पर टालमटोल करते रहा और अब दूसरी लड़की से शादी कर रहा है। इस पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और एक टीम डभरा के लिए रवाना किया। जहां बारात रायगढ़ जाने के लिए निकलने की तैयारी चल रही थी, इसके पहले ही पुलिस ने दुल्हा बने नंदलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके खिलाफधारा 376 के तहत मामला कायम कर वैधानिक कार्रवाई की और न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। दुल्हा के गिरफ्तार होने की सूचना मिलते ही दुल्हन पक्ष के घर में तैयारी धरी की धरी रह गई।

35 लीटर महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। आबकारी विभाग का सूचना मिली कि ग्राम सकरेली (बा) निवासी दूजराम लहरे(30) पिता बहेलिया अपने घर में बड़ी मात्रा में महुआ शराब छिपाकर रखा हैऔर बिक्री कर रहा है। सूचना पर टीम गांव पहुंची और दूजराम के घर की तलाशी ली। जहां दो प्लास्टिक के डिब्बा में 35 लीटर महुआ शराब मिला। टीम ने आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

दहेज में कार नहीं मिलने पर पत्नी को किया प्रताड़ित, जुर्म दर्ज

कोरबा/नवप्रदेश। विवाह के बाद पांच लाख नगद व कार नहीं देने पर पति, सास समेत तीन लोगों के विरूद्ध प्रताड़ित किए जाने का आरोप विवाहिता ने लगाया है। मामले को पुलिस ने विवेचना में लिया है। पोड़ी बहार निवासी विवाहिता ने पुलिस को बताया कि उसका विवाह चार दिसंबर 2022 को सामाजिक रीति रिवाज से बुधवारी क्षेत्र में रहने वाले एक युवक के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों के बाद दहेज के नाम पर सास, पति व देवर द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। उसने आरोप लगाया कि सास उसे लगातार परेशान करने थी और जब इसकी जानकारी पति को दी, तब पति भी अपनी मां का पक्ष लेते हुए उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट करता। साथ ही शादी के दौरान दहेज में पांच लाख रुपए या फिर कार नहीं देने की बात कहते हुए प्रताडित करते। बार- बार की प्रताड़ना से त्रस्त होकर आखिरकार वह घर छोड़ कर मायके आ गई। विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति, सास व देवर पर केस दर्ज कर लिया है।

तीन दिन से गायब युवक घर में फांसी पर लटका मिला

बिलासपुर/नवप्रदेश। सरकंडा क्षेत्र के चिल्हाटी में एक सूने मकान में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिली है. घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. मृतक की पहचान तालापारा निवासी मोहम्मद असद के रूप में हुई है. मामले की शुरुआती जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र के तालापारा भारत चौक में रहने वाला मोहम्मद अरसद तीन दिन पहले घर से निकला था. इसके बाद वो घर नहीं आया. जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे. इधर सरकंडा के चिल्हाटी स्थित सूने मकान में युवक की फांसी पर लटकी लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक की पहचान कराई.

राशन घोटाला मामले में पूर्व नपं अध्यक्ष के साथ 3 पर एफआईआर दर्ज

कवर्धा/नवप्रदेश। राशन घोटाले की जांच में शिकायत सही पाए जाने पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास सहित 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है. शासकीय उचित मूल्य के संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर सोसायटी संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है. सहसपुर लोहारा क्षेत्र में संचालित शासकीय राशन दुकान के हितग्राहियों ने दुकान से 500 लोगों को राशन दिया था, लेकिन सेल्समैन मनहरण श्रीवास ने बीते दो माह से महज 200 लोगों को ही राशन दिया है, शेष 300 लोगों को राशन देने में आनाकानी कर रहा है. जबकि सेल्समैन पहले से ही उनका फिंगर प्रिंट ले चुका है, उसके बाद भी उन्हें सरकार से मिलने वाला 35 किलो चावल नहीं दिया जा रहा है. हितग्राहियों की शिकायत पर खाद्य अधिकारी ने जांच टीम गठित की, जिसने पाया कि करीबन 16 लाख रुपए के राशन की गड़बड़ी हुई है. इसके बाद राशन गबन के आरोप में खाद्य विभाग ने राशन दुकान संचालन समिति अध्यक्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उषा श्रीवास के साथ सेल्समैन मनहरण श्रीवास के खिलाफ सहसपुर लोहारा थाना में मामला दर्ज कराया।

कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर का हिस्सा टूटकर गिरा

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल की कुसमुंडा खदान में निर्माणाधीन बंकर का एक हिस्सा अचानक गिर गया। घटना के वक्त कर्मचारी भोजन अवकाश पर गए थे, इसलिए किसी तरह की अप्रिय घटना टल गई। इस घटना से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड (एसईसीएल) की मेगा परियोजना कुसमुंडा में बंकर का निर्माण किया जा रहा है। ताकि कोयला को सीधे कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ऊपर भेजा जा सके।

रविशंकर यूनिवर्सिटी ने बदली सेमेस्टर एग्जाम की तारीखें

■ **18 और 19 जून को होने वाली थी परीक्षा अब जारी किया नया टाइम टेबल**

रायपुर/नवप्रदेश। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षाओं की तारीखों में बदलाव किया गया है। यूनिवर्सिटी ने कई विषयों के टाइम टेबल बदल दिया है। इसके साथ ही नया टाइम टेबल भी विश्व विद्यालय की ओर से जारी किया गया है।

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने एम.कॉम, एमए, एमएससी द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर समेत कई विषयों के टाइम टेबल में भी बदलाव किया है।

ये है नया टाइम टेबल

एम. कॉम दूसरे सेमेस्टर के लिए 18 जून को होने वाली परीक्षा अब 1 जुलाई को होगी। एम.कॉम चौथे सेमेस्टर की 19 जून को होने वाली परीक्षा अब 4 जुलाई को होगी। एमए, एमएससी के दूसरे सेमेस्टर की 18 जून को होने वाली परीक्षा अब 1 जुलाई को और एम.ए, एमएससी चौथे सेमेस्टर के 19 जून को होने वाली परीक्षा अब 4 जुलाई को होगी।

इन परीक्षाओं के समय में भी बदलाव

बीएड, एमएड, बीपीएड, एमपीएड, बीएड स्पेशल एजुकेशन दूसरे सेमेस्टर की 18 जून को होने वाली परीक्षा अब 3 जुलाई को और चौथे सेमेस्टर की 19 जून को होने वाली परीक्षा अब 5 जुलाई को कराई जाएगी। BBA दूसरे और छठवें सेमेस्टर की 18, 19 जून को होने वाली परीक्षा अब 5 और 6 जुलाई को होगी।

अब यूपीआई और क्यूआर कोड जैसे डिजिटल पैमेंट के जरिए भी होगी शराब की बिक्री

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश में अब शराब खरीदने के लिए चिल्हर का झंझट नहीं रहेगा। आबकारी विभाग शराब की बिक्री यूपीआई के जरिए आनलाइन करने जा रहा है । सबकुछ सामान्य रहा तो जून के दूसरे सप्ताह से शराब कैशलेस खरीदी जा सकेगा। पिछली सरकार के समय हुए तीन हजार करोड़ के शराब घोटाले के पीछे नगद खरीदी ही रही है। इसके चलते एक बड़ा सिंडीकेट बना जिसने ओवर रेट पर शराब बेचकर करोड़ों के वारे ने सारे किए। आज इस सिंडीकेट कई किंगपिन जेल में है। इस सिंडीकेट से छत्तीसगढ़ की छवि पर भी दाग लगा। और आबकारी विभाग को राजस्व कि भी हानि उठानी पड़ी।

रोजाना प्रदेश में करीब 35 करोड़ की बिक्री

मिली जानकारी के अनुसार विभाग व और कारोबार करने वाले मार्केटिंग कंपनी (सीजीएमएससीएल) ने इससे उबरने अब शराब की खरीदी बिक्री को आनलाइन करने की तैयारी पूरी कर ली है। रोजाना प्रदेश में करीब 35 करोड़ की देशी विदेशी शराब पी जाती है। जो नगद में बेची जाती है। अब यह सब कुछ एसबीआई के जरिए यूपीआई से होगा। शराब निगम ने अपनी सभी छह सौ से अधिक दुकानों का अलग अलग यूपीआई अकाउंट बैंक में खोल दिया है । इसके क्यू आर कोड के जरिए शौकीन शराब लेकर पेमेंट आनलाइन कर सकेंगे। फिलहाल यह सिस्टम प्रीमियम दुकानों में पायलट प्रोजेक्ट के तहत शुरू किया जा रहा है उसके बाद सभी देशी, अंग्रेज़ी शराब दुकानों में भी शुरू किया जाएगा।

ओवर रेटिंग और चिल्हर की समस्या से मिलेगी निजात

निगम के एमडी अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि इससे ओवर रेटिंग और चिल्हर की समस्या भी नहीं रहेगी। दुकानों के कर्मी चिल्हर नहीं है कहकर राउंडफिगर मैं लेकर बड़ी राशि एकत्रित कर आपस में बांट नहीं सकेंगे । वहीं उपायुक्त आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि यह सिस्टम रेवेन्यू लॉस रोकने में मदद करेगा। और विभाग अपने सालान 11 हजार करोड़ के लक्ष्य को हासिल कर सकेगा। अफसरों के मुताबिक इसके बाद भी यदि अधिक वसूली होती है तो खरीदार टोल फ्री नंबर 14405 पर कॉल कर शिकायत कर सकेंगे।

दुकान के पीछे का दरवाजा तोड़ तीन लाख के जेवरात चोरी

■ **सीसीटीवी फुटेज व डाग स्कायड की ली जा रही है मदद**

कोरबा/नवप्रदेश। दुकान के स्टोर का सेंटर लाक तोड़ने में असफल रहने पर चोरों ने पीछे का दरवाजा तोड़ा और अंदर घुस कर नकद राशि समेत सोने- चांदी के जेवरात की चोरी कर ली। चोरी गए सामान की कीमत लगभग तीन लाख रूपए बताई जा रही है। पुलिस मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत यह घटना कटघोरा- कासनिया मुख्य मार्ग के किनारे स्थित कान्हा स्टोर में घटित हुई। नीचे दुकान और उसके ऊपर एक मंजिला मकान बना हुआ है। कान्हा स्टोर के संचालक आशु मित्तल ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की रात दुकान बंद कर अपने घर चले गए और खाना खाकर सो गए। सुबह जब नींद खुली, तब दुकान में चोरी होने की जानकारी मिली। दुकान के अंदर का सामान बिखरा हुआ और गल्ला भी टूटा था। चोरों ने चांदी के सिक्के, सोने के जेवरात समेत लगभग तीन लाख का सामान पार कर दिया था। इसके अलावा चोरों ने अन्य कमरों में भी चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहे। दुकान संचालक आशु मित्तल की शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही है।

चोरी की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धरम तिवारी अपने स्टाफ के साथ स्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थल निरीक्षण करने के साथ ही जांच कार्रवाई शुरू की। डाग स्क्वायड की भी मदद ली गई और डाग बाघा ने के माध्यम से आरोपितों का पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी तिवारी ने बताया कि मामले में पुलिस ने दुकान संचालक व उसके स्वजनों का बयान लिया है।

धमतरी पुलिस की तत्परता ने बाइक को चोरी होने से बचाया

धमतरी/नवप्रदेश। आज दिनांक को दोपहर 2 बजे प्रार्थी विनोद गांधी धमतरी ने कमल भोजनालय बस स्टैंड से अपने याम्हा मोपेड की चोरी होने की सूचना अर्जुनी थाना प्रभारी को दी जिसने अर्जुनी थाना प्रभारी द्वारा तत्काल कोतवाली थाना के उप निरीक्षक विनोद शर्मा को सुचना देकर पैट्रोलिंग टीम को भिजवाये।पेट्रोलिंग टीम ने आस पास के एवं सीसीटीवी फुटेज भी देखा,पेट्रोलिंग टीम ने बस स्टैंड के आस पास सघन पेट्रोलिंग भी की गई। जिससे चोर डर गया और स्टेशन पारा में चोरी किए याम्हा मोपेड को छोड़कर भाग गया।जिसको कोतवाली पुलिस की टीम ने तत्काल कब्जे में लेकर प्रार्थी को सुपुर्द किया। प्रार्थी ने धमतरी पुलिस की इस तत्परता के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त कार्यवाही में निरी.राजेश मरई,उनि.विनोद शर्मा,आर.भूनेश्वर त्रिपाठी, मिथिलेश,तिवारी का विशेष योगदान रहा।

प्रार्थी ने मोपेड चोरी होने की सूचना कोतवाली पुलिस को मोबाईल से दी

आधुनिक जीवन शैली की बीमारियों से मुक्ति का कारगर माध्यम है योग

■ **एम्स के 'योगोत्सव-2024' में चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों ने सीखे योग आसन**

रायपुर/नवप्रदेश। योग को दैनिक दिनचर्या में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की ओर से विशेष 'योगोत्सव-2024' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न योग आसन की मदद से आधुनिक जीवन शैली की कई बीमारियों को दूर करने के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

'योगोत्सव-2024' में प्रमुख रूप से विभिन्न प्रकार के आसन से शरीर को मजबूत बनाने, प्राणायाम की मदद से आक्सीजन लेकर खुद को तनाव मुक्त करने और शरीर को स्वस्थ रखने की विभिन्न विधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने कहा कि स्वस्थ रहने में योग का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में मोटापा, शुगर और बीपी के बढ़ते रोगियों की संख्या को देखते हुए योग के माध्यम से इन्हें दूर करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि योग किसी भी आयुवर्ग में किया जा सकता है। इससे स्वास्थ्य चुनौतियों का आसानी के साथ मुकाबला संभव है।

इस अवसर पर मेडिकल ऑफिसर (योग) डॉ. विक्रम पई ने कहा कि योग पर निरंतर शोध और अनुसंधान से सिद्ध हुआ है कि कई बीमारियों का कारगर इलाज योग के माध्यम से संभव है।

कार्यक्रम में एसपी संतोष सिंह, आयुष के संयुक्त निदेशक सुनील दास, विवेक भारती, प्रो. आलोक अग्रवाल, अधिष्ठाता (शैक्षणिक), प्रो. रेनू अग्रवाल, चिकित्सा अधीक्षक सहित विभिन्न चिकित्सकों, पुलिस अधिकारियों, सीफेट और आयुर्वेद कालेज से आए प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सड़क हादसे में फिर गई युवक की जान

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में सड़क दुर्घटनाएं कम होने की नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की जान चली गई है। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव स्वजनों को सौंप दिया है।

कटघोरा थाना अंतर्गत यह घटना छुरी- कटघोरा के बीच घटित हुई। बताया जा रहा है कि ग्राम छुरी निवासी केशव चैहान अपनी बाइक में सवार होकर कटघोरा किसी कार्यवश जा रहा था। इसी दौरान मार्ग में किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम ने उसे कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया। जहां प्राथमिक उपचार के स्थिति गंभीर देखते हुए उसे कोरबा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, पर यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मर्ग पंचनामा की कार्रवाई कर पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव स्वजनों को सौंप दिया है। अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध कायम कर पुलिस पतासाजी कर रही है। यहां बताना होगा कि जिले में लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है और लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है। घटना की मुख्य वजह तेज रफ्तार होना है। चालक वाहन तेज गति से चला रहे हैं और अनियंत्रित होने पर टक्कर हो रही है।

गैस सिलेंडर लोड ट्रक ने एसईसीएल कर्मी को रौंदा

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा- अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम लमना के पास हुई घटना में एक एसईसीएल कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद दुर्घटनाकारित वाहन चालक मौके से फरार हो गया था, पर बांगो पुलिस ने घटना स्थल से दो किलोमीटर दूर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि एसईसीएल कुसमुंडा में कार्यरत कर्मी शिव नारायण गुप्ता 40 वर्ष ड्यूटी समाप्त कर कुसमुंडा से अपने गृहग्राम भटगांव दुपहिया दो पहिया वाहन से जा रहा था। इसी दौरान कटघोरा- अंबिकापुर मुख्य मार्ग अंतर्गत ग्राम लमना के पास मोड पर सामने से आ रही तेज रफ्तार रसोई गैस लोड ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 6904 ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

4.50 लाख की ठगी का मामला धोखे में रखने वाले बैंक पर जुर्माना

कोरबा/नवप्रदेश। बैंक उपभोक्ता से चाढ़े चार लाख से अधिक की ठगी और पेनाल्टी रकम के विरूद्ध जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में परिवाद दायर किया गया था। जिस पर आयोग ने राशि का देनदार परिवादी को नहीं होना पाते हुए उसे देनदारी से मुक्त किया है। साथ ही आर्थिक व मानसिक प्रतिपूर्ति के एवज में बैंक को राशि देनी होगी। बालको थानांतर्गत इंदिरा मार्केट में विजय कुमार साहू (42 वर्ष) निवासरत है। उसका निजी खाता वर्ष 2012 से एक्सिस बैंक कोरबा में है।

2019 से उसका क्रेडिट कार्ड खाता संचालित है। 19 नवंबर 2023 की दोपहर उसके क्रेडिट कार्ड खाता को हैक कर चार लाख 14 हजार 831 व 36 हजार 424 कुल चार लाख 51 हजार 255 रुपए काटकर गैर व्यक्ति रिलायंस बीपी मोबाइल एसबीआई में ट्रांसफर कर दिया गया। जिसकी जानकारी होने पर तत्काल क्रेडिट कार्ड के पीछे अंकित काल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई गई। महिला कर्मचारी द्वारा शिकायत दर्ज करने की जानकारी दी गई। साथ ही शिकायत नंबर भी प्रदान किया गया। काल सेंटर के द्वारा 19 नवंबर को दोपहर 1.40 बजे क्रेडिट कार्ड और बचत खाता को ब्लाक किया गया। उपभोक्ता को किया गया कि उनकी रकम सुरक्षित है। अभी राशि ट्रांसफर नहीं हुई है। 24 घंटे में राशि वापसी की बात कही गई।

19 नवंबर को 2.10 बजे रिफंड का मैसेज भी आया तो परिवादी आश्वस्त हो गया कि रकम सुरक्षित है। दूसरे दिन अचानक परिवादी के मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके खाते का ओटीपी पास होने की वजह से राशि का आहरण हो गया है।

एसबीएच हॉस्पिटल ने किया मातृत्व को नमन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित प्रसिद्ध एस.बी.एच. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल ने हाल ही में स्वास्थ्य जागरूकता पर एक अनूठे कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें स्वास्थ्य जागरूकता के साथ-साथ मातृ दिवस समारोह भी शामिल किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था, बल्कि माताओं के त्याग और समर्पण का भी सम्मान करना था।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला गया। जिन में विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर, एच.पी.वी. वैक्सीन, आई.वी.एफ उपचार और कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी शामिल थे। सर्वाइकल कैंसर पर चर्चा के दौरान इस घातक बीमारी के लक्षण, जाँच के तरीकों, बचाव, और उपचार के विभिन्न विकल्पों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, इस बात पर भी बल दिया गया कि 9-14 वर्ष की आयु में एच.पी.वी. वैक्सीन सबसे ज़्यादा प्रभावी होता है।

कार्यक्रम का एक सराहनीय पहलू उन दंपत्तियों के लिए आयोजित किया गया सत्र था, जो आई.वी.एफ प्रक्रिया का लाभ ले रहे हैं। इस सत्र में एस.बी.एच. हॉस्पिटल द्वारा सफल आई.वी.एफ उपचारों की कई रोचक कहानियां भी साझा की गईं, जिसने निःसंतान दंपत्तियों को आशा एवं प्रेरणा की नई किरण प्रदान की। साथ ही कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक मैग्नेटिक चेयर का अनावरण भी किया गया।

इसके अलावा, महिलाओं के लिए उपलब्ध नवीनतम कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजी प्रक्रियाओं पर एक व्यापक चर्चा हुई।

कुल मिलाकर, एस.बी.एच. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और माताओं का सम्मान करने की दिशा में एक सार्थक पहल रहा। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. स्वाति महोबिया का विशेष योगदान रहा। वे विगत 22 वर्षों से एस.बी.एच. हॉस्पिटल में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। डॉ. महोबिया बॉम्बे और जर्मनी से प्रशिक्षित हैं और समाज कल्याण तथा महिलाओं के उत्थान के क्षेत्र में निरंतर उल्लेखनीय कार्य कर रही हैं, जिसके लिए विभिन्न संस्थानों द्वारा उन्हें बहुत से पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।